

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

दैनिक हिन्दी समाचार समाज जागरण RNI NO. UPHIN/2021/84200

वर्ष: 2 अंक: 30 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 10 नवम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## इजरायल-हमास जंग के बीच भारत में अमेरिकी रक्षा मंत्री ने किया लैंड

नई दिल्ली. अमेरिकी के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन इजरायल-हमास जंग के बीच गुरुवार को दो दिवसीय भारत यात्रा पर पहुंचे. आज ही यह खबर सामने आई है कि अमेरिका इजरायल को स्पाइस बम जैसे घातक हथियार देने जा रहा है. ऐसे में मन में सवाल उठना उठना लाजमी है कि आखिर अमेरिकी रक्षा सचिव के भारत दौरे का मकसद क्या है. दरअसल, लॉयड ऑस्टिन 5वीं भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के लिए दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे है. यह वार्ता 9 और 10 नवंबर को यानी आज और कल होनी है.

भारतीय समकक्ष राजनाथ सिंह ने उनका स्वागत किया. अपनी



भारत यात्रा के बाद, ऑस्टिन कोरिया और इंडोनेशिया की भी यात्रा करेंगे. यह इंडो-पैसिफिक की उनकी 9वीं यात्रा होगी. दौरे पर आए अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन को सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया. रक्षा सचिव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया, "भारत, कोरिया गणराज्य और इंडोनेशिया के रास्ते में @एंड्रयूज़जेबीए पर पहुंचें." वार्ता में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन भी अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे. वो शुक्रवार को भारत पहुंचेंगे. भारतीय पक्ष का नेतृत्व राजनाथ सिंह सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर करेंगे. सिंह और जयशंकर का 'टू प्लस टू' संवाद के इतर अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें करने का भी कार्यक्रम है, जिसमें तेजी से विस्तारित होते भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों की व्यापक समीक्षा किये जाने की उम्मीद है

'टू प्लस टू' वार्ता और द्विपक्षीय बैठक के दौरान कई रणनीतिक, रक्षा और प्रौद्योगिकी मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है. अमेरिका के मंत्री ऑस्टिन ने आखिरी बार जून में भारत की यात्रा की थी और सिंह से मुलाकात की थी.

## अयोध्या में योग कैबिनेट की पहली बैठक

### योगी आदित्यनाथ ने कैबिनेट मंत्रियों के साथ भगवान रामलला के दर्शन किये, 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह, 5 हजार करोड़ के प्रस्ताव पर लगी मुहर

राजेश तिवारी/समाज जागरण

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में पहली कैबिनेट बैठक से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला के दर्शन-पूजन किया। साथ में, 18 कैबिनेट मंत्री भी मौजूद हैं। यहां योगी, अपने मंत्रियों के साथ इलेक्ट्रिक बस में बैठकर पहुंचे थे। इस दौरान, खिड़की से हाथ हिलाकर उन्होंने अभिवादन स्वीकार किया। रामलला के दर्शन के बाद योगी सभी कैबिनेट मंत्रियों के साथ सरयू होटल में लंच करने वाले हैं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय कथा धाम में कैबिनेट बैठक में शामिल हुये। योगी करीब 12.30 बजे कैबिनेट बैठक के बाद प्रेसवार्ता भी किया। दरअसल, 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पहले योगी अयोध्या में कैबिनेट बैठक करके बड़ा संदेश दे रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 भी करीब है।

सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज अयोध्या में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। 'राम नगरी' में कैबिनेट की यह पहली बैठक है।सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह 11 बजे अयोध्या स्थित रामकथा पार्क पहुंचे। फिर उन्होंने मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के साथ हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन किया, इसके बाद योगी कैबिनेट ने श्री राम जन्मभूमि परिसर और रामलला विराजमान मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने मंत्रियों के साथ राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण स्थल का भी दौरा किया। इसके बाद कैबिनेट की बैठक अयोध्या के




अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में शुरू हुयी, इसमें सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ उनके तमाम मंत्री मौजूद रहे. मीटिंग में कई बड़ी घोषणाएं की गईं हैं ।अयोध्या में योगी कैबिनेट की बैठक की खूब चर्चा हो रही है।

### क्यों चुनी गई 9 नवंबर की तारीख?

अयोध्या में योगी कैबिनेट की बैठक आयोजित करने के लिए खासतौर पर 9 नवंबर की तारीख चुनी गई है। क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2019 में इसी तारीख को अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने वाला फैसला सुनाया था। इसके अलावा 9 नवंबर 1989 को ही विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम मंदिर की पहली आधारशिला रखी थी।

इन प्रस्तावों पर लगी मुहर अयोध्या तीर्थ विकास परिषद का गठन होगा

### देवीपाटन तीर्थ विकास परिषद के गठन पर मुहर लगी

**अंतदेर्शीय जलमार्ग का गठन**

बैठक के बाद सीएम योगी ने कहा- आज यूपी के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा है। यूपी सरकार की पूरी कैबिनेट अयोध्या धाम आई है। यूपी के विकास को लेकर आज अहम बैठक हुयी।मालूम हो कि केंद्र और राज्य सरकार की 30500 करोड़ रुपये से ज्यादा की 178 योजनाएं पहले से ही अयोध्या में चल रही हैं। कुल 178 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। कुल 14 प्रस्ताव कैबिनेट बैठक में आए हैं ।यूपी में पहली बार अंतदेर्शीय जलमार्ग का गठन हो रहा है।पर्यटन के साथ-साथ यूपी को एक्सपोर्ट में आगे बढ़ाने का काम हुआ है।

## संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू, इन अहम विधेयकों के पेश होने की संभावना

नई दिल्ली. संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसंबर से शुरू हो रहा है. संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इसकी जानकारी एक्स पर पोस्ट कर दी. उन्होंने बताया कि विंटर सेशन 4 दिसंबर से 22 दिसंबर तक चलेगा. इन 19 दिनों में 15 बैठकें होंगी. उन्हें उम्मीद है कि अमृतकाल के बीच सत्र के दौरान विधायी कामकाज और अन्य विषयों पर गंभीर चर्चा होगी. बता दें कि इस बार पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे तीन दिसंबर को आएंगे और इसके ठीक अगले दिन से शीतकालीन सत्र शुरू होगा.

## सीएम का आगमन आज, लाँजी छोड़ पांच विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए करेंगे चुनावी सभा

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ

बालाघाट।( 10 नवम्बर )मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक दिवसीय बालाघाट आगमन आज हो रहा हैं। जिले की पांच विधानसभा में चुनावी सभा करेंगे, केवल लाँजी विधानसभा में सभा करने का अभी तक कोई समय निश्चित नहीं हुआ हैं बाकी पांच विधानसभा बैहर, बालाघाट, कटंगी, वारासिवनी और परसवाड़ा में ताबड़तोड़ चुनावी सभा करने का समय निश्चित हो गया हैं जिसमे बैहर विधानसभा के गढ़ी से इसकी शुरूआत होगी।

**भगत सिंह नेताम के पक्ष में करेंगे चुनावी सभा**

जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सबसे पहले बैहर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम गढ़ी में विशाल जन सभा को सम्बोधित करेंगे। जहाँ तय समय के अनुसार दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री का उड़नखटोला उतरेगा और यही से



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बैहर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम के लिए चुनावी सभा करेंगे जो लगभग चालीस मिनट का होगा,इसके बाद यहां से उड़कर बालाघाट के भरवेली में भाजपा प्रत्याशी गौरी शंकर बिसेन, परसवाड़ा,वारासिवनी और कटंगी में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## सार्वजनिक काली मंदिर पलासी-पटेगना में तीन सौ वर्षों से होती है पूजा

अररिया/प्रदीप/अखिलेश।

अररिया प्रखंड के किस्मत खवासपुर पंचायत के पलासी गांव में स्थित सार्वजनिक काली मंदिर में तीन सौ वर्षों से पूजा अर्चना की जाती है। यह मंदिर सिद्धिपीठ के रूप में जाना जाता है। वैसे तो सालों भर दूरदराज से भक्त यहां आकर मन्नतें मांगते हैं लेकिन काली पूजा के अवसर पर मां काली की भव्य मूर्ति बनाकर पूजा अर्चना की जाती है। इस मंदिर का स्थापना कब हुआ इस बात का कोई ठोस प्रमाण अबतक उपलब्ध नही है लेकिन गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि तीन सौ वर्षों से भी अधिक समय से यहां पूजा पाठ हो रहा है। पूजा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेते हैं। हालांकि मनोकामना पूर्ण होने पर यहां छागर बलि किया जाता है लेकिन काली पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में छागर बलि भी किया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में



फुस के घर में पूजा किया जाता था लेकिन लगभग 25 वर्ष पूर्व मंदिर भवन का निर्माण कराया गया तथा पांच वर्ष पूर्व पुनः मंदिर के भवन का जीर्णोद्धार करवाकर भव्य मंदिर बनाया गया। प्रत्येक वर्ष मिट्टी का मूर्ति बनाकर पूजा की जाती है। शुरू से एक ही परिवार के मूर्तिकार यहां मूर्ति बनाते आ रहे हैं। वर्तमान समय में पटेगना निवासी मूर्तिकार नारायण पंडित मूर्ति बनाते हैं। मंदिर कमिटी के सदस्यों ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से पूजा किया जाता है। गांव में किसी भी तरह का समस्या आने पर मां की विशेष पूजा की जाती है। मंदिर में सालों भर संध्या आरती होती है जिसमें सैकड़ों लोग शामिल होते हैं इसके अलावे प्रत्येक मंगलवार को कीर्तन-भजन व पूर्णिमा के अवसर पर रामचरित मानस पाठ किया जाता है।

काली पूजा के मौके पर वर्ष 1960 से जिले के चर्चित अनामिका नाट्य कला परिषद पलासी द्वारा पारम्परिक नाटक का मंचन किया जाता है। जिसको लेकर दशहरा के बाद से ही नाटक कमिटी के सदस्य नाटक का चयन कर रिहर्सल करते हैं।

## पाकिस्तान जीता तो भी होगा वर्ल्ड कप से बाहर!

### श्रीलंका ने बिगाड़ा समीकरण, सेमीफाइनल की तस्वीर हुई साफ

समाज जागरण

**नई दिल्ली.** भारत में खेले जा रहे आईसीसी वनडे वर्ल्ड के सेमीफाइनल की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है. भारत, साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बाद ने अगले दौर में जगह पक्का किया था. टूनार्मेंट के सेमीफाइनल की एक स्थान के लिए न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रेस थी. इसे न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ बड़ी जीत के साथ लगभग खत्म कर दिया. पाकिस्तान की उम्मीद अब ना के बराबर बची है. नामुमकिन जैसा लक्ष्य हासिल करना होगा. आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप में अब पाकिस्तान के लिए सेमीफाइनल के रास्ते लगभग बंद हो चुके हैं. न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच होने वाले मुकाबले पर पाक टीम की नजर थी. बाबर आजम को उम्मीद थी कि या तो बारिश मैच को खराब कर दे



या फिर श्रीलंका की टीम न्यूजीलैंड को हरा दे लेकिन दोनों में से कुछ भी नहीं हुआ. ना तो बारिश आई और उल्टा न्यूजीलैंड ने 25 ओवर से पहले ही मैच खत्म कर दिया.

**जीत हासिल करके भी बाहर होगा पाकिस्तान**

पाकिस्तान की टीम आखिरी मुकाबले में भले ही इंग्लैंड के खिलाफ जीत हासिल कर ले लेकिन वो जीत दर्ज नहीं कर पाएगी जो उसे सेमीफाइनल में पहुंचाए. न्यूजीलैंड को श्रीलंका पर मिली एकतरफा जीत के बाद अब बाबर आजम की टीम को इंग्लैंड के खिलाफ 287 रन से जीत हासिल करना होगा. अगर बाद में बल्लेबाजी आई तो उसे मैच को 2.4 ओवर में खत्म करना होगा. ऐसे में भले ही पाकिस्तान यहां जीत हासिल करने में कामयाब हो जाए लेकिन फिर भी समीकरण हल करना नामुमकिन ही होगा.









### ये चुनाव नहीं आसान ; बीच में दरिया-उस पार जाना है, कार्यकताओं के कंधे पर चढ़कर पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी

बालाघाट. मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए धुआंधार प्रचार चल रहा है. प्रचार में अब हफ्ते भर से भी कम समय बचा है. प्रत्याशी दिन रात एक किए हुए हैं. रैली-जनसभा जन संपर्क जारी है. प्रत्याशी तूफानी दौरे भी कर रहे हैं.

## ...तो दिल्ली में नहीं दिखेंगे डीजल-पेट्रोल वाले वाहन, क्या है केंद्र और केजरीवाल सरकार का प्लान?

**नई दिल्ली**. सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद दिल्ली के लोगों को अब अगले कुछ दिनों में वायु प्रदूषण से राहत मिल सकती है. केंद्र सरकार और केजरीवाल सरकार मिलकर एक योजना तैयार कर रही है, जो आने वाले दिनों में पूरे दिल्ली-एनसीआर में लागू किया जा सकता है. केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार, पंजाब सरकार, यूपी सरकार और दिल्ली सरकार मिलकर अब वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटेगी. इस बीच केंद्र सरकार ने दिल्ली में कृत्रिम बारिश पर सहमति दी है. इसके बाद दिल्ली सरकार ने आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों के साथ अहम बैठक कर दिल्ली में कृत्रिम बारिश कराने का फैसला किया है. इसके साथ ही पूरे दिल्ली में पानी का छिड़काव और कनॉट प्लेस में बंद पड़े स्मॉग टावर को दोबारा शुरू करने पर भी फैसला लिया गया है. कनॉट प्लेस में बुधवार को स्मॉग टावर का निरिक्षण किया गया. इसे गुरुवार को शुरू करने की बात थी, लेकिन फिलहाल यह अभी तक शुरू नहीं हुई है.

# विधानसभा चुनाव : मोदी हैं तो मुश्किल है

**दैनिक समाज जागरण**

सियासती जुमलों को बदलते देर नहीं लगती । कल तक भाजपा के जो लोग ये कहते नहीं थकते थे कि ' मोदी है तो मुमकिन है ' वे ही आज कहते सुनाई दे रहे हैं हैं कि -' मोदी है तो मुश्किल है '। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी इस दशक के सबसे बड़े और चर्चित नेता है। वे लोकप्रिय हैं लेकिन उनकी लोकप्रियता अब उनकी ही पार्टी पर भारी पड़ने लगी है । पिछले कुछ वर्षों में जितने भी विधानसभा चुनाव हुए उनमें भाजपा को मोदी जी के अथक श्रम के बाद कामयाबी नहीं मिली। बावजूद इसके मोदी जी आज भी 73 साल की उम्र में पचास साल के युवाओं की तरह लगातार मेहनत कर रहे हैं।

इस हफ्ते प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा सभाएं की । मोदी इस साल मध्य्प्रदेश में जितनी बार आये उतना और कोई प्रधानमंत्री कभी नहीं आया। मोदी जी पार्टी के सभी प्रत्याशियों के लिए सभाएं कर रहे हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के लिए प्रचार करने वे मुरैना पहुँच गए। तोमर के बेटे का एक वीडियो वायरल होने के बाद उनकी हवा खराब होने की खबर सुनते ही मोदी जी मुरैना जा धमके ,उन्होंने यहां भी वही सब कहा जो वे दूसरी सभाओं में कहते है। अब उनकी भाषणों में उनकी पार्टी की सरकार की उपलब्धियों की नहीं कांग्रेस की नाकामियों और कांग्रेस के झंडे के नीचे एकजुट हुए एआईएनडीआईए के दलों के नेताओं पर निजी हमले ज्यादा हो रहे है।

कल मै हजामत करने के लिए अपने बारबर के यहां था । वहां मैंने चुपचाप आम जनों को ये कहते सुना की अब मोदी मुमकिन नहीं,मुश्किल का नाम हो गए है। वे जहाँ-जहां जा रहे हैं वहां,-वहां भाजपा की मुश्किलें और बढ़ रहीं हैं। भारत में चाय के अड्डों के बाद हजामत बनाने की दुकानें राजनितिक चर्चा का सबै बड़ी जन संसदें मानी जातीं है। यहां जनता फुरसत में होती है और अपने मन की बात करती है। यहीं एक सज्जन कह रहे थे कि -अबकी तो दतिया में डॉ नरोत्तम मिश्रा भी फंस गए, मिश्रा मध्यप्रदेश सरकार के टिनोपाल मंत्री है। वे गृह मंत्री हैं। और ऊके विकास में दतिया में हेमा मालिनी को नचवाना भी शामिल है।

नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे की तरह उनके बेटे के कारनामे भी दतिया में खूब चर्चित है। इस बार डॉ मिश्रा को विधानसभा जाने से रोकने के लिए कांग्रेस के अलावा उनकी अपनी पार्टी के कार्यकार्ता और नेता भी सक्रिय है। कांग्रेस के हीरो राहुल गांधी भी यहां सभा कर चुके हैं। कांग्रेस ने दतिया में अपने प्रत्याशी को ड्ढन मौके पर बदला भी। मिश्रा की वजह से यहां भी भाजपा दो फाड़ हो चुकी है। भाजपा कि दूसरे बड़े नेता अवधेश नायक कांग्रेस में जा चुके हैं। आपको याद होगा की मिश्रा जी कि बच्चों कि बस्ते स्कूल में नॉट उगल चुके हैं।

' मोदी हैं तो मुश्किल है ' का जुमला अब आम आदमी की जबान पर है। इस जुमले को विपक्ष ने नहीं खुद सत्तापक्ष के कार्यकताओं ने चर्चित किया है। मोदी जी की ताबड़तोड़ सभाओं के बावजूद मध्यप्रदेश में चुनावी हवा बदलने का नाम नहीं ले रही । लेकिन मोदी जी ने अभी तक हार नहीं मानी है। वे पूरे जोश-खरोश से सभाएं कर रहे हैं लेकिन उनके भाषणों में 2018 के विधानसभा चुनाव के समय की ऊर्जा कहीं भी नहीं दिखाई दे रही। मोदी जी ही नहीं उनके हनुमान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की हताशा भी उनके भाषणों में साफ दिखाई दे रही है। अकेले मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की तारीफ करना होगी कि वे जैसे कल तक जनता के बीच सहज थे वैसे ही आज भी है। उनका आत्मविश्वास कमजोर नहीं पड़ा है।

भाजपा के नए सूरज ज्योतिरादित्य सिंधिया भी जितना बन पड़ा है पार्टी के लिए प्रचार कर रहे है। वे कहीं मिमिक्री कर रहे हैं तो कहीं आंसू छलका रहे हैं ,लेकिन उनकी नाटकीयता भी टिक नहीं पा रही। सिंधिया के सामने ग्वालियर-चंबल संभाग में अपने समर्थकों को जिताने के अलावा बुंदेलखंड और मालवा में भी अपने समर्थकों कोई डूबती नौका पार लगाने की है। ग्वालियर में सिंधिया की वजह से भाजपा में बिखराव का सिलसिला अभी तक थमा नहीं है । हाल ही में मतदान से दस दिन पहले भाजपा के पूर्व विधायक वृजेन्द्र तिवारी भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए। तिवारी के कांग्रेस में जाने से सिंधिया के सिपाहसालार मोहन सिंह राठौर का भितरवार सीट से जीतना कठिन हो गया है। मोहन सिंह पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से मिजरोम के विधानसभा चुनावों से भाजपा शुरू से अपने आपको अलग किये हुए है। वहां भाजपा के प्रत्याशी अपने बूते चुनाव लड़ रहे थे ।मिजोरम में भाजपा 90 में से कुल 23 पर ही अपने प्रत्याशी खड़े कर पायी । भाजपा को सभी सीटों के लिए प्रत्याशी मिले ही नहीं। प्रधानमंत्री तो दूसर भाजपा का कोई छोटा नेता भी मिजोरम में चुनाव प्रचार के लिए नहीं गया। मणिपुर की आग की लपटें वहां भाजपा को जाने से रोके रही। तेलंगाना में भाजपा ने चुनाव प्रचार तो किया,खुद मोदी जी भी वहां गए लेकिन भाजपा ने अपनी तमाम ताकत और संसाधन मध्यप्रदेश ,राजस्थान और छत्तीगढ़ में खर्च किये ,क्योंकि सारा दारोमदार इन्हीं तीन राज्यों में है। भाजपा यदि ये तीन राज्य नहीं जीत पाती तो ' मोदी है तो मुश्किल है ' का जुमला और गहरा होने की आशंका है।

मोदी है तो मुश्किल है ! का नारा दरसअल तेलंगाना से ही चला । केसीआर की बेटी ने कविता ने प्रधान मंत्री

नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि मोदी है तो मुश्किल है, जीडीपी पाताल में और महंगाई आसमान में पहुंच गई है..।और अब यह बात सब दूर फैल चुकी है।

विधानसभा के इन चुनावों में भाजपा के साथ अनिष्ट भी लगातार हो रहा है । केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल के काफिले से टकराकर एक शिक्षक की मौत हो गय। उनकी वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती प्रधानमंत्री के व्यवहार से नाराज होकर विधानसभा चुनावों के चलते हिमालय चलीं गयीं। भाजपा है कमान और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से नाराज आरएसएस के आधा दर्जन से अधिक नेता खुद चुनाव मैदान में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ खड़े हैं ढाई दर्जन से अधिक बागियों को मोदी जी का रुतबा भी मैदान से नहीं हटा सका। लेकिन मोदी जी ने खुद मैदान नहीं छोड़ा है। यही हाल राजस्थान और छत्तीसगढ़ का है। मोदी जी को मप्र में भाजपा की सत्ता बचना है और राजस्थान में कांग्रेस से सत्ता छीनना है। यानि लड़ाई दोतरफा है। नामुमकिन को मुमकिन बनाने के लिए पहचाने जाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुमकिन को मुश्किल होने से बचा लें यही बहुत है ,क्योंकि मतदाताओं का मूड बदला-बदला दिखाई दे रहा है।

**@ राकेश अचल**

## निंदा यानी Critisizm

निन्दक नियरे राखिये आँगन कुटी छवाय,
बिन पानी साबुन बिना निर्मल करे सुभाय।
कबीरदास/-

ऋग्वेद में संदर्भित कर कहा गया
है दूसरों की निंदा करने से दूसरों
का तो नहीं परंतु निन्दक का खुद
का नुकसान अवश्य ही होता है।

निंदा औरों की करने से मनुष्य की
अपनी बबार्दी की शुरूआत होती है,
अपनी आदत दिन प्रतिदिन औरों की
निंदा करने से बिगड़ती ही जाती है।

ऐसे व्यक्ति अन्य लोगों के सामने
किसी को बुरा साबित करने के लिए
चोरी, हिंसा व भ्रष्ट तरीके अपनाते हैं
ऐसे काम करने से भी बाज नहीं आते हैं।

यह कहना बड़े बुजुर्गों का ह्विनाश
काले विपरीत बुद्धिह्व गलत नहीं है,
निंदा की यही प्रवृत्ति निंदक को
विनाश की ओर लेकर जाती है ।

ऐसे लोगों की आदत हो जाती है
अच्छे व्यक्ति की भी बुराई करना,
बिना कमी की कमी बताकर उनका
सारे समाज में अपमान करवाना ।

निंदा व अपमानित करना, हमारे
शास्त्रों में बहुत बड़ी बुराई माना है,
ऐसे कर्म करने वाले व्यक्ति के लिये
स्वयं को पतन की ओर ले जाना है।

ऐसा व्यक्ति अच्छे कर्मों को भूल
बाकी लोगों से पीछे रह जाता है,
आदित्य अगर आगे बढ़ना है, तो
पर निंदा व अपमान से बचना है।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य**
**लखनऊ**

# डिजिटल शिक्षा से नोनीहालों का भविष्य तलाशता भारत

**दैनिक समाज जागरण**

भारत में विभिन्न विभागो में डिजिटलाइजेशन शुभ संकेत की तरह दिखाई दे रहे हैं। विशेष तौर पर शिक्षा जगत तथा बालक बालिकाओं के की डिजिटलाइजेशन एक वरदान की तरह होगा। कंप्यूटर तथा इंटरनेट के युग में आने वाले बच्चों की पीढ़ी को इसमें पारंगत होना अत्यंत आवश्यक है । वैश्विक स्तर पर भी बच्चों को प्रतिस्पर्धा हेतु इस विधा में विशेषज्ञता प्राप्त करनी होगी, तब जाकर हम रोजगार मूलक हो पाएंगे। वर्तमान में पिछले दो वर्षों से सबसे ज्यादा कोविड-19 के संक्रमण ने जीवन मृत्यु के बाद जिस क्षेत्र का सबसे ज्यादा नुकसान किया है वो शिक्षा जगत के क्षेत्र का ही है' तीन वर्षों से स्कूल कॉलेज लगातार बंद और खुलते आ रहे थे' मूल शिक्षा खासकर बच्चों के लिए समय बेकार ना जाए इसीलिए ऑनलाइन शिक्षा का प्रावधान देश में किया गया है' ऑनलाइन शिक्षा कंप्यूटर आधारित नेटवर्क से संलग्न होती है' इसके अंतर्गत विद्यार्थी तथा शिक्षक वीडियो के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े होते हैं तथा लगातार लाभान्वित भी होते हैं' इसमें शिक्षक आभासी तौर पर उपस्थित होते हैं एवं आभासी स्तर पर ही शिक्षा प्रदान की जाती है' आज ऑनलाइन शिक्षा लाइव वीडियो क्लासेस, रिकॉर्डिंग वीडियो क्लासेस, लाइव ऑनलाइन शिक्षा, ऑनलाइन टेस्ट और घर पर पी,डी,एफ आधारित ऑनलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है' ऑनलाइन शिक्षा में अनेक लाभ के साथ हानियों का भी समावेश है। ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से कक्षाओं का शिक्षण अधिक रोचक कथा संवादात्मक बनाया जा रहा है, जिससे बच्चे इस पर अधिक से अधिक ध्यान दे रहे हैं। इसके अलावा ऑनलाइन शिक्षक कोई भी कहीं भी कभी भी प्राप्त कर सकते हैं उदाहरण के लिए यात्रा के दौरान या किसी कारणवश अवकाश लेने पर छूटे हुए विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन क्लासेज के प्रोत्साहन से विद्यार्थी नए-नए ज्ञान की प्राप्ति कर सकते हैं, साथ ही शिक्षकों पर सक्षम, अद्यतन न होने और शिक्षकों की कमी के जो आरोप लगते हैं उसे भी दूर किया जा सकता है। वैसे भी भारत जैसे विशाल देश में पर्याप्त स्कूल कॉलेज नहीं है ।ऑनलाइन शिक्षा के विकल्प से स्कूल कॉलेज कम होने का दबाव धीरे-धीरे कम होने लगेगा और स्कूल कॉलेज के दाखिले में अनिवार्यता भी धीरे-धीरे कम होने लगेगी। ऑनलाइन शिक्षा पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी है, करोना संक्रमण की दृष्टि से लाभकारी है, और आर्थिक रूप से भी आवागमन के खर्चे से बचत के रूप में देखा जा रहा है। ऑनलाइन विद्यार्थी स्वयं शिक्षा के स्तर को समझेंगे और यह भी समझेंगे कि उन्हें क्या पसंद है और किस क्षेत्र में उन्हें आगे जाकर शोध करना है या बड़ी डिग्री हासिल करना है। इससे ज्ञान की विविधता भी प्राप्त होती है। समय की बचत के साथ इसमें आर्थिक लाभ भी होता है। तीव्रता और गहनता की दृष्टि से ऑनलाइन शिक्षा काफी महत्वपूर्ण तथा प्रभाव कारी है। ऑनलाइन शिक्षा पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक सूचनाएं एवं डाटा संग्रहण तीव्रता से होता है तथा सृजनशीलता की विविधता की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऑनलाइन शिक्षा में सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय विद्यालय और शिक्षकों की उपलब्धता भी छात्रों की मदद के लिए सदैव रहती है। दूसरी तरफ ऑनलाइन शिक्षा से कई समस्याएं भी जुड़ी होती हैं। ऑनलाइन शिक्षा नेटवर्क कंप्यूटर पर आधारित होती है इसके लिए कई उपकरणों की जरूरत होती है जो काफी आर्थिक रूप से महंगे होते हैं ।भारत जैसे देश में ऑनलाइन शिक्षा सबके लिए संभव नहीं है। विशाल जनसंख्या वाले देश में हर जगह कंप्यूटर नेटवर्क और मोबाइल की उपलब्धता इतनी आसान नहीं है, जितनी की योजना बनाते समय कल्पना की गई थी। बच्चों की रचनात्मक क्षमता का भी इसमें नुकसान होता है क्योंकि पाठ्यक्रम से संबंधित सारी जानकारियां किताबों में ना खोजकर इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त कर लेते हैं। उनमें जिज्ञासा का अभाव पैदा होने लगता है एवं रचनात्मकता भी खत्म होती है। ऑनलाइन शिक्षा में छोटे बच्चों को शारीरिक व्यायाम एवं शारीरिक कसरत का अभाव पैदा होने लगता है, छोटे बच्चों को खेलकूद वाली शिक्षा उनकी शारीरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दी जाती है पर ऑनलाइन शिक्षा में ऐसा संभव नहीं है। स्कूल कॉलेजों में नियमित शिक्षा कक्षाओं में बैठकर शिक्षकों के दबाव में अनुशासन में दी जाती है, जिससे एक साम्यता छात्रों में बनी रहती है पर ऑनलाइन शिक्षा में छात्र किसी भी नियम से न बंद कर खुलकर इंटरनेट का दुरुपयोग भी कर सकते हैं। भारतीय तथा विदेशी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार ऑनलाइन शिक्षा अत्यंत तनावपूर्ण होती है। एक रिसर्च के अनुसार 15 मिनट के ऑनलाइन अध्ययन के बाद छात्रों की नोट्स लेने में रुचि खत्म हो जाती है एवं व मनोरंजन साइड की तरफ झुकने लगते हैं। ऑनलाइन शिक्षा से बच्चों के शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है सबसे ज्यादा आंखों पर असर पड़ने लगता है बहुत जल्दी ही बच्चों को आंखों में चश्मे और लेंस लगने लगते हैं। पर परिवर्तन संसार का एक मूलभूत नियम है जो राष्ट्र समाज व व्यक्ति अपने को समय के साथ बदल लेगा वह निश्चित रूप से विकास के पथ पर आगे जाएगा। वर्तमान युग डिजिटल युग है कोविड-19 के संक्रमण ने पूरे विश्व को अपनी सोच में परिवर्तन आने के लिए मजबूर कर दिया और यही कारण है कि वैश्विक स्तर पर हर राष्ट्र ऑनलाइन शिक्षा के लिए जोर शोर से शिक्षा जगत में तैयारियां कर रहा है। यद्यपि इस क्षेत्र में विकसित राष्ट्रों ने ऑनलाइन की शिक्षा की पहल बहुत पहले से करनी शुरू कर दी थी।

ऑनलाइन शिक्षा के संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि कुछ चुनौतियां विद्यमान है जिसे हमें दूर दूर कर इसे अत्यंत सुलभ बनाना होगा।आज की परिस्थितियों में ऑनलाइन शिक्षा के लाभ अत्यंत अधिक हैं। डिजिटल युग में कोरोना संक्रमण की भयावहता से ऑनलाइन शिक्षा के महत्व में काफी वृद्धि हुई है। ऑनलाइन शिक्षा का भविष्य काफी उज्जवल है, यह शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला सकता है। हमें ऑनलाइन शिक्षा के लिए कड़ी मेहनत एवं निगरानी करनी होगी ताकि छात्रों तथा शिक्षा के जगत से जुड़े जुड़े लोगों को तकनीकी ज्ञान का पूरा लाभ प्राप्त हो सके एवं उनके मानसिक, शारीरिक एवं चरित्र का निरंतर विकास होता रहे।



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# धनतेरस

**दैनिक समाज जागरण**

धनतेरस हिन्दू धर्म में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध त्योहार है। कार्तिक कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि के दिन भगवान धन्वन्तरि का जन्म हुआ था, इसलिए इस तिथि को 'धनतेरस' या 'धनत्रयोदशी' के नाम से जाना जाता है। भारत सरकार ने धनतेरस को 'राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। धनतेरस दीपावली आने की पूर्व सूचना देता है। हमारे देश में सर्वाधिक धूमधाम से मनाए जाने वाले त्योहार दीपावली का प्रारंभ धनतेरस से हो जाता है। इसी दिन से घरों की लिपाई-पुताई प्रारम्भ कर देते हैं। दीपावली के लिए विविध वस्तुओं की खरीद आज की जाती है। इस दिन से कोई किसी को अपनी वस्तु उधार नहीं देता। इसके उपलक्ष्य में बाजारों से नए बर्तन, वस्त्र, दीपावली पूजन हेतु लक्ष्मी-गणेश, खिलौने, खील-बताशे तथा सोने-चांदी के जेवर आदि भी खरीदे जाते हैं।

### महत्त्व

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्त्व है। शास्त्रों में इस बारे में कहा है कि जिन परिवारों में धनतेरस के दिन यमराज के निमित्त दीपदान किया जाता है, वहां अकाल मृत्यु नहीं होती। घरों में दीपावली की सजावट भी आज ही से प्रारम्भ हो जाती है। इस दिन घरों को स्वच्छ कर, लीप-पोतकर, चौक, रंगोली बना सायंकाल के समय दीपक जलाकर लक्ष्मी जी का आवाहन किया जाता है। इस दिन पुराने बर्तनों को बदलना व नए बर्तन खरीदना शुभ माना गया है। इस दिन चांदी के बर्तन खरीदने से तो अत्यधिक पुण्य लाभ होता है। इस दिन हल जुती मिट्टी को दूध में भिगोकर उसमें सेमर की शाखा डालकर लगातार तीन बार अपने शरीर पर फेरना तथा कुंकुम लगाना चाहिए। कार्तिक स्नान करके प्रदोष काल में घाट, गौशाला, कुआं, बावली, मंदिर आदि स्थानों पर तीन दिन तक दीपक जलाना चाहिए। तुला राशि के सूर्य में चतुर्दशी व अमावस्या की सन्ध्या को जलती लकड़ी की मशाल से पितरों का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

### वर्ष 2023 में धनतेरस

धनतेरस कार्तिक मास की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन लक्ष्मी पूजा त्रयोदशी तिथि के दौरान प्रदोष काल में करने का विधान है। साल 2023 में कार्तिक महीने की कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 10 नवंबर को दोपहर में 12 बजकर 35 मिनट से होगा। यह तिथि अगले दिन 11 नवंबर को दोपहर में 1 बजकर 57 मिनट तक रहेगी। चूंकि धनतेरस का त्योहार प्रदोष काल में मनाने



की परंपरा है, इसलिए यह शुक्रवार को 10 नवंबर को मनाई जाएगी।

### शुभ मुहूर्त

धनतेरस के दिन शाम को प्रदोष काल में गणेश, लक्ष्मी और कुबेर की पूजा की जाएगी। इस पूजा का शुभ मुहूर्त शाम को 5 बजकर 47 मिनट से शुरू होगा और यह शाम को 7 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। इस प्रकार धनतेरस के दिन पूजा के शुभ मुहूर्त की अवधि कुल एक घंटा 56 मिनट की होगी। इसी दौरान यमदीप भी जलाना अत्यंत शुभ रहेगा।

### पूजन विधि

इस दिन वैदिक देवता यमराज का पूजन किया जाता है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है, जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

इस दिन यम के लिए आटे का दीपक बनाकर घर के मुख्य द्वार पर रखा जाता हैं इस दीप को जमदीवा अर्थात यमराज का दीपक कहा जाता है।

रात को घर की स्त्रियां दीपक में तेल डालकर नई रूई की बत्ती बनाकर, चार बत्तियां जलाती हैं। दीपक की बत्ती दक्षिण दिशा की ओर रखनी चाहिए।

जल, रोली, फूल, चावल, गुड़, नैवेद्य आदि सहित दीपक जलाकर स्त्रियां यम का पूजन करती हैं। चूंकि यह दीपक मृत्यु के नियन्त्रक देव यमराज के निमित्त जलाया जाता है, अतः दीप जलाते समय पूर्ण श्रद्धा से उन्हें नमन तो करें ही, साथ ही यह भी प्रार्थना करें कि वे आपके परिवार पर दया दृष्टि बनाए रखें और किसी की अकाल मृत्यु न हो।

### धन्वन्तरि जयन्ती

### मुख्य लेख : धन्वन्तरि जयन्ती

आज ही के दिन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के जन्मदाता धन्वन्तरि वैद्य समुद्र से अमृत कलश लेकर प्रगट हुए थे, इसलिए धनतेरस को 'धन्वन्तरि जयन्ती' भी कहते हैं। इसीलिए वैद्य-हकीम और ब्राह्मण समाज आज धन्वन्तरि भगवान का पूजन कर 'धन्वन्तरि जयन्ती' मनाता है। बहुत कम लोग जानते हैं कि धनतेरस आयुर्वेद के जनक धन्वंतरि की स्मृति में मनाया जाता है। इस दिन लोग अपने घरों में नए बर्तन खरीदते हैं और उनमें पकवान रखकर भगवान धन्वंतरि को अर्पित करते हैं। लेकिन वे यह भूल जाते हैं कि असली धन तो स्वास्थ्य है।

धन्वंतरि ईसा से लगभग दस हजार वर्ष पूर्व हुए थे। वह काशी के राजा महाराज धन्व के पुत्र थे। उन्होंने शल्य शास्त्र पर महत्त्वपूर्ण गवेषणाएं की थीं। उनके प्रपौत्र दिवोदास ने उन्हें परिमार्जित कर सुश्रुत आदि शिष्यों को उपदेश दिए इस तरह सुश्रुत संहिता किसी एक का नहीं, बल्कि धन्वंतरि, दिवोदास और सुश्रुत तीनों के वैज्ञानिक जीवन का मूर्त रूप है। धन्वंतरि के जीवन का सबसे बड़ा वैज्ञानिक प्रयोग अमृत का है। उनके जीवन के साथ अमृत का कलश जुड़ा है। वह भी सोने का कलश। अमृत निर्माण करने का प्रयोग धन्वंतरि ने स्वर्ण पात्र में ही बताया था। उन्होंने कहा कि जरा मृत्यु के विनाश के लिए ब्रह्मा आदि देवताओं ने सोम नामक अमृत का आविष्कार किया था। सुश्रुत उनके रासायनिक प्रयोग के उल्लेख हैं। धन्वंतरि के संप्रदाय में सौ प्रकार की मृत्यु है। उनमें एक ही काल मृत्यु है, शेष अकाल मृत्यु रोकने के प्रयास ही निदान और चिकित्सा हैं। आयु के न्यूनाधिक्य की एक-एक माप धन्वंतरि ने बताई है।

इस दिन वैदिक देवता यमराज का पूजन किया जाता है। पूरे वर्ष में एक मात्र यही वह दिन है, जब मृत्यु के देवता यमराज की पूजा की जाती है। यह पूजा दिन में नहीं की जाती अपितु रात्रि होते समय यमराज के निमित्त एक दीपक जलाया जाता है।

### धनतेरस की कथा

एक समय भगवान विष्णु मृत्युलोक में विचरण करने के लिए आ रहे थे, लक्ष्मी जी ने भी साथ चलने का आग्रह किया। विष्णु जी बोले- 'यदि मैं जो बात कहूं, वैसे ही मानो, तो चलो।' लक्ष्मी जी ने स्वीकार किया और भगवान विष्णु, लक्ष्मी जी सहित भूमण्डल पर आए। कुछ देर बाद एक स्थान पर भगवान विष्णु लक्ष्मी से बोले-'जब तक मैं न आऊं, तुम यहाँ ठहरो। मैं दक्षिण दिशा की ओर जा रहा हूं, तुम उधर मत देखना।' विष्णुजी के जाने पर लक्ष्मी को कौतुक उत्पन्न हुआ कि आखिर दक्षिण दिशा में क्या है जो मुझे मना किया गया है और भगवान स्वयं दक्षिण में क्यों गए, कोई रहस्य जरूर है। लक्ष्मी जी से रहा न गया, ज्योंही भगवान ने राह पकड़ी, त्योंही लक्ष्मी भी पीछे-पीछे चल पड़ीं। कुछ ही दूर पर सरसों का खेत दिखाई दिया। वह खूब फूला था। वे उधर ही चलीं। सरसों की शोभा से वे मुग्ध हो गईं और उसके फूल तोड़कर अपना श्रृंगार किया और आगे चलीं। आगे गन्ने (ईख) का खेत खड़ा था। लक्ष्मी जी ने चार गन्ने लिए और रस चूसने लगीं। उसी क्षण विष्णु जी आए और यह देख लक्ष्मी जी पर नाराज होकर शाप दिया- 'मैंने तुम्हें इधर आने को मना किया था, पर तुम न मानीं और यह किसान की चोरी का अपराध कर बैठीं। अब तुम उस किसान की 12 वर्ष तक इस अपराध की सजा के रूप में सेवा करो।' ऐसा कहकर भगवान उन्हें छोड़कर क्षीरसागर चले गए। लक्ष्मी किसान के घर रहने लगीं।

वह किसान अति दरिद्र था। लक्ष्मीजी ने किसान की पत्नी से कहा- 'तुम स्नान कर पहले इस मेरी बनाई देवी लक्ष्मी का पूजन करो, फिर रसोई बनाना, तुम जो मांगोगी मिलेगा।' किसान की पत्नी ने लक्ष्मी के आदेशानुसार ही किया। पूजा के प्रभाव और लक्ष्मी की कृपा से किसान का घर दूसरे ही दिन से अन्न, धन, रत्न, स्वर्ण आदि से भर गया और लक्ष्मी से जगमग होने लगा। लक्ष्मी ने किसान को धन-धान्य से पूर्ण कर दिया। किसान के 12 वर्ष बड़े आनन्द से कट गए। तत्पश्चात 12 वर्ष के बाद लक्ष्मीजी जाने के लिए तैयार हुईं। विष्णुजी, लक्ष्मीजी को लेने आए तो किसान ने उन्हें भेजने से इंकार कर दिया।

लक्ष्मी भी बिना किसान की मजी वहाँ से जाने को तैयार न थीं। तब विष्णुजी ने एक चतुराई की। विष्णुजी जिस दिन लक्ष्मी को लेने आए थे, उस दिन वारुणी पर्व था। अतः किसान को वारुणी पर्व का महत्त्व समझाते हुए भगवान ने कहा- 'तुम परिवार सहित गंगा में जाकर स्नान करो और इन कौड़ियों को भी जल में छोड़ देना। जब तक तुम नहीं लौटोगे, तब तक मैं लक्ष्मी को नहीं ले जाऊंगा।'

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण एक्शन में।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न प्रतिष्ठानों से 04 नमूने जांच के लिए किये संग्रहित।



आयुक्त खाद्य सुरक्षा उत्तर प्रदेश एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारीगण निरंतर स्तर पर जांच अभियान चला कर अपनी कार्रवाई सुनिश्चित कर रहे हैं। इसी श्रृंखला में सहायक आयुक्त अर्चना धीरान के निर्देशन में तथा मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम के द्वारा देवला सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में छापेमारी कार्रवाई कर कृष्णा स्वीट्स से जांच के 04 लिए नमूने संग्रहित किए गए।

उन्होंने बताया कि टीम द्वारा कृष्णा स्वीट्स का निरीक्षण किया गया, जहां पर स्वीट्स सेंटर में अपार गंदगी पाई गई। गंदगी पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया तथा संदेह पर टीम द्वारा एक नमूना मिल्क, एक नमूना छेना, एक नमूना डोडा बर्फी तथा एक नमूना बूंदी तथा शेष 500 किलोग्राम बूंदी सीज कर खाद्य कारोबार कर्ता की सुपुर्दगी में दिया गया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आर पी गुप्ता, मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल, विशाल गुप्ता, रेनू सिंह व शमशुन आदि उपस्थित रहे।

# 10 नवंबर 2023 को केंद्रीय रोजगार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नोएडा में रोजगार मेले का होगा आयोजन।

डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 10 नवंबर 2023 को जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर एवं केंद्रीय रोजगार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में प्रातः 10:00 बजे से केंद्रीय रोजगार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान ए-49, ब्लॉक ए, सेक्टर 62 नोएडा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अतः उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां 10 नवंबर 2023 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

# अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग के द्वारा नोएडा में निकाली गई जन जागरूकता रैली।

**आगामी 10 नवंबर को जिला अस्पताल नोएडा में आयुष शिविर का होगा आयोजन।**



उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में जनपद में अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 10 नवंबर तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला में आज क्षेत्रीय यूनानी एवं आयुर्वेद अधिकारी डॉ धर्मेंद्र कुमार केम ने जानकारी देते हुए बताया कि अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में आज आयुष विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम जनमानस के द्वारा सेक्टर 39 नोएडा में जन जागरूकता रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद में अन्य स्थानों पर भी अष्टम आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आगामी 10 नवंबर को जिला चिकित्सालय नोएडा में आयुष शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। अधिक से अधिक लोग आयोजित होने वाले आयुष शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठाएं। सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# उत्तर प्रदेश में गैर प्रांत से शराब लेकर आना अथवा उसका उपभोग करना दंडनीय अपराध।

### जन सामान्य आबकारी विभाग के टोल फ्री नंबर 14405 या 9454466019 पर दे सकते हैं जानकारी

### जनपद में गैर प्रांत की शराब की जानकारी देने वाले की पहचान रखी जाएगी गोपनीय

**समाज जागरण**

जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुबोध कुमार ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश में गैर प्रांत (हरियाणा, दिल्ली या किसी अन्य प्रान्त) की शराब लेकर आना अथवा उसका उपभोग करना दंडनीय अपराध है। इस कृत्य के लिए उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 63 के अन्तर्गत व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा जा सकता है और धारा 72 के अन्तर्गत अवैध शराब का परिवहन कर रहे व्यक्ति के वाहन को जब्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि गैर प्रांत की शराब मात्र एक बोतल खुली हुई उत्तर प्रदेश में अनुमन्य है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य में यदि किसी को भी गैर प्रान्त की शराब के संबंध में कोई जानकारी होती है तो आबकारी निरीक्षक क्षेत्र १- 9454466423, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र २- 9454466424, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र ३- 9454466425, आबाकारी निरीक्षक क्षेत्र ४- 9454466426, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र ५- 9454466427, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र ६- 9454466428, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र ७- 9454466429 के मोबाइल नम्बरों पर अथवा आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 या 9454466019 पर सम्पर्क कर दे सकते है। उन्होंने यह भी बताया कि जानकारी देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जायेगी।

# भवन एवं अन्य निर्माणकर्ता निर्माण कार्यों में लगी अस्थायी रोक की अवधि में श्रमिकों को श्रम विधियों में अनुमन्य देयताओं का पूर्ण व समुचित यात्रा भत्ता का भुगतान कर भेजें घर।

### घर न जाने वाले श्रमिकों को विस्थापन भत्ता का भुगतान करते हुए रहन-सहन तथा अन्य दैनिक सुविधाएं कराये उपलब्ध

**समाज जागरण**

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में अपर श्रम आयुक्त गौतम बुद्ध नगर सरजू राम ने भवन एवं अन्य निर्माणकताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते हुये प्रदूषण की रोकथाम के लिए पिछले कई दिनों से निर्माण कार्यों में लगी अस्थायी रोक के कारण काफी संख्या में निर्माण श्रमिक कार्य से वंचित हो गये हैं। ऐसी स्थिति में भवन एवं अन्य निर्माणकताओं से अपेक्षा की जाती है कि जो श्रमिक इस अस्थायी रोक की अवधि में अपने घर जाना चाहते हो, उन्हें श्रम विधियों में अनुमन्य देयताओं का पूर्ण एवं अंतिम भुगतान करके व समुचित यात्रा भत्ता का भुगतान करके ही घर भेजा जाये तथा जो श्रमिक घर न जाना चाहते हो उन्हें विस्थापन भत्ता का भुगतान करते हुये रहन-सहन तथा अन्य दैनिक सुविधायें प्रदान की जाये।

उन्होंने भवन एवं अन्य निर्माणकताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने निर्माण श्रमिकों को अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम 1979 की धारा 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 21, 22, 23 तथा उत्तर प्रदेश अन्तर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) नियमावली 1983 के नियम 25 से 47 तक तथा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) अधिनियम 1996 की धारा 29, 30, 32, 33, 34, 35, 36, 37, 58 तथा उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त विनियमन) नियमावली 2009 के नियम 223 से 232, 234 से 236, 238 से 249 तथा अन्य लागू, श्रम विधियों के अन्तर्गत देय हितलाभों एवं सुविधाओं को प्रदान कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि उल्लघन की स्थिति में उल्लंघनकर्ता नियोजकों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी। सौजन्य से जिला सूचना विभाग गौतम बुद्ध नगर।

# इस रंग के वाहनों की बिक्री और बुकिंग सबसे ज्यादा, टूट जाएंगे अब तक के सारे रिकॉर्ड

धनतेरस के मौके पर इस साल पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक कारों की बुकिंग काफी बढ़ गई है. धनतेरस को देखते हुए सामान्य दिनों की अपेक्षा इस बार चार पहिया वाहनों की बुकिंग में चार गुना इजाफा हुआ है. दिल्ली-एनसीआर ही नहीं देश के अलग-अलग हिस्सों में धनतेरस के मौके पर कारों की बुकिंग पिछले साल की तुलना में करीब 25 फीसदी तक अधिक हुई है. हालांकि, कार कंपनियों ने इस बार एक्सचेंज और छूट के कुछ ऑफर के अलावा कोई बड़े ऑफर नहीं दिए हैं. इसके बावजूद पेट्रोल और सीएनजी कारों की बुकिंग सबसे ज्यादा हुई है. दिल्ली-एनसीआर के डीलरों की मानें तो ज्यादातर लोग धनतेरस के दिन ही कार की डिलीवरी लेंगे. दिल्ली-एनसीआर में कार के हर मॉडल और वैरिएंट की मांग है. इसमें सबसे ज्यादा नेक्सॉन, पंच, अर्टिगा, वैगनॉर और ब्रीजा कारों की मांग ज्यादा है.

# सुरक्षित दीपावली मनाये जाने के उद्देश्य से अग्नि सुरक्षा उपायों को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने एडवाइजरी की जारी।

आगामी दीपावली के पर्व को सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से अग्नि सुरक्षा के उपायों को दृष्टिगत रखते हुए डीएम मनीष कुमार वर्मा व अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार के निदेशों के क्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ ओमकार चतुर्वेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी दीपावली के त्यौहार को सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए अग्नि सुरक्षा के उपाय को दृष्टिगत रखते हुए क्या करें, क्या न करें को लेकर एडवाइजरी व फायर स्टेशन का फोन नंबर 101 व 112 जारी किया जा रहा है। अतः जन सामान्य दी गई एडवाइजरी का अवलोकन करते हुए दीपावली के पर्व को सुरक्षित ढंग से मनाये।

### अग्नि सुरक्षा के उपाय को दृष्टिगत रखते हुए जारी किए गए दिशा निर्देश

### क्या करें:-

1- हमेशा पटाखे खुली जगह में फोड़ना चाहिए। यह ध्यान रखें कि आसपास कोई ज्वलनशील चीज नहीं होनी चाहिए।
2- दिया/मोमबत्ती सुरक्षित स्थान पर ही सजाये।
3- बिजली की झालर आदि से बिजली के बोर्ड पर अत्यधिक भार न दे। शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने की संभावना से विशेष रूप से सतर्क रहे।
4- तेज आवाज वाले पटाखे स्कूल, कालेज, हास्पिटल, आश्रम आदि के पास न छुडाये। यह ध्वनि प्रदूषण के साथ आपके एवं दूसरों के कानों को नुकसान पहुचा सकते हैं तथा दिल के मरीजो को अत्यधिक नुकसान की सम्भावना रहती है।
5- अपने घर में पटाखे चलाते समय अग्नि दुर्घटना से तुरन्त निपटने के लिए 2 बाल्टी पानी व बालू भर कर रखे।
6- पटाखे हमेशा लाइसेंस विक्रेता से खरीदें।
7- पटाखे फोड़ते समय बच्चों का ध्यान रखें।
8- आतिशबाजी करते समय जूते पहने रहें।
9- पटाखा फोड़ने के बाद हाथों को साफ धोए।
10- अगर शोर ज्यादा हो रहा है, तो कानों में कॉटन लगाएं
11- इमरजेंसी के लिए पानी की बाल्टी पास में रखें।
12- आग लगने पर फायर ब्रिगेड को कॉल करें।
13- जानवरों के ऊपर एवं वाहनों के आसपास पटाखे न चलायें
14- अगर सांस लेने की समस्या है, तो घर के अंदर ही रहें।

### क्या न करें:-

1- कभी बिजली के खंभों और इलेक्ट्रिक तारों के पास पटाखे नहीं जलाएं।
2- सिल्क और सिंथेटिक कपड़े नहीं पहनें। इसमें आग जल्द लगती है।
3- अगर पटाखों को फटने में समय लग रहा है, तो उसके पास नहीं जाएं। इसे बुझाने के लिए पानी डालें।
4- अधूरे पटाखों के पास न जाए।
5- अगर कोई जल जाएं, तो खुद इलाज नहीं करें। तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।
6- सैनिटाइजर को पटाखों और आग से दूर रखें।
7- पटाखे जलाते समय माचिस, मोमबत्ती और दीपक को पास नहीं रखें।
8- जानवरों को परेशान न करें।
9- दिवाली के दिन किसी प्रकार का नशा नहीं करें।

**"आओ मिलकर सुरक्षा के दीप जलाएं"**

सौजन्य से सूचना विभाग गौतम बुद्ध

# आज विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जनपद गौतमबुद्धनगर में विभिन्न स्थानों पर विधिक साक्षरता शिविरों का किया गया आयोजन।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन मे तथा माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर




अवनीश सक्सैना के दिशा-निर्देशन में तथा अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऋचा उपाध्याय की अध्यक्षता में आज विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन दुजाना पब्लिक स्कूल, ग्राम दुजाना, जनपद गौतमबुद्धनगर में किया गया। शिविर में बताया कि विधिक सेवा दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य देश के कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवायें पहुँचाना तथा मुफ्त सेवाओं के साथ उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए। शिविर में निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य, संविधान के अनुच्छेद 23 में मानव दुर्व्यवहार या बेगार का शिकार व्यक्ति, महिला या बालक, मानसिक रोगी या विकलांग व्यक्ति, अनपेक्षित अभाव जैसे बहुविनाश, जातीय हिंसा, जातीय अत्याचार, बाढ़, सूखा, भूकंप, औद्योगिक श्रमिक, औद्योगिक संकट के शिकार, कारागृह, किशोर, मनोचिकित्सा अस्पताल, मनोचिकित्सीय परिचर्या गृह में अभिरक्षा में रखे गए लोग, ट्रांसजेंडर समुदाय से संबंधित, ऐसे व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय तीन लाख रुपये से कम हो, एचआईवी या एड्स से पीड़ित व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार रखते हैं। शिविर में बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली की ओर से मुफ्त कानूनी सलाह व सहायता पाने के लिए टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया गया है। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिवावकों को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं जैसे, निःशुल्क कानूनी सहायता, पीडित क्षतिपूर्ति योजना, लोक अदालत, स्थाई लोक अदालत, मध्यस्थता से आपसी विवाद को निपटाना आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शिविर में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी ग्रामीणजन को बताया गया। लोक अदालत के माध्यम से कोई भी व्यक्ति अपने वाद/विवाद को आपसी सुलह-समझौते से निस्तारित करा सकता है। लोक अदालत में वकील, कोर्ट फीस आदि के खर्च से बचा जा सकता है। शिविर में छात्राओं को उनके मौलिक अधिकार, शिक्षा के अधिकार, गुड टच बैड टच, सेल्फ डिफेंस आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के विषय पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके अतिरिक्त शिविर में श्रेष्ठ पराविधिक स्वयं सेवकगण को सम्मानित किया गया। शिविर में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के साथ मध्यस्थ अधिवक्ता शिखर ठकराल, पैनल अधिवक्ता कविता नागर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कॉलेज के मैनेजर मांगेराम सिंह, बालचन्द नागर, राजवीर सिंह अकेला, राकेश कुमार, मूलचन्द त्यागी, नरेश भाटी, पराविधिक स्वंय सेवक व विद्यार्थीगण एवं अभिवावकगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर दोपहर 12:00 बजे से तहसील सदर, गौतमबुद्धनगर के प्रागंण में आयोजित किया गया। शिविर में तहसीलदार/पदेन सचिव, तहसील विधिक सेवा समिति तहसील सदर अजय कुमार द्वारा विधिक सेवा दिवस के अवसर पर तहसील परिसर में आयोजित वादकारियों के मध्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित



योजनाओं एवं शासन द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शिविर में तहसीलदार सदर अजय कुमार, एडवोकेट गुलशन चावला, लिपिक मनोज कुमार व वादकारीगण उपस्थित रहे।
विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन दोपहर 2:00 बजे से दा डिवाईन इंटरनेशनल स्कूल जेवर में किया गया। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में बताया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नालसा का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को मुफ्त कानूनी सेवाएँ प्रदान करने के लिये और विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिये लोक अदालतों का आयोजन करने के उद्देश्य से किया गया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 09 नवम्बर 1995 को विधिक सेवा दिवस की स्थापना की गयी। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध करायी गयी। शिविर में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिविल जज जू0डि0, वाह्य न्यायालय जेवर नाजिम अकबर, नायब तहसीलदार जेवर रामकृष्ण के साथ कॉलेज के मैनेजर नवीन कुमार अत्री, प्रधानाचार्य गुजन मित्तल, अतेन्द्र कुमार तथा श्री हरेन्द्र कुमार पीएलवी व विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# छठ पूजा के अवसर पर पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग,

### सेक्टर-75 में छठ घाट का निर्माण जोरों से जारी।

नोएडा,09 नवंबर 2023 अखिल भारत हिन्दू महासभा और अखिल भारतीय प्रवासी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा ने पत्र लिखकर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सूर्योपासना के महान पर्व छठ पूजा के दिन सम्पूर्ण देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है।उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से कहा है कि छठ महापर्व भगवान सूर्य की उपासना का महानतम पर्व है।इस महापर्व में छठव्रती चार दिनों तक पूजा करते हैं,जिसमें 36 घन्टे तक तो निर्जला व्रत करते हैं।कठिन पूजा-पाठ,व्रत,उपवास, साफ-सफाई,प्रसाद बनाने आदि में इतना कार्य करना पड़ता है कि छठव्रतियों के साथ परिवार के सदस्य भी अति व्यस्त होते हैं।इसलिये छठ महापर्व पर कार्तिक शुक्ल षष्ठी अर्थात 19 नवंबर को पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाये।श्री शर्मा ने प्रधानमंत्री से कहा है कि बिहार, झारखंड,उत्तरप्रदेश,दिल्ली, उत्तराखंड आदि प्रदेशों में अवकाश घोषित है।इन प्रदेशों के अतिरिक्त



अन्य प्रदेशों में भी बड़ी संख्या में लोग छठ पर्व मनाते हैं।इसलिए पूरे देश में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा शीघ्र की जाये।श्री शर्मा ने छठ पर्व के अवसर पर अवकाश घोषित करने के लिए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद दिया है। सूर्योपासना के महान पर्व छठ की तैयारियां नोएडा के कई सेक्टरों में जोरों से चल रही हैं। श्री सूर्यदेव पूजा समिति नोएडा द्वारा भगवान सूर्य को अर्घ्य देने हेतु छठव्रतियों के लिए सेक्टर-75 स्थित गोल्फसिटी,प्लाट-8 के पार्क में 30 फीट लंबा,20 फीट चौड़ा और 4 फीट गहरा छठ घाट का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। तैयारियों की समीक्षा के लिए आज छठ घाट पर श्री सूर्यदेव पूजा समिति की आयोजन समिति की बैठक हुई,जिसमें समिति के अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष बसंत उपाध्याय, अमरेश श्रीवास्तव,संयोजक ओ.पी.तिवारी, महासचिव राजीव त्यागी, कोषाध्यक्ष प्रभात राय,एओए अध्यक्ष मल्लिकेश्वर झा, मधुरेंद्र सिंह, राजीव मिश्रा आदि सम्मिलित हुए।

### विधानसभा चुनाव (नवंबर-दिसंबर 2023)

राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों में 2023 विधानसभा चुनाव 7 नवंबर से 30 नवंबर के बीच होने हैं। 60 लाख पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं सहित 16 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता हैं। 1.77 लाख मतदान केंद्रों पर चुनाव होंगे। पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा क्षेत्र हैं। 40 सीटों वाले मिजोरम में 7 नवंबर को मतदान होगा, जबकि छत्तीसगढ़ में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। मध्य प्रदेश (230), राजस्थान (200) और तेलंगाना (119) में क्रमशः 17, 25 और 30 नवंबर को मतदान होगा। वोटों की गिनती 3 दिसंबर, 2023 को होनी है।

# भारतीय योग संस्थान नोएडा सेक्टर 34 के द्वारा दीपावली प्रकाशोत्सव का आयोजन

**समाज जागरण डेस्क**

नोएडा सेक्टर 34 : भारतीय संस्थान के द्वारा सभी योग साधक साधिकाओं तथा कक्षा संचालक से योग कक्षा मे दीपावली पूर्व प्रकाशोत्सव आयोजन के आह्वान के बाद आज नोएडा सेक्टर 34 के योग साधना केन्द्र मे दीपावली प्रकाशोत्सव का आयोजन बड़ी धूम-धाम से किया गया। इस प्रकार के आयोजन को एक नयी पहल के रूप मे देखा जा रहा है। आज के इस प्रकाशोत्सव के मौकेपर भारतीय योग संस्थान जिला-2 के जिला मंत्री अभिषेक जी मौजूद रहे और सभी योग साधक साधिकाओं को इस आयोजन के लिए बधाई दिया। इसके साथ ही उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की अग्रिम बधाई दी है।





### जनपद के सम्मानित पेंशनर बैंक या जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से भी प्रेषित कर सकते हैं अपना जीवित प्रमाण पत्र।

उत्तर प्रदेश शासन एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में वरिष्ठ कोषाधिकारी शिखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उ0प्र0 सरकार के पेंशनरों के द्वारा वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण पत्र कोषागार में प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था को सरलीकृत करते हुये पूर्व में प्रचलित माह नवम्बर एवं दिसम्बर में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने की व्यवस्था को संशोधित करते हुये वर्ष में एक बार किसी भी पेंशनर द्वारा अपनी सुविधानुसार जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है, जोकि अगले एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। वर्तमान में कोषागार में उपस्थित हुये बिना भी किसी भी पेंशनर द्वारा अपना जीवित प्रमाण पत्र बैंक द्वारा अथवा जीवन प्रमाण पोर्टल के माध्यम से भी प्रेषित किया जा सकता है, जोकि आगामी एक वर्ष तक प्रभावी रहता है। उन्होंने बताया कि यदि कोई पेंशनर उपरोक्त संसाधनों का प्रयोग नहीं करता है तो वह वर्ष के किसी भी माह में अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकता है, जोकि प्रस्तुत किये जाने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य रहेगा। वरिष्ठ कोषाधिकारी ने जनपद के समस्त सम्मानित पेंशनरों का आह्वान किया कि वह अपना जीवित प्रमाण पत्र किसी भी माध्यम से वर्ष में केवल एक ही बार प्रस्तुत करें। साथ ही जीवन प्रमाण पत्र भरते समय पेंशनर /पा०पेंशनर द्वारा यह भी घोषणा/ अंडरटेकिंग दी जाये कि उनके मृत्यु हो जाने की दशा में मृत्यु की सूचना कोषागार में तत्काल दी जायेगी, सूचना तत्काल न दिये जाने की स्थिति में पेंशन में हुये अधिक भुगतान की वसूली पेंशनर/पा०पेंशनर के उत्तराधिकारियों से की जाएगी। साथ ही मा०वित्त मंत्री जी उ०प्र०सरकार के द्वारा कोषागार की समीक्षा के अनुरूप ऐसे पेंशनर्स जिनकी जीवन प्रमाण पत्र के आभाव में पेंशन वाधित है, शीघ्र अति शीघ्र अपना जीवित प्रमाण प्रस्तुत करे, यदि ऐसे पेंशनर्स कोषागार में आने में पूर्णतः असमर्थ हैं। तो ऐसी स्थिति में पेंशनर के परिजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है व ऐसे पेंशनर्स का जीवित प्रमाण पत्र का सत्यापन उनके घर पर जाकर किया जा सकेगा।

# गोह प्रखंड कार्यालय परिसर में लगा आर ओ प्लांट बना शोभा का केंद्र

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) सांसद निधि से लगा आरो प्लांट बना शोभा का केंद्र। बताते चलें कि गोह प्रखंड कार्यालय परिसर में लगभग दस माह पूर्व लगा लाखों रुपए का आरओ प्लांट शोभा का केंद्र बना हुआ है। इस परिसर में लगे एक एकमात्र हैंडपंप होने से आमजनों से लेकर जनप्रतिनिधि भी पीने के पानी के लिए मोहताज हैं।



शीतल पेयजलापूर्ति हेतु काराकाट सांसद महाबली सिंह के ऐच्छिक निधि से 577200 रुपये की लागत से आरओ प्लांट लगवाया गया जो डेढ़ माह से खराब पड़ा हुआ है। गोह पंसस सत्यपाल उर्फ भोला , चापुक पंसस विजय यादव, भाकपा नेता पत्थर सिंह, समाजसेवी रामाज्ञा मिश्रा , गणेश कुमार , मार्कंडेय पांडेय, रामविजय पासवान, मनीष कुमार, रंजीत कुमार, शिवकुमार, सुरेश यादव सहित दर्जनों लोगों ने पेयजलापूर्ति सही कराने की मांग की है। वहीं पेयजल की समस्या से आमजनों को इधर - उधर भटकना पड़ता है।

# विकास मित्रों की साप्ताहिक बैठक में दिए गए कई निर्देश

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विकास कुमार ने प्रखंड कार्यालय सभागार में विकास मित्रों के साथ बैठक करते हुए उनके कार्यों की समीक्षा की ।बताया गया कि विकास मित्रों को रजिस्टर अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया है। महादलित व दलितों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उनतक समुचित तरीके से पहुंचाने पर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई । विकास रजिस्टर में नया जोड़ा गया है र उ, र ळ लोगों को 18 वर्ष के जो ऊपर हैं। उन्हें निर्वाचन सूची में नाम जोड़ने का काम करना है, इसके लिए दो माह का समय निर्धारित की गई है ।सामाजिक सुरक्षा पेंशन , राशन कार्ड , नल जल कनेक्शन , कृषि भूमि संबंधित विषयों पर चर्चा की गई और बताया गया कि जो उनके पात्रता श्रेणी के लोगों को जिनको अभी तक लाभ नहीं मिला है विकास मित्रों को कहा गया कि अपने दायित्व का निर्वहन सही तरीके से करें । एवं केवाईसी कौशल युवा प्रशिक्षण केंद्र पर जाकर युवक एवं युवतियां कंप्यूटर का ज्ञान ले। योजना समेत अन्य योजनाओं पर चर्चा की गई।इसके अलावा अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।



# हसपुरा में अवर निवार्ची पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ बैठक की

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता,हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) -- प्रखंड कैम्पस स्थित सभाकक्ष में अनुमंडल अवर निवार्ची पदाधिकारी मनोज कुमार ने चुनाव कार्य में लगे बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में बीएलओ से पिछले एक सप्ताह का निर्वाचन संबंधी किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान अनुमंडल अवर निवार्ची पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा निर्वाचन संबंधी कार्यों को सरकारी गाइडलाइन के अनुसार आप निष्ठापूर्वक कार्य करें। उन्होंने मुख्य निवार्ची पदाधिकारी बिहार द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निदेर्शानुसार हाउस टू हाउस सत्यापन करने,शिक्षण संस्थानों में जागरूकता लाकर 18 प्लस उम्र के युवाओं को नाम जोड़ने तथा जेंडर रेसियो को बढ़ाने पर बल दिया गया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा बीएलओ ऐप से दिए गए निदेर्शानुसार कार्य करें। नीरज कुमार,विजय चौधरी, सतेन्द्र कुमार, सत्यजीत प्रसाद,रवि कुमार, शैलेश कुमार,राम साव सहित दर्जनों बीएलओ ने निर्वाचन संबंधी जानकारी ली।



# दो एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)उपहारा थाना पुलिस ने बहुत दिनों से फरार चल रहे दो एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार वांरटी मनोज साव व संतोष साव डड़वां गांव का निवासी है। दोनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था और यह बहुत दिनों से फरार चल रहा था।

# पूर्व कांड का आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 नवंबर 2023 :- रिसियप थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पूर्व कांड के आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह घटना बुधवार की रात्रि नौ बजे की है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक पुलिस पर हमला करने तथा बालू तस्करी के पांच मामलों में नामजद अभियुक्त है। वह कई दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे नोनिया बीघा गांव से गिरफ्तार किया गया।

# कुटुंबा थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 नवंबर 2023 : दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर कुटुंबा थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने



कहा कि प्रशासन सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सोशल मीडिया पर भी निगरानी रखी जा रही है। भड़काऊ पोस्ट करने वाले लोगों पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग से ही शांति व्यवस्था कायम की जा सकती है। इस मौके पर सरपंच राजेंद्र ओझा, पंचायत समिति विकास कुमार सिंह, अभिषेक प्रसाद, निरंजन कुमार सिंह, राहुल कुमार, अजय कुमार मेहता, चंद्रशेखर सिंह, पूर्व मुखिया विनोद कुमार, सुजीत कुमार, शुभम कुमार, सीताराम मेहता, सरजू प्रसाद, सरोज कुमार, अतुल पांडेय, ओंकार नाथ सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# नीतीश कुमार के बयान पर भाजपा नेताओं ने किया पुतला दहन।

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार)बिहार विधानसभा एंव विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं पर किए गए अभद्र टिप्पणी मामले में भाजपा के संयुक्त मंडल के द्वारा नाराजगी जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया तथा शहर के मगध होटल के पास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ईस्तीफा दो के नारे भी लगाए। भाजपा जिला प्रवक्ता अश्वनी कुमार तिवारी ने संबोधित करते कहा कि जिस देश में नारी को देवी के रूप में पूजा जाता है । केंद्र सरकार महिलाओं को सम्मान देने के लिए 33% आरक्षण लेकर आई है ,वहीं बिहार के मुखिया की ओर से महिलाओं के प्रति इस तरह की बयान बाजी बेहद निंदनीय है। भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष संजय मेहता ने कहा कि लोकतंत्र के मंदिर में इस प्रकार के भाषा का प्रयोग करना पूरे बिहार को शर्मसार करती है ।नीतीश कुमार ने बिहार को देश एवं दुनिया में बदनाम करने का काम किया है ।जिला उपाध्यक्ष टैगोर शर्मा ने कहा



की बिहार विधानसभा एवं बिहार विधान परिषद में महिलाओं के प्रति जो अभद्र टिप्पणी किया गया इस टिप्पणी को या इस बात को परिवार समूह में क्या हम लोग आपस में भी नही कर सकते। इस मौके पर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष डॉ दिनेश वर्मा , नगर महामंत्री श्याम पाठक , नगर मंत्री नथून कसेरा , बूथ प्रभारी बैजनाथ प्रसाद कश्यप , मिंशु कुमार , किशोर शर्मा , सुनील दुबे , राजन आर्य , राज पाठक, अभिषेक चौधरी, सुनील दुबे , मुन्ना तिवारी,अभिषेक कुमार , पारस चौरसिया , शंकर कुमार, देव सोनी , एवं उमेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

# महिलाओं के प्रति अश्लील टिप्पणी पर अभाविप छात्रों ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण रौकी दूबे प्रखंड संवाददाता ओबरा**

औरंगाबाद (बिहार)ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित बेल रोड के समीप एनएच 139 पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ओबरा इकाई के द्वारा गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। इस दौरान छात्रों ने कहा कि विधानसभा में महिलाओं के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन करते हुए नारेबाजी की। तथा उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा लोकतंत्र के पवित्र मंदिर में महिलाओं के प्रति जिस तरह की अश्लील शब्दों



का प्रयोग किया गया वह काफी निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने पूरे बिहार का नाम खराब किया है उनका ब्यान बताता है कि महिलाओं के प्रति उनके सरकार की सोच क्या है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने कहा कि बिहार में युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है, महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं पर मुख्यमंत्री उसपर अंकुश लगाने के बजाय ऐसी घटनाओं को अश्लील बात कर बढ़ावा दे रहे हैं। इस दौरान छात्रों ने जागरूकता रैली के माध्यम से मुख्यमंत्री के विरुद्ध यह संदेश दिया कि महिलाओं के प्रति मुख्यमंत्री पूरी तरह फेल हैं। कार्यक्रम के उपरांत छात्रों ने मुख्य बाजार होते हुए बेल रोड स्थित स्टेट बैंक के समीप धारणा को तब्दील करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस अवसर पर छात्र नेता पुष्कर अग्रवाल, मुकेश कुमार, मंगनाथ दूबे, सुरज कुमार, आनन्द विश्वकर्मा, विकास कुमार, सुप्रिया पांडेय, नीतू कुमारी, संजना कुमारी, सोनी कुमारी, ममता कुमारी, खुशबू कुमारी, अंजली कुमारी के अलावे अन्य छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

# जिला पदाधिकारी का जन संवाद कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार) 9 नवंबर 2023 :- जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में गुरुवार को कुटुंबा प्रखंड के ग्राम पंचायत- परता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जनता को जानकारी दी गई।

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कई महत्वपुर्ण बातों को जनता के साथ साझा किया गया। साथ ही आम जनता द्वारा सरकार द्वारा क्रियान्वित किये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं से किस प्रकार उन्हें लाभ पहुँच रहा है, इसके बारे में विस्तार से बताया गया।

जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताते हुए सरकार के महत्वपुर्ण योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी जनता के समक्ष रखा गया। जिला पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, विशेष केंद्रीय सहायता योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंध योजना, आपदा राहत कोष, श्रमिक कल्याण कोष, कपूरी ठाकुर छात्रावास, अंबेडकर छात्रावास एवं अन्य योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया एवं बताया गया कि किस प्रकार इन सरकारी योजनाओं का लाभ लिया जा सकता है। बताया गया कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत विकास के कार्यों को कराने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता के तहत भी कई योजनाओं को लिया गया है, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है।



अपर समाहर्ता द्वारा राजस्व विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके द्वारा ऑनलाइन भूमि दाखिल खारिज, जमाबंदी डिजिटाइजेशन, आधार सीडिंग, परिमार्जन, अभियान बसेरा भाग 02, भूमि बंदोबस्ती, ऑपरेशन दखल देहानी इत्यादि योजनाओं के बारे में बताया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन हरियाली अभियान, मुख्य मंत्री आवास योजना, मुख्य मंत्री आवास सहायता योजना एवं मनरेगा योजनाओं की उपलब्धि के बारे में लोगों को अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में आम जनता के समक्ष सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड नाटक तथा विडीयो फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।

इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन, उप विकास आयुक्त अभयेंद्र मोहन सिंह, सिविल सर्जन रवि भूषण श्रीवास्तव, अनुमंडल पदाधिकारी विजयंत, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, सीडीपीओ के अतिरिक्त जिलास्तर के कई वरीय पदाधिकारी के साथ प्रखंड स्तरीय सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जन प्रतिनिधिगण की भागीदारी रही।

# जनसंख्या नियंत्रण पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना, मुख्यमंत्री के लिए शर्म की बात है- आदित्य श्रीवास्तव.

**दैनिक समाज जागरण, विश्वनाथ आनंद, वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद( बिहार )- जनसंख्या नियंत्रण के ऊपर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा सदन में कही गई महिलाओं के प्रति अमर्यादित भाषा मुख्यमंत्री के लिए शर्म की बात है. इस संबंध में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी आदित्य श्रीवास्तव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने नीतीश कुमार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि राजनीति में नीतीश कुमार जैसा अश्लील नेता नहीं देखा होगा,लगता है संगत का रंगत चढ़ गया है इनके ऊपर, अपनी इस गंदी मानसिकता वाले भाषा से उन्होंने मां सीता की जन्म भूमि बिहार की धरती को कलंकित किया है. उन्होंने आगे कहा कि जिस देश में हम सभी नारियों को देवी के स्वरूप पूजा करते हैं .उसे नारियों के प्रति इस तरह से भाषा का इस्तेमाल कर पूरे देश को शर्मसार कर दिया है.लोकतंत्र को पूरी तरह से शर्मसार कर दिया है. नीतीश कुमार ने. उन्होंने आगे कहा कि सीधे तौर पर कहे तो जब किसी राज्य के राजा की ही मति भ्रष्ट हो जाय, तो कुछ भी नही किया जा सकता.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं पर दिए गए अमर्यादित बयान से लोकतंत्र शर्मसार हो



गया है. मुख्यमंत्री के बयान से महिलाएं के भावनाओं को काफी आहत हुआ है ,बचपन में हम सब किताबों में पढ़ते थे ,अंधेर नगरी चौपट राजा .लेकिन अब यह लोकतंत्र के मंदिर में दिखनें भी लगा है.जहां का राजा अभद्र बातों को बेलिहाज रखकर सदन की मयार्दा को तार- तार कर रहा है. मुख्यमंत्री द्वारा जनसंख्या नियंत्रण को लेकर दिया गया बयान सभ्य समाज में किसी भी दृष्टिकोण से सही नही ठहराया जा सकता है. उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से महिलाओं पर उनके द्वारा सदन में बयान दिए गए हैं ,उससे तो यही प्रतीत होता है कि अब मुख्यमंत्री की दिमागी हालत ठीक नहीं.महिलाओं से संदर्भित बयान उनकी घटिया मानसिकता एवं सोच को दर्शा रही है, लोकतंत्र के मंदिर विधानसभा में इस तरह के बयान बाजी समझ से परे क्योंकि उसी विधानसभा सत्र के दौरान कई महिला विधायिका भी वहां मौजूद होती हैं.फिर भी हैरानी होती है कि सबसे उच्च पद पर बैठे मुख्यमंत्री के द्वारा महिलाओं पर इस तरह के बयान भी दिया जाया सकता बस वही बात है नीतीश कुमार के साथ विनाश काले विपरीत बुद्धि .नीतीश कुमार अपने सत्ता और कुर्सी के सुख में अपनी नैतिकता को गिरवी रख दिया है. यह अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए स्वाभिमान तक को भी अब बेच दिए हैं, तो जनता क्या उम्मीद लगा सकती है मुख्यमंत्री को थोड़ा भी लज्जा इनके अंदर है तो अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें नीतीश कुमार.

# विद्युत तार के चपेट में आने से देव पूर्वी केताकी पंचायत के बिश्रामपुर गांव निवासी दीपक पासवान की हुई मौत- गायत्री देवी .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद जिला के देव प्रखंड स्थित पूर्वी केताकी पंचायत के बिश्रामपुर गांव निवासी दीपक पासवान की मौत विद्युत तार की चपेट में आने से हो गया . इस संबंध में देव दक्षिणी जिला पार्षद क्षेत्र संख्या- 28 के जिला पार्षद सदस्य श्रीमती गायत्री देवी ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि पूर्वी केताकी पंचायत के बिश्रामपुर गांव निवासी देव कुमार पासवान के पुत्र दीपक पासवान( उम्र लगभग 25 वर्ष) की मौत विद्युत तार के चपेट में होने से हो गया . उन्होंने आगे कहा कि दीपक पासवान विद्युत विभाग देव कार्यालय में बिजली मिस्त्री का कार्य करता था . बिजली की तार जोड़ने के लिए खंभे पर बुधवार को चढ़ा था . उसी के क्रम में विद्युत विभाग के कर्मियों ने विद्युत प्रवाहित कर दिया. जिसके कारण बुरी तरह से झुलस गए . उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय ग्रामीणों ने स्थानीय प्राथमिक चिकित्सालय में दीपक पासवान को इलाज कराने के लिए ज्योही ले जा रहा था कि अचानक रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया . श्रीमती गायत्री देवी ने आगे कहा कि उक्त घटना से संबंधित जानकारी जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकांत शास्त्री को एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी देव को दिया . उन्होंने आगे कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ₹20000 रुपए संस्कार करने के लिए सरकारी राशि का सहयोग प्रदान किया . श्रीमती गायत्री देवी ने कहा कि दीपक पासवान की जिम्मेवारी घर चलाने से लेकर परिवार तक की थी . लेकिन अचानक मौत हो जाने से उसके घर में पहाड़ टूट पड़ा . परिजनों की हालत बद से भी बत्तर हो गया. अब परिजनों को देखने के लिए कोई नहीं. श्रीमती गायत्री देवी ने कहा कि बिजली मिस्त्री दीपक पासवान की मौत बिजली विभाग के लापरवाही के कारण हुई है . श्रीमती गायत्री देवी ने जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा विद्युत विभाग के प्रधान सचिव से मांग किया है कि दीपक पासवान के परिजनों के एक सदस्य को मुआवजा के रूप में एक परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी तथा सहायता के रूप में सरकारी राशि का भुगतान कराई जाए ताकि परिजनों का जीने का सहारा प्राप्त हो सके. वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग के पदाधिकारी ने मीडिया द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा कि विद्युत विभाग पर लगाई गई आरोप बेबुनियाद एवं मनगढ़ंत है . अब देखना है कि जिला पार्षद क्षेत्र संख्या- 28 देव दक्षिणी के जिला पार्षद सदस्य श्रीमती गायत्री देवी के मांगी गई मुआवजा पर सरकार एवं स्थानीय प्रशासन क्या कर पाती है यह तो आने वाला वक्त बताएगा. लेकिन जिस प्रकार से विद्युत विभाग के मिस्त्री दीपक पासवान की मौत विद्युत तार की चपेट में आने से हुई है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है . श्रीमती गायत्री देवी ने दीपक पासवान की हुई मौत पर दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति प्रदान करने के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया. एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य, शक्ति एवं साहस देने की कामना ईश्वर से किया. इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

# शांति समिति की बैठक थाना परिसर में हुई

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता,हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार)-- थाना परिसर में दीपावली व छठ पर्व शांतिपूर्ण मनाए जाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई ।थानाध्यक्ष अजय शंकर कुमार, प्रभारी सीओ डॉ शोभा कुमारी ने जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते हुए कहा कि पर्व को शांति पूर्वक सम्पन्न हो हम सबको जिम्मेवारी बनती है ।थानाध्यक्ष ने कहा कि पूजा पंडाल,जुलूस के लिए लाइसेंस जरूरी है ।डीजे पूरी तरह से प्रतिबंधित है ।डीजे कहि इस्तेमाल होता है तो मालिक व पूजा कमिटी पर कानूनी करवाई की जाएगी ।सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए एसडीओ से अनुमति लेना होगा ।बैठक में लोजपा नेता विजय अकेला,डॉ देवलाल पासवान, मुखिया अजित कुमार उर्फ चुनु शर्मा,श्रीकांत वर्मा,पंचायत समिति श्रीनिवास सिंह,प्रगति सिंह,डॉ ब्रह्मदेव प्रसाद,डॉ जितेंद्र कुमार धर्नजय घोष,अरविंद प्रसाद,बखोरा खान,जनेश्वर चौधरी भोला कुरैशी सहित दर्जनों समाजसेवी उपस्थित रहे।



# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भाजपा ने किया पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण प्रेम कुमार, प्रखंड संवाददाता, हसपुरा**

औरंगाबाद(बिहार) -- बिहार के जनसंख्या अनुपात में सुधार व परिवार नियोजन में में महिला शिक्षा को महत्व को समझाने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विवादित बयान को भाजपा ने अमर्यादित बताते हुए आंदोलन छेड़



दिया है। गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी हसपुरा ने मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में हसपुरा बजार के पटेल चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाया। भाजपा ने कहा कि सदन जैसे पवित्र स्थान पर मुख्यमंत्री ने सत्ता के नशे में महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए उनका अपमान किया है। भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री के पुतले के साथ मातृ शक्ति का सम्मान करो, नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेंगे, नितीश कुमार गद्दी छोड़ो का नारा लगाते हुए हसपुरा बजार में प्रदर्शन किया ।नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यकर्ता बाजार के पटेल चौक पहुंचे ।जहां नुक्कड़ सभा किया ।नुक्कड़ सभा मे नीतीश कुमार को मानसिक विक्षिप्त बताते हुए इस्तीफा का मांग किया। उसके बाद पुतला दहन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। पुतला दहन के दौरान हसपुरा बाजार जाम हो गया दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी कतार लग गया। कार्यकताओं ने पुतला लेकर प्रखंड कार्यालय तक पहुंचे और नीतीश कुमार इस्तीफा दो का नारा लगाकर विक्षोध जताया। पुतला दहन कार्यक्रम में जिला महामंत्री रवि शंकर शर्मा,जिला उपाध्यक्ष विकास भैभव उर्फ टैगोर जी, पूर्व अध्यक्ष अमन कुशवाहा, मंडल महामंत्री मिंटू शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष निर्भय पाठक, विरेन्द्र कुमार उर्फ विधायक जी , मंडल कोषाध्यक्ष श्री कांत शर्मा, सुधांशु शेखर पिंटू सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया।

# राजद के समर्थको व कार्यकताओं ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का मनाया केक काटकर 34 वा जन्मदिन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- गया जिला के शेरघाटी मे बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का गुरुवार को राजद के समर्थको एवं कार्यकताओं ने केक काट कर 34वां जन्मदिन मनाया. इस अवसर पर राजद के समर्थकों एवं कार्यकताओं के बीच काफी उत्साह देखा गया. इस दौरान कार्यकताओं ने उनके राजनीतिक तरक्की के लिए प्रार्थना किया एवं ईश्वर से दीघार्यु होने की कामना किया. प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र यादव, रामचंद्र प्रसाद यादव, कृष्णानंद कुमार, टुनटुन अग्रवाल, कामदेव यादव सहित अन्य कार्यकताओं ने केक काटा. एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को बिहार के भावी मुख्यमंत्री बताया. उपस्थित लोगों ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने गरीबों को आवाज दी, तो तेजस्वी ने बेरोजगारों को रोजगार दिया. उन्होंने कहा कि बड़े उत्साह से आज उनका 34वां जन्म दिवस मनाया जा रहा है. इस अवसर पर सैकड़ो कार्यकताओं ने तेजस्वी यादव जिंदाबाद के नारे भी लगाए.



# औरंगाबाद में लोजपा रामविलास पार्टी के कार्यकताओं एवं समर्थको ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रमेश चौक के समीप फूका पुतला

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार)- औरंगाबाद में लोजपा रामविलास पार्टी के समर्थको एवं कार्यकताओं ने जिलाअध्यक्ष के नेतृत्व में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का रमेश चौक के समीप पुतला दहन किया. पुतला दहन करने के उपरांत लोजपा रामविलास पार्टी के औरंगाबाद जिला अध्यक्ष ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधानसभा सत्र के दौरान जिस प्रकार से महिलाओं के प्रति टिप्पणी व्यक्त किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है. ऐसी स्थिति में बिहार के मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए. उन्होंने आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक सर्वोच्च पद पर बैठकर जिस प्रकार से महिलाओं के प्रति सोच रखते हुए टिप्पणी व्यक्त किया है. जो कहूं से भी उचित प्रतीत नहीं है. ऐसे तो पुतला दहन करने के दौरान लोजपा रामविलास पार्टी के समर्थको एवं कार्यकताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री के विरुद्ध नारे लगाते हुए इस्तीफा की मांग किया है



लोजपा रामविलास पार्टी के समर्थकों ने कार्यालय से बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला पुरानी जीटी रोड से होते हुए रमेश चौक लाया . जहां पुतला का दहन किया गया .इस दौरान काफी संख्या में लोग मौजूद थे.

# हर्ष एवं उत्साह का प्रतीक ज्योति पर्व दीपावली कई त्यौहारों का समूह है

**बिभूति भूषण भद्र दैनिक समाज जागरण झाड़ग्राम जिला संवाददाता**
दीपावली देश के सबसे बड़े और सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। आध्यात्मिक रूप से यह अंधकार पर प्रकाश की विजय को दशार्ता है। धार्मिक दृष्टि से दीपावली अत्यधिक महत्वपूर्ण है।हर्ष और उत्साह का प्रतीक ज्योति पर्व दीपावली वस्तुतः एक पर्व समूह है। जो कार्तिक कृष्णा त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की दूज तक बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। कार्तिक कृष्णा त्रयोदशी को धनतेरस कहते हैं। इस दिन नए आभूषण व बर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। यमराज की पूजा के लिए एक दीपक जलाकर घर के मुख्य दरवाजे पर रखा जाता है। इसी दिन भगवान विष्णु ने नृसिंह रूप में अवतरित होकर हिरण्यकश्यप को वध किया था। समुद्र मंथन में इसी दिन भिषगाचार्य धनवंतरी का अभिर्भव हुआ था। इसलिए इस दिन को वैद्यगण धनवंतरी दिवस के रूप में मनाते हैं।



अगले दिन चतुर्दशी को नरक-चौदश अथवा छोटी दिवाली मनाया जाता है। पुराणों के कथा अनुसार इस दिन योगेश्वर कृष्ण ने नरकासुर का वध कर उसके कारागार में बन्दी सोलह हजार कन्याओं का उद्धार किया था। नरक चौदश उसी आनंद और उल्लास का प्रतीक है।

अमावस्या के दिन ज्योति पर्व अर्थात बड़ी दीपावली मनाई जाती है। इस दिन लक्ष्मी गणेश की पूजन होती है। लक्ष्मी धन की अधिष्ठात्री देवी है, गणेश जी जनकल्याण के देवता। लक्ष्मी जी के साथ गणेश पूजन का अर्थ है, अर्जित धन का जनकल्याण में व्यय करना, उसका दुरुपयोग ना हो।

कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को गोवर्धन पूजा का दिन मानते हैं। यह पूजा भगवान कृष्ण के गोवर्धन धारण की स्मृति में की जाती है। वस्तुत या गोधन के महत्व की सूचक भी है। इस दिन अन्नकूट भी मनाया जाता है। इस दिन से व्यापारीगण नववर्ष का आरंभ करते हैं।

पांचवें दिन को भैया दूज या यम द्वितीया कहते हैं। इस दिन बहन भाई की आरती उतारकर, तिलक लगाकर उसकी मंगल कामना करती है। मान्यता के अनुसार इस दिन जो यमदेव की उपासना करता है उसे असमय मृत्यु का भय नहीं रहता।

भारतीय संस्कृति के आदर्श पुरुष राम रावण पर विजय पाकर इसी दिन अयोध्या लौटे थे, उनके आगमन की खुशी में घरों को सजा गया और रात्रि में दीपमलिका की गई। आधुनिक युग के महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती, एवं जैन धर्म के प्रवर्तक महावीर स्वामी का स्वर्गवास भी इसी दिन हुआ था। सिकखों के छठे गुरु हरगोबिंद सिंह जी ने इसी दिन कारावास से मुक्ति पाई थी। महाराज युधिष्ठिर का राजसू यज्ञ भी इसी दिन समाप्त हुआ था। पौराणिक गाथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय लक्ष्मी का अवतार भी इसी दिन हुआ था।

# जिलाधिकारी ने मंडल कारा किशनगंज का किया निरीक्षण, कैदियों और उनके मुलाकातियों की सुविधा का किया अवलोकन, दिए कई निर्देश

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
किशनगंज,09 नवंबर। जिलाधिकारी तुषार सिंगला के द्वारा मंडल कारा,किशनगंज का निरीक्षण किया गया। कारा में बंदियों की समस्याओं एवं शिकायतों की जानकारी ली गई। उनके द्वारा कैदियों के ससमय आहार,पेयजल,चिकित्सा और मनोरंजन व अन्य समस्याओं को लेकर कैदियों से पूछताछ कर काराधीक्षक को निर्देश दिया गया। मंडल कारा में कुल 460 बंदी संसीमित है , जिसमें 17 महिला बंदी थी।

बता दें कि डीएम श्री सिंगला अपराह्न 4:30 बजे मंडल कारा पहुंचे। तत्समय उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंडल कारा में संसीमित बंदियों से बातचीत कर उनकी तकलीफों, दिक्कतों, रहने की व्यवस्था के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने जेल में पेयजल की समस्या, मनोरंजन की समस्या, फोन करने हेतु बूथों की संख्या, शौचालय में साफ सफाई एवं पानी की व्यवस्था के संबंध में भी कैदियों से फीडबैक प्राप्त किया।

डीएम ने मंडल कारा में निमार्णाधीन बैरक,रसोई मरम्मती और पेरीमीटर से सटे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के क्रम में मंडल कारा में बैरक,रसोई मरम्मती और सड़क निर्माण में प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु भवन निर्माण प्रमंडल के उपस्थित अभियंता को सख्त निर्देश दिया गया। मंडल कारा के भीतरी परिसर में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने में हो रहे विलंब पर खेद प्रकट करते हुए भवन निर्माण के उपस्थित अभियंता को कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने का निर्देश दिया गया।साथ ही,उन्होंने निर्देश दिया कि मंडल कारा के अंदर निर्माण कार्य के दौरान गोपनीयता बनाए रखने हेतु आवश्यक कार्रवाई मंडल कारा के जेलर के



स्तर से कर ली जाय।जिलाधिकारी ने कारा अधीक्षक,रंजीत कुमार को कैदियों की असुविधाओं को कम करते हुए जेल मैनुअल के हिसाब से पर्याप्त व्यवस्था करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कैदियों से मिलने आने वाले मुलाकातियों के अनुश्रवण कर वर्जित सामग्रियों के प्रवेश पर रोक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के समय कारा की व्यवस्थाओं से जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे।

निर्माण कार्य,कैदियों की सुविधाओ के अतिरिक्त जिलाधिकारी ने कारा के अंदर और बाहरी परिसर में साफ सफाई,सुरक्षा के दृष्टिकोण से कक्षपालो की ड्यूटी, समय - समय पर सेफ्टी मॉनिटरिंग हेतु निर्देश दिया है।

जिलाधिकारी द्वारा कैदियों को उनके परिजनों से बातचीत कराने के लिए मंडल कारा के अंदर लगाए गए बूथों एवं वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम का भी मुआयना किया गया।बूथ और वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सिस्टम दुरुस्त पाया गया। इस अवसर पर कारा अधीक्षक रंजीत कुमार, प्रभारी जेलर मनोज कुमार सिंह, जेल चिकित्सक,सभी सहायक अधीक्षक व अन्य मंडल कारा कर्मी तथा भवन प्रमंडल के अभियंता उपस्थित थे।

# नशे का धंधा : युवाओं को कारोबार में शामिल करने में सौदागर सफल !!

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
गलगलिया(किशनगंज) । दिन-प्रतिदिन इंडो-नेपाल सीमावर्ती इलाका पैर पसारती नशे के धंधा के कारण बदनाम होता जा रहा है । संबधित प्रशासन इस इलाके को नशा मुक्त बनाने हेतु प्रयासरत भी है । बावजूद युवाओं को नशे के कारोबार में शामिल करने में सौदागर सफल होते नजर आ रहे हैं । इसी क्रम में एस एस बी 41वीं बटालियन अंतर्गत निम्बूगुड़ी बि ओ पी के जवानों ने एक 22 वर्षीय युवक को संदिग्ध मॉर्फिन के साथ हिरासत में लिया है । हिरासत में लिए गए युवक का नाम मो0 अब्दुले गलगलिया थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है ।



एस एस बी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना मिली कि गलगलिया थाना क्षेत्र के बाँसमुनी गाँव इलाके में एक युवक किसी को प्रतिबंधित नशीली पदार्थ आपूर्त करने वाला है । मद्देनजर एस एस बी 41 बटालियन अंतर्गत निम्बूगुड़ी बि ओ पी के जवानों ने एक टीम गठित कर उक्त इलाके में पहुंचकर एक संदिग्ध युवक को रोक कर पूछ-ताछ की गई । पूछ-ताछ के क्रम में शक होने पर उसकी तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान उसके पास से 50 ग्राम संदिग्ध मॉर्फिन बरामद की गई । ड्रग्स डिडेक्शन किट से जांच करने पर जब्त किए गए नशीले पदार्थ की पुष्टि होने के बाद उसे मोके पर ही प्रतिबंधित नशीली पदार्थे के साथ हिरासत में ले लिया गया ।

एस एस बी निम्बूगुड़ी बि ओ पी द्वारा आवश्यक कारवाई के बाद उक्त व्यक्ति को जब्ते मॉर्फिन के साथ गलगलिया थाना को अग्रिम करवाई हेतु सौंप दिया गया है।

वहीं गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार द्वारा उक्त युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कांड संख्या 54/23 दर्ज करते हुए गुरुवार को न्यायिक हिरासत में किशनगंज जेल भेज दिया है।

# उच्च यातायात घनत्व वाले मार्गों की क्षमता को 16,600 किलोमीटर की कुल लंबाई तक बढ़ाया जाएगा; ट्रंक मार्गों को बढ़ाया जाएगा और फीडर मार्ग दोगुने किए जाएंगे

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) श्रीमती सुमिता डावरा की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 59वीं बैठक हुई।

बैठक में, रेल मंत्रालय के उच्च यातायात घनत्व मार्गों (एचटीडीआर) पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में 16,600 किलोमीटर की कुल लंबाई के साथ उच्च यातायात घनत्व वाले मार्गों की क्षमता में वृद्धि, ट्रंक मार्गों को चार लेन का बनाना तथा उनका दोहरीकरण करना शामिल हैं। आशा है कि इससे नेटवर्क में भीड़ कम होगी और स्पीड बढ़ेगी। रेल मंत्रालय ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 200 परियोजनाओं को चिन्हित किया है।

बैठक में, देश में अवसंरचना की मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी बढ़ावा देने के लिए परिवहन के अन्य साधनों के साथ रेलवे को एकीकृत करने के पहलू पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के महत्व को एनपीजी सदस्यों द्वारा संभावित रोजगार सृजन और भारतीय लॉजिस्टिक इकोसिस्टम के लिए समग्र महत्व के संदर्भ में स्वीकार किया गया था। औद्योगिक क्षेत्र को एक स्थायी परिवहन विकल्प प्रदान करने की इसकी क्षमता को भी स्वीकार किया गया था।

यह कार्यक्रम वांछित वृद्धिशील नेटवर्क क्षमता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके परिणामस्वरूप भीड़ कम होगी, रेलवे मार्गों पर अतिरिक्त ट्रेनों को चलाने की क्षमता पैदा होगी और औसत गति में सुधार होगा। क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अप्लीकेशन से सतत तरीके से सामाजिक-आर्थिक विकास को उत्प्रेरित करने के लिए पर्याप्त अवसंरचना का निर्माण होगा तथा प्रारंभ और अंतिम मील कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि एचटीडीआर परियोजना मार्ग में 210 जिलों के 6000 से अधिक गांवों को कवर करेगी।

# राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय में निकल गई जागरूकता रैली

**विरेन्द्र चौहान समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार,पटना के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार,किशनगंज के द्वारा दिनांक-09 नबम्बर 2023 को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय मे ओम शंकर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार,किशनगंज के अध्यक्षता में जागरूकता रैली निकाली गई। उक्त जागरूकता रैली में पैनल अधिवक्तागण,पारा विधिक स्वंय सेवकगण के अलावे जिला विधिक सेवा प्राधिकार,किशनगंज के कर्मीगण ने भाग लिया।राष्ट्रिय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर उक्त जागरूकता रैली के अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्र, हसनपुर , किशनगंज में पैनल अधिवक्ता संगीता मानव एव पारा विधिक स्वंय सेवक इरशाद आलम; कमलपुरपुर पंचायत भवन, कोचाधामन में पैनल अधिवक्ता राज कुमार साह एव पारा विधिक स्वंय सेवक सुनील कुमार ठाकुर; लक्ष्मी चौक पौआखाली, ठाकुरगंज में पैनल अधिवक्ता सुखदेव प्रसाद सिंह एव पारा विधिक स्वंय सेवक दिलीप कुमार राम; मंडल कारा, किशनगंज में पैनल अधिवक्ता कुमार सुभम राज,स स्टैंड किशनगंज में पैनल अधिवक्ता महादेव प्रसाद दिनकर एव पारा विधिक स्वंय सेवक बिमल कुमार सिंह के द्वारा



विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।साथ ही किशनगंज जिले के विभिन्न क्षेत्रो में डोर टू डोर विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकार किशनगंज के विभिन्न पारा विधिक स्वंय सेवकों ने नालसा की विभिन्न योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्य , आगामी 09.12.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रिय लोक अदालत , मध्यस्थता केंद्र आदि के बारे में लोगों को जागरुक किया गया।

# दीपावली व छठ को लेकर बथनाहा ओपी में शांति समिति की बैठक आयोजित।

*कैप्शन- शांति समिति की बैठक में उपस्थित गणमान्य लोग व पुलिस ।*

**रंजीत ठाकुर, दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
अररिया।आगामी दीपावली व छठ पर्व को लेकर गुरूवार को बथनाहा ओपी परिसर में गण्यमान्य लोगों की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक में पर्व शांति व सौहार्द पूर्ण माहौल में संपन्न हो इसको लेकर उपस्थित पुलिस निरीक्षक नंदकिशोर नंदन एवं ओपी अध्यक्ष नगीना कुमार ने चर्चा किया। वहीं उपस्थित लोगों ने भी कहा ओपी क्षेत्र के सभी स्थानों पर दीपावली व छठ पूजा शांतिपूर्वक संपन्न होता है। बैठक की अध्यक्षता फारबिसगंज सर्किल इंस्पेक्टर नंदकिशोर नंदन ने की । वहीं बथनाहा ओपी क्षेत्र में पड़ने वाले काली पूजा समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया। मौके पर इंस्पेक्टर ने कहा दीपावली खुशियों का त्योहार है भगवान राम के आने की खुशी में दीप जलाकर आपस में खुशियाँ बाटे। कहा कि आज के युवाओं में मादक पदार्थों की लत में फंसते जा रहे हैं, इस पर अंकुश तभी लगाया जा सकता, जब तक आप लोगों का सहयोग नहीं मिलेगा। लोगों को जागरूक करें कि नशा करना बुरी लत है, इससे परहेज करें। क्योंकि युवा ही आने वाले कल के भविष्य हैं। वहीं मौके पर ओपीध्यक्ष नगीना कुमार ने सबों से अपील करते हुए कहा कि पर्व शांति व सौहार्द पूर्ण तरिके से मनाए,अफवाहों पर ध्यान नहीं दे । सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का विवादित पोस्ट नहीं करें, जिससे शांति भंग हो। इस मौके पर उपस्थित, समाजसेवी हैदर अली, पूर्व मुखिया सोनापपुर बसंत लाल दास, मुखिया बथनाहा मो० अखलाक, एवं असलम परवेज, अजय कुमार साह, शहंशा आलम,मो० जिबरईल ,बसंत पंडित ,विजय यादव, मो०ताहा, विक्की कुमार सहित अन्य लोग बैठक में मौजूद थें।



# प्रमंडलीय आयुक्त ने मतदाता जागरूकता रथ को किया रवाना, कहा योग्य नागरिकों को मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाना मुख्य उद्देश्य

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
निर्वाचक सूची प्रेक्षक - सह - प्रमंडलीय आयुक्त,पूर्णिया प्रमंडल,पूर्णिया के द्वारा समाहरणालय स्थित जिलाधिकारी कार्यालय कक्ष में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली द्वारा अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के आलोक में समीक्षात्मक बैठक सभी इआरओ के साथ किया गया।प्रमंडलीय आयुक्त - सह - निर्वाचक सूची प्रेक्षक,मनोज कुमार( भा०प्र०से० ) के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को कई महत्त्वपूर्ण दिशा - निर्देश जारी किए गए। सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारियों सहित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के स्तर से सभी मतदाताओं की उम्र की जांच करने के साथ-साथ उनका आधार कार्ड से संबंधित जानकारी को मतदाता सूची से सत्यापित करने का भी निर्देश दिया गया। वह मतदाताओं के नाम को विलोपित कराने का कार्य बहुत ही सावधानी से कराएं। विलोपित करने के क्रम में संबंधित मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र की जांच एवं मतदाताओं का भौतिक सत्यापन अवश्य करना सुनिश्चित करें। हर हाल में सुनिश्चित करें कि मृत मतदाता का नाम सूची में न रहे।

प्रमंडलीय आयुक्त मनोज कुमार ने मतदाता जागरूकता रथ को समाहरणालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह रथ सभी प्रखंडों में भ्रमण कर मतदाताओं में जागरूकता लाएगी।नए मतदाताओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला (भा०प्र०से०) , सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों मौजूद थे।तत्पश्चात बैठक कर आयुक्त ने कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम छूटना नहीं चाहिए, सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन जरूर कराएं ताकि त्रुटि रहित मतदाता सूची जारी की जा सके। स्वीप कार्यक्रम को लगातार जारी रखने का निर्देश दिए गए। 10 नवंबर को जागरूकता रैली निकाली जाएगी ,ताकि मतदाता सूची पुनरीक्षण को गति प्रदान हो सके।



आयुक्त ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया पर सतत प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार कराना आवश्यक है।स्वीप के माध्यम से युवा मतदाताओं को पंजीकरण कराने के लिए कॉलेज स्तर पर कैम्पस एम्बेसडर की नियुक्ति और क्लब का गठन कर युवा मतदाताओं की भागीदारी बढ़ा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि स्वीप का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची में पंजीकरण बढ़ाकर मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित कराना, नैतिक एवं गुणवत्तापूर्ण मतदाता सहभागिता सुनिश्चित कराना। युवा मतदाता विशेषकर 18-19 वर्ष को सुनिश्चित कराना है। निर्वाचन प्रक्रिया को व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, प्रचार रथ, नुक्कड़ नाटक आदि किये जायेंगे।

गौरतलब हो कि व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए समाहरणालय परिसर में सेल्फी प्वाइंट का निर्माण किया गया है।

बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला (भा०प्र०से०), उप विकास आयुक्त स्पर्श गुप्ता (भा० प्र० से०), अपर समाहर्त्ता अनुज कुमार ,अनुमंडल पदाधिकारी लतीफुर रहमान, डीसीएलआर शिव शंकर पासवान, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रवीण जहां उपस्थित थे।

# कुकुरबाघी हत्याकांड : नामजद अभियुक्त को गलगलिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
गलगलिया (किशनगंज)। गलगलिया थाना पुलिस को कुकुरबाघी हत्याकांड में एक बड़ी कामयाबी मिली है ।

गलगलिया पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कुकुरबाघी हत्याकांड में संलिप्त एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार किये गये आरोपित को आवश्यक कारवाई के बाद गुरुवार को न्यायिक हिरासत में किशनगंज भेज दिया गया ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर, कुकुरबाघी हत्याकांड के उद्भेदन में जुटी पुलिस छापेमारी एक आरोपित को पकड़ा ।

गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि घटना को लेकर गुरुवार को नामजद एक आरोपित के विरुद्ध दर्ज कांड संख्या 53/23 धारा 302/34आईपीसी के नामजद अभियुक्त नरेंद्र सिंह सा0 लाटगछ थाना गलगलिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया ।



ज्ञात हो कि बीते 2 नवंबर को गलगलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कुकुरबाघी पंचायत के लाटगच्छ में प्रेम-प्रसंग या अन्य किसी कारण में एक 27 वर्षीय युवक की लाठी डंडे और धारदार हथियार से मार-पीटकर हत्या कर दी गई थी। वहीं इस संबंध में मृतक के भाई गौतम सिंह ने गलगलिया थाना में छः नामजद एवं कई अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। जिसके बाद से ही गलगलिया पुलिस द्वारा दोषियों को पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था । इसी क्रम में गुरुवार को छः नामजद आरोपियों में से एक आरोपी नरेंद्र सिंह साकिन लाटगच्छ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में किशनगंज जेल भेज दिया गया।

वहीं इस संबंध में गलगलिया थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि आरोपित से पूछताछ जो जानकारी मिली है, उसके अनुसार अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है । जल्द ही अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# सिलीगुड़ी नगर निगम पर कई आरोप लगाते हुए भाजपा ने किया विरोध प्रदर्शन

**उत्तम सिंह: संवाददाता: दैनिक समाज जागरण :ब्यूरो चीफ (दार्जिलिंग)**
सिलीगुड़ी नगर निगम पर कई आरोप लगाते हुए सिलीगुड़ी भाजपा सांगठनिक जिला चार नंबर मंडल कमिटी के कार्यकताओं और सदस्यों ने सिलीगुड़ी नगर निगम के 3 नंबर बोरो कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया है।



संगठन के सदस्यों ने आरोप लगाया किसंगठन के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सिलीगुड़ी नगर निगम सिलीगुड़ी की जनता से किये गये सभी वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल रही है। शहर में पीने के पानी की समस्या अब तक दूर नहीं हुई है।कई सड़कें बदहाल हैं। साथ ही डेंगू का इलाज करने में भी नगर निगम पूरी तरह विफल रहा है। इन सभी शिकायतों को लेकर सिलीगुड़ी इंडोर स्टेडियम के सामने मच्छरदानी लगाकर धरना प्रदर्शन किया गया है।

# नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय में डेंगू जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**रंजीत कुमार पोद्दार : समाज जागरण : संवाददाता**
खोरीबाड़ी : सिलीगुड़ी महकमा परिषद की पहल पर गुरुवार को नक्सलबाड़ी बीडीओ कार्यालय में डेंगू जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नक्सलबाड़ी के विभिन्न इलाकों के आम लोगों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया गया। इस दिन नक्सलबाड़ी ब्लॉक की छह ग्राम पंचायतों में लगभग 600 मच्छरदानियां वितरित की गईं।



वितरण समारोह के अंत में सभाधिपति अरुण घोष ने कहा कि सिलीगुड़ी महकमा के नक्सलबाड़ी में डेंगू जागरूकता के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में 600 मच्छरदानियां वितरित की गईं। आने वाले दिनों में जरूरत पड़ने पर और भी दिया जाएगा। पूरे महकमा में डेंगू नियंत्रण में है। इस दौरान सिलीगुड़ी महकमा परिषद के सभाधिपति अरुण घोष, नक्सलबाड़ी बीडीओ प्रणब छत्रज, प्रखंड स्वास्थ्य अधिकारी कुंतल घोष, पंचायत समिति सभापति आनंद घोष और अन्य पंचायत प्रधान उपस्थित थे।

# नशेड़ियों के खून की कालाबाजारी का भंडाफोड़

**20 यूनिट ब्लड तथा 06 पैकेट ब्लड रखने वाले बैग, ब्लड निकालने वाला सिरिंच, रूई एवं 6 डायगेस्टिक रिजेयेन्ट को किया गया बरामद**

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**
07 नवंबर को समय 11:00 बजे पुलिस को सूचना मिली कि गाछपाड़ा बोमा बस्ती स्थित अशफाक आलम, बोमा बस्ती वार्ड नं.-13 थाना व जिला-किशनगंज के यहां अवैध रूप से ब्लड के संधारण तथा बिक्री किया जा रहा है।



जिला पुलिस, किशनगंज द्वारा उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु सशस्त्र बल एवं सरकारी वाहन से थाना से प्रस्थान कर अशफाक के घर साकिन बोमा बस्ती (गाछपाड़ा) वार्ड नं.-13 थाना व जिला - किशनगंज में पहुंचे तो उसके मकान के अंतिम वाला कमरा में एक फ्रीज के अन्दर 20 बैग ब्लड एवं 06 पैकेट (60 पीस) ब्लड बैग बरामद हुआ। साथ ही ब्लड निकालने वाला सिरिंच एवं रूई तथा ब्लड जाँच में 3-3 कुल 06 डाइगेस्टिक रियेजेन्ट अशफाक आलम के घर से प्राप्त हुआ। जिसे स्थानीय लोगों के समक्ष जप्त किया गया तथा सारे जप्त सामान को थाना लाया गया। तत्पश्चात उक्त संबंध में कानूनी कार्रवाई हेतु औषधी निरीक्षक, किशनगंज को सूचित किया गया। इस संबंध में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# प्रशिक्षण सह कार्यशाला : नई शिक्षा नीति के तहत प्री प्राईमरी के छात्रों को दी जाएगी शिक्षा

*● नई शिक्षा नीति के अनुपालनार्थ आयोजित की गई चार दिवसीय कार्यशाला*

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**
खोड़ीबारी(सिलीगुड़ी) । पूरे पश्चिम बंगाल के साथ आज सिलीगुड़ी शिक्षा जिला के सभी सात सर्किल बिहान प्रशिक्षण को लेकर चार दिवसीय कार्यशाला





का आयोजन किया गया। इस क्रम में आज खोड़ीबारी सर्किल में भी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

गुरुवार को प्रथम दिन 32 प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक प्रभारी व प्रधानाध्यापक के अलावा 25 शिशु शिक्षा केंद्र की मुख्य शिक्षिका उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरूआत रविंद्र संगीत से हुई। तत्पश्चात खोड़ीबारी सर्किल की स्कुल इंस्पेक्टर शिल्पी विश्वास ने स्वागत भाषण के साथ इस कार्यशाला की महत्वपूर्णता को बताया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है कि प्री प्राईमरी के छात्रों को किह विधि से पढाया जाय। उसके लिये शिक्षकों को जो बिहान पुस्तक मिली है उसका उपयोग कैसे करें तथा इन बच्चों की शिक्षा को आनंददायक बनाने हेतु टी एल एम का प्रयोग किस प्रकार करें। इस प्रशिक्षण को देने हेतु खोड़ीबारी चक्र से अंबुज कुमार राय,लखन घोष,अशोक सिन्हा, अकबर अली,देबोजीत राय ,मो.नासीर और अकबर अली को चुना गया। प्रत्येक विद्यालय एवं शिशु शिक्षा केंद्र से शिक्षक प्रभारी और एक सहायक शिक्षक को इस प्रशिक्षण को ग्रहण करना है। इसका मुख्य उद्देश्य है कि आगामी शिक्षा वर्ष में नई शिक्षा नीति के अनुसार प्री प्राईमरी के छात्रों को शिक्षा दी जाय।

# मजदूर यूनियन संघ ने काराकाट प्रखंड मुख्यालय पर जमकर प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

अपने नौ सूत्री मांगों के समर्थन में ग्रामीण मजदूर व अन्य पेंशन धारियों ने गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय पर धरना दिया। अध्यक्षता सीपीआई के जगरनाथ प्रसाद तथा संचालन मजदूर यूनियन के अमित कुमार ने किया। सामाजिक सुरक्षा के तहत लाभार्थियों को मिलने वाली राशि में बढ़ोतरी की मांग राज्य सरकार से करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वृद्ध, विधवा व दिव्यांगों को मात्र चार सौ रुपये पेंशन मिलता है। जबकि अन्य राज्यों में एक हजार से तीन हजार प्रतिमाह मिलता है। महंगाई के चलते इस राशि से रोटी का भरपाई भी नहीं हो पाता, ऊपर से कपड़ा व दवा के लिए सोचना पड़ता है। अंत में राज्यपाल पटना के नाम एक मांग पत्र बीडीओ को सुपुर्द की गई। जिसमें सामाजिक सुरक्षा की राशि पांच हजार रुपये करने, बकाया पेंशन राशि का भुगतान कराने,पूर्व की तरह वरिष्ठ नागरिकों को रेल या बस भाड़ा में रियायत करने आदि नौ सूत्री मांग शामिल है। धरनार्थियों में काशी गौतम,चन्द्र देव राम,प्रमिला देवी, श्याम दुलारी व चानमुनी कुवंर सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।



# चार पियक्कड़ को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को पुलिस ने चार पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने देते हुए बताया कि तिलकपुर में गस्ती के दौरान दीपक कुमार और उसी गांव के ज्योति प्रकाश शराब के नशे में ग्रामीणों से गाली गलौज व मारपीट कर रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर जलालपुर गांव में दीपक कुमार तथा हेमंत कुमार दोनों युवकों को शराब के नशे में ग्रामीणों व राहगीरों से मारपीट व गाली गलौज करने की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया। चारों पियक्कड़ों को मेडिकल जांच में पुष्टि होने के बाद उन्हें न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जप्त, चालक सहित लाइनर गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण ददन सोनी अकोढ़ी गोला रोहतास**

रोहतास जिले के आयरकोठा थानाध्यक्ष प्राची कुमारी को दिन बुधवार की रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि पड्हार के रास्ते अवैध बालू लदे ट्रैक्टर का परिवहन किया जा रहा हैं। सुचना के सत्यापन एवं छापेमारी करने थानाध्यक्ष प्राची कुमारी,एसआई पप्पू प्रसाद दल बल सहित उक्त स्थल पर पहुंच कर छापेमारी करते हुए अवैध बालू लदे पावर ट्रैक ट्रैक्टर चालक सहित लाइनर को पड्हार गांव में राइस मिल के पास से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष प्राची कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार चालक भीम कुमार,पिता अशोक सिंह, ग्राम पड्डरी, थाना नासरीगंज एवं लाइनर प्रिंस कुमार, पिता राजेंद्र सिंह, ग्राम सखरा,थाना राजपुर को दिन बृहस्पतिवार को जेल भेजा गया, वहीं जप्त ट्रैक्टर के इंजन एवं चेचिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कारवाई की जा रही हैं।



# बाइक के ठोकर से मासूम घायल निजी क्लीनिक मे कराया गया भर्ती

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के सासाराम चौसा पथ पर नरवर भगीरथा स्कूल के निकट सड़क पार कर रहे एक चार साल का मासूम बाइक के चपेट मे आ बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मासूम सड़क किनारे खेल रहा था जिसमे खेल वो सड़क को पार कर रहा था तभी ये हादसा हुई है। वही घायल मासूम को बाइक सवार युवक ने अपने कंधे पर रख उसे पास के निजी क्लीनिक मे भर्ती कराया जहां मासूम बच्चे का इलाज चल रहा है। धायल बच्चा केदार डोम का चार वर्षीय नाती सत्या बताया जाता है।

# पुलिस ने वाहन चालक से एक हजार की जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

जिले में चल रहे हैं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कागजात व हेलमेट नहीं रखने पर पुलिस ने आंन लाइन जुमार्ना ठोंका है।

कोचस थानाध्यक्ष के नेतृत्व में वाहन जांच किया जा रहा था। और बारी बारी से टू व्हीलर और फोर व्हीलर को रुकवा कर जांच पुलिस कर रही थी। जिसमें एक बाइक को हेमलेट नहीं होने पर एक हजार रुपए का ऑनलाइन फाइन किया गया। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि अब ऑनलाइन ही फाइन किया जायेगा है।

# बिहार सरकार भवन में हुआ जन कल्याण शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण साहिल राज दावथ रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत दावथ प्रखंड क्षेत्र के सेमरी बिहार सरकार भवन पर वीडियो कुमार अश्विनी,अंचल अधिकारी नवलकांत उपस्थिति में जन कल्याण शिविर लगाया गया। बीपीआरओ काशी नाथ सिंह ने बताया कि आयोजित शिविर में ग्रामीण आवास विभाग से 206 , आपूर्ति विभाग से 40 ,राजस्व




विभाग से चार,सामाजिक सुरक्षा विभाग 13, मनरेगा से एक, पंचायती राज विभाग से चार विद्युत विभाग से एक स्वास्थ्य विभाग से एक, प्रखंड स्वच्छता विभाग से 55, स्वास्थ्य विभाग से एक, लोक स्वास्थ्य विभाग से पांच कुल 330 आवेदन लोगों ने दिया। मौके पर मनरेगा पीओ रवि भूषण ओझा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी रूचि प्रिया,,विद्युत जेई कौशलेंद्र कुमार बी एच एम राजीव कुमार, सहकारिता प्रखंड पदाधिकारी अखिलेश कुमार, बीसी पंकज किरण, मुखिया अमरीता कूमारी, साहित कई अन्य पदाधिकारी कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जन कल्याण शिविर का आयोजन कर मामलो का ऑन द स्पॉट किया गया निपटारा

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत कोचस प्रखंड के पंचायत सरकार भवन कथराई मे जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य, मनरेगा, शिक्षा, राजस्व, आवास सहित सभी विभाग के आला अधिकारी मौजूद थे।इनके अलावे मुखिया निर्मला कुमारी समेत पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। प्रत्येक विभाग का अलग अलग समस्या सुनने एवं आवेदन लेने का लिये काउंटर खुले थे। नोडल पदाधिकारी के रूप में सीओ के प्रभार में चल रहे आरो राकेश शर्मा ने बताया की सभी विभागों से लगभग पांच सौ आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें राशनकार्ड, आवास, मनरेगा, स्वास्थ्य समेत एक सौ आवेदन का निपटारा स्पॉट पर किया गया। कहा की बाकी बचे आवेदनों को जल्द ही निपटारा कर दिया जाएगा। मौके पर आपूर्ति पदाधिकारी सुरभि राज, प्रोग्राम पदाधिकारी प्रमोद कुमार, चिकित्सा प्रभारी डॉ तुषार कुमार, डॉ केपी सिंह,बीडीसी शोभा देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि धनंजय शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि जयशंकर प्रसाद गुप्ता।उपमुखिया प्रमिला देवी समेत ग्रामीण उपस्थित थे।



# महागठबंधन सरकार में देश की मां-बहन का सम्मान भूल गए नीतीश - डॉ० मनीष

**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं के प्रति बोली गई अभद्र व अमर्यादित भाषा को लेकर पूरे देश की जनता उग्र है। जिसको लेकर अब पूरे भारत में सियासत एक बार फिर से गरमा गई है। इस पर रोष व्यक्त करते हुए रोहतास जिला के काराकाट विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी सह बिहार प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री भाजपा नेता डॉ० मनीष रंजन ने बताया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महागठबंधन सरकार में आते ही अपने माता-पिता के दिए हुए संस्कार सहित प्रदेश व देश की मां और बहनों का सम्मान करना भूल गए है। साथ ही डॉ० मनीष ने बताया कि विगत दिन 7 नवंबर को विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण पर अभद्र बयान के बाद से ही पूरे देश में उनकी उग्र आलोचना हो रही है। जो जान बुझ कर गलती कर अब माफी मांगने का ढोंगी वाला नाटक कर रहें है। लेकिन उनके असली रूप को देश की सभी मां-बहन अब समझ चुकीं है। जिसका जवाब आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देंगी। दूसरी तरफ यह सोचनीय बात है की अगर कोई मुख्यमंत्री लोकतंत्र में खुलेआम महिलाओं के प्रति ऐसे बयान दे रहें तो आप कल्पना कर सकते हैं कि राज्य में महिलाओं की क्या स्थिति होगी ? जो मुख्यमंत्री के बयान का प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता घोर निंदा करते हुए उनके इस्तीफे की मांग पर अड़ी है।





# शाहाबाद वरिष्ठ समाजसेवी ने अनोखा तरह से मनाया जन्मदिन

## वृक्षारोपण कर मनाया शिवानी का जन्मदिन

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत करगहर गांव में बुधवार की देर शाम शिवानी पांडेय का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पांडेय ने पहुंचकर वृक्षारोपण करते हुए जन्मदिन मनाया। वही इस दौरान शिवानी पांडेय के पिता चंदन किशोर पान्डेय ने कहा कि मेरी बेटी शिवानी पांडेय के जन्मदिन पर सभी आगंतुक अतिथि व समाजसेवी ने वृक्षारोपण कर जन्मदिन मनाया गया। वही शाहाबाद प्रक्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी विवेक कुमार पांडेय उर्फ सोनू पांडेय ने कहा कि बेटिया भगवान की सबसे बड़ा वरदान है। बेटे भाग्य से तो बिटिया सौभाग्य से मिलती है। जिसे शिक्षा रूपी जल से सींचकर एक अलग पहचान बनाया जा सकता है। बिटिया दो कुल के आन को प्रकाश मान करती है। मौके पर शिवानी पांडेय के चाचा सोनू पांडेय, राहुल पाण्डेय, संतोष पाण्डेय, रविंद्र पांडेय, अजय दादा, कुंदन मिश्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित हुए।



# देशी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार, एक फरार

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरुवार को पुलिस ने दो गावों से छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने देते हुए बताया कि अकोढ़ी गांव में छापेमारी कर पुलिस ने 15 लीटर देसी महुआ शराब के साथ अकोढ़ी निवासी प्रभु राम और सूरज राम को गिरफ्तार कर लिया। जो काफी दिनों से शराब बेचने का कार्य कर रहे थे। जिन्हें पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी।दूसरा धंधेबाज डिभियां गांव में छापेमारी कर कामेश्वर साह के दलान मैं छुपा कर रखे गए 42 पीस 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर आरोपी भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार दोनों धंधेबाजों को न्यायालय भेजने की कार्रवाई की जा रही है।



# शिविर के माध्यम से अधिकारी ने सुनी पंचायत मानिकपरासी की कई समस्या, कुल 80 आवेदन प्राप्त

**दैनिक समाज जागरण अमित कुमार काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंतर्गत काराकाट प्रखंड के पंचायत मानिकपरासी के सामुदायिक भवन मानिकपरासी में गुरूवार को जनकल्याण शिविर का आयोजन जिला पदाधिकारी महोदय के निर्देश के आलोक में सभी विभाग के पदाधिकारी के द्वारा आवेदन प्राप्त किया गया। वही आवास से संबंधित 43, राशनकार्ड 14, अंचल जमीन विवाद छः, पंचायती राज से दो, पेंशन 14 बिजली विभाग शून्य, कृषि विभाग शून्य, मनरेगा से शून्य, संख्याकी विभाग शून्य, पीएचडी दो शिक्षा विभाग शून्य, स्वास्थ्य विभाग से शून्य, बाल विकास परियोजना से दो जनकल्याण शिविर मे उपस्थिति/प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट-राहुल कुमार सिंह, अंचलाधिकारी काराकाट-जितेन्द्र कुमार ,कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी काराकाट-रेणुका कुमारी,श्रम परिवर्तन पदाधिकारी-देवाशिष सिंह, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी-संजय मिश्रा, बाल विकास परियोजना से महिला पर्यवेक्षिका-बालीत्र कुमारी, रूकसाना खातून,प्रखंड परियोजना प्रबंधक जीविका-आशा कुमारी कुमार, पीएचडी-राजाबाबू,पशू चिकित्सा पदाधिकारी विभाग से-डा.राकेश कुमार, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी-राजेश कुमार ,स्वास्थ्य विभाग से-डा.चन्देश्वरी रजक ,प्रखंड कृषि पदाधिकारी-संजय कुमार शर्मा ,बिजली विभाग विधुत अभियंता-आशिष कुमार प्रखंड आपूर्ति से-जितेन्द्र कुमार,सामाजिक सुरक्षा से-शोभराज कुमार पंचायत सचिव-रवि कुमार गुप्ता ,तकनीकी सहायक-नरगिश प्रविन, लेखापाल सह आई टी सहायक-शिल्पा कुमारी, आवास सहायक-साजिद हुसैन विकास मित्र-सोना कुमारी, पं रोजगार सेवक-मधुपचंद कार्यपालक सहायक-धर्मेन्द्र कुम मुखिया -बसंती देवी,पैक्स अध्तक्ष-अनिल साह,वार्ड पार्षद-रजनिश पांडे, संजय तिवारी( पूर्वउपप्रमुख )इत्यादि सभी विभाग के पदाधिकारी एंव कर्मी,सहित सभी ग्रामीण मौजूद रहे।



# छठ पूजा की तैयारी में जुटे अधिकारी

**रमण किशोर चौबे,जिला संवादाता दैनिक समाज जागरण**

लोक आस्था के महापर्व छठ पर व्रतियों को कोई परेशानी न हो इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी उपेंद्र कुमार पाल, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रदीप कुमार व थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने भलुनीधाम स्थित सभी छठ घाटों का पैदल निरीक्षण किया एवं एक आवश्यक बैठक अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में हुई।बैठक में छठ पर्व को लेकर घाटों पर साफ साफ सफाई और सुरक्षा पर विशेष चर्चा किया गया तो दो प्रांत घाटों का निरीक्षण किया गया चार दिनों तक चलने वाला लोक आस्था का महापर्व छठ 17 से 20 नवंबर तक चलेगा। इसमें अभी दो सप्ताह से ज्यादा दिन बचे हुए हैं लेकिन छत की तैयारी शुरू शुरू हो चुकी है छठ घाटों पर और रास्तों में सुदृढ़ व्यवस्था को लेकर प्रखंड प्रशासन की टीम पूरी तरह मुस्तैद है प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि सभी घाटों का निरीक्षण कर लिया गया है। घाटों पर तैनात होगी एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम तैनात रहेगी। साथ ही गोताखोर भी रहेंगे मुस्तैद थे।

# डंफर ने साइकिल सवार किसान की ले ली जान, आक्रोश में ग्रामीणों ने घंटों किया सड़क जाम

**बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर काराकाट बिस्कोमान भवन से महज 100 मीटर दूरी की घटना**

**पुलिस ने घटनास्थल से डंफर को किया जब्त, चालक फरार**



**दैनिक समाज जागरण प्रहलाद तिवारी बिक्रमगंज रोहतास**

गुरुवार को एनएच 120 बिक्रमगंज-नासरीगंज मुख्य मार्ग पर काराकाट बिस्कोमान से महज 100 मीटर की दूरी पर डिहरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही डंफर ने साइकिल सवार किसान की जान ले ली । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना तब घटी जब बिक्रमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जोन्ही के निज ग्राम मुक्तिगंज निवासी लाल मोहर सिंह के 30 वर्षीय पुत्र किसान शैलेश कुमार अपने गांव से साइकिल पर सवार होकर काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जयश्री काराकाट बिस्कोमान भवन खाद लेने के लिए जा रहे थे । उसी दौरान डिहरी की ओर से तेज रफ्तार से आ रही डंफर ने साइकिल पर सवार उक्त किसान में जोरदार टक्कर मार दी ।जिस क्रम में किसान सड़क पर गिर पड़ा । उक्त क्रम में ही डंफर ने किसान के सिर को बुरी तरह से कुचल दिया । जिस दौरान उक्त किसान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । घटना के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ को देख चालक डंफर को छोड़कर भाग निकला । घटनास्थल पर पहुंचे आसपास के लोगों ने मृतक के परिजनों एवं स्थानीय थाना को सूचना दी । सूचना मिलते ही मृतक के परिजन एवं स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई । घटनास्थल पर पहुंचते ही मृतक के पिता एवं परिजन दहाड़ मार कर रोने लगे । स्थानीय पुलिस घटना का जायजा लेते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेने की कोशिश की । लेकिन घटना स्थल पर मौजूद मृतक के परिजन एवं आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना का विरोध करते हुए उनके परिजनों को उचित मुआवजा देने एवं घटना को अंजाम देने वाले चालक के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हुए थे।

# चाइल्ड हेल्प लाइन तथा रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त दीपवाली व छठ त्योहार को लेकर यात्रियों को किया जागरुक

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्युरो**

डेहरी ऑन सोन के आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक राम विलास राम के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल के पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के डेहरी ऑन सोन पर मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ व चाइल्ड हेल्प लाइन तथा रेलवे सुरक्षा बल के संयुक्त तत्वावधान में आगामी त्यौहारों दीपावली व छठ के मद्देनजर यात्रियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें लाउड हेलर, बैनर,पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया गया। संस्था के अध्यक्ष संजीत कुमार गुप्ता के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गाडियों में अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग नही करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। वहीं ट्रेनों,स्टेशन परिसर आदि जगहो में अंजान व्यक्ति द्वारा दिए गए खाद्य पदार्थों को नही खाने के विषय में बताया गया तथा बच्चों व मानव तस्करी को रोकने को लेकर आरपीएफ को सहयोग करने को बताया गया।साथ ही अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार नहीं करने क्योंकि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान कई लोगों की जानें गई हैं। ऐसे में रेलवे द्वारा अधिकृत रास्ते का ही इस्तेमाल करने को बताया गया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच घूम घूम कर जागरुक किया गया।यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे के टॉल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करें। यात्रियों को ट्रेन में या स्टेशन परिसर में कोई भी लावारिस या संदिग्ध वस्तु मिलने पर या देखने पर तुरंत इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल को या टॉल फ्री नंबर 139 पर देने को बताया गया।

साथ ही ट्रेनों की पायदान पर यात्रा ना करने एवं ट्रेन पकड़ने के लिए रेल की पटरी पार करना व बिना रास्ते चढ़ने व उतरने को कानून का उल्लंघन बताया गया। इसके अलावा ट्रेनों में उचित टिकट लेकर यात्रा करने तथा चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी नहीं करने के बावत बताया गया। महिला आरक्षित व विकलांग कोच में अनाधिकृत रुप से यात्रा ना करने हेतु जागरुक किया गया।इस अभियान में संस्था के मीडिया प्रभारी ऋतुराज उपाध्याय,अंकित कुमार, रोहित कुमार,गोपाल प्रसाद,अरुण कुमार राम,गौतम कुमार,मिथिलेश पांडेय वही रेलवे सुरक्षा बल केउपनिरीक्षक कुमार गौरव,सहायक उपनिरीक्षक सरोज कुमार, एसके पाण्डेय,रविरंजन कुमार सिंह, एम के दुबे, देव लाश राम, संतोष कुमार, पासवान सरोज कुमार व चाइल्ड हेल्प लाइन से समन्वयक सुधीर कुमार, प्रमर्शी प्रीतम कुमारी, केश वर्कर ज्योति कुमारी व अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।




# करगहर में जिलाधिकारी ने किया जनसंवाद कार्यक्रम

## दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण अजय कुमार सोनी करगहर रोहतास**

रोहतास जिले के करगहर प्रखंड अंतर्गत प्रखंड के इटवाडीह मैदान में गुरुवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान लोगो की समस्याए सुनी। इस कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त शेखर आनंद , एडीएम चंद्रशेखर सिंह,एसडीएम आशुतोष रंजन, सीएस के. एन. तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर सभी विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मुखिया संघ ने जिलाधिकारी सहित मंचासीन पदाधिकारी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चियों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया ,जहाँ जिलाधिकारी के द्वारा कापी व कलम देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीडीसी शेखर आनंद नें पंचायत में होने वाले लोहिया स्वच्छता को लेकर विशेष जानकारी दी। जॉब कार्ड, बेरोजगारी भत्ता अधिसूचित मजदूरी व अन्य संबंधित कार्यक्रमों की जानकारी दी। वही सुनवाई के दौरान प्रखंड के विभिन्न महिलाओ के द्वारा आवास योजना, राशनकार्ड, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन सहित कई समस्याए अपने आवास संबंधित भूमि को लेकर प्रस्ताव रखा। दिव्यांग विकास ठाकुर ने ट्राई साईकल के मांग करते हुए आवेदन दिया। जिलाधिकारी ने तुरंत कार्रवाई करते हुए ट्राई साईकल देने का आदेश दिया। एडीएम चंद्रशेखर सिंह ने लोगों के समस्याओं से अवगत होकर रखी। जहाँ जिलाधिकारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करने को लेकर विभाग के पदाधिकारी को दी। वही अंचल कार्य में परिमार्जन, म्यूटेशन व जमीन संबंधित समस्याए को लेकर कार्य करने का अंचलाधिकारी को निर्देश दिया। वही डीएम ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र - छात्राओं के बीच स्कॉलरसिप चेक , कौशल विकास व अन्य संबंधित विभाग के प्रशस्तिपत्र सौपा । वही छात्राओं को शिक्षा से संबंधित सुविधाओं को लेकर काफी सराहा। जिला पदाधिकारी के समक्ष किन्नर समाज के गुड़िया किन्नर, तृषा , रानी ,मुस्कान सहित कई अन्य किन्नर समाज ने जिलाधिकारी के समक्ष जल्द से जल्द कार्यो का निष्पादन करने को लेकर बीडीओ व सीओ को निर्देश दिये। मौके पर डीपीओ रविंद्र कुमार, बाल संरक्षण धर्मवीर सिंह, समाजिक सुरक्षा राजीव रंजन, जिला सहकारिता पदाधिकारी अरविंद पासवान, अनुमंडल लोक शिकायत अविशेक राज, बीडीओ दीप चंद्र जोशी, अंचलाधिकारी तान्या कुमारी,पीओ दिप्तेश कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी श्रीराम मिश्रा , मुखिया अरविन्द सिंह, साजदा बेगम, राजू सिंह, जगनारायण पासवान, गुलवासो पांडेय, रामविलास राम, ममता देवी ,पैक्स गोवर्धन सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।



# पालीगंज में शराबी पिता ने लिया मासूम बच्ची की जान, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमंडल**

पालीगंज/ थाना क्षेत्र के भेड़रिया इंग्लिश गांव में बीते रात बुधवार को एक शराबी पिता ने अपने मासूम बच्ची को गले दबा हत्या कर फरार हो गया। वही पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के अनुसार पालीगंज थाना क्षेत्र के भेड़रिया इंग्लिश गांव निवासी अनिल यादव की तीन बेटियां थी। अनिल यादव हमेशा दारू के नशे में अपनी पत्नी से लड़ते झगड़ता रहता था। साथ ही हमेशा मारपीट करते रहता था। वही परिवारिक कलह से तंग आकर अनिल की पत्नी अपने मायके करपी थाना क्षेत्र के डेरा -टेरा गाँव में पिछले एक साल से रह रही थी। जहां से वह दो तीन दिन पहले ही अपने ससुराल भेड़हरिया इंग्लिश गांव में आई थी। अनिल को तीन बेटियां ही थी। जिसके कारण अनिल यादव बेटा के लिए पत्नी को प्रताड़ित करते रहता था। वही अपनी पत्नी को हिन् भावना से देखते रहता था। साथ ही शराब की नशे में हमेशा अपनी पत्नी को मारपीट करते रहता था। वही अनिल बीती रात बुधवार को शराब की नशे में धुत होकर अपने घर आया और पत्नी से लड़ने झगड़ने लगा व मारपीट करने लगा। इसी दौरान वह देखते ही देखते तीन वर्षीय अबोध मासूम बच्ची को गोद में उठा लिया व गला दबा कर हत्या कर दिया। वही आसपास की पोड़ोसियों ने लड़ाई झगड़े व शोर गुल की आवाज सुनकर पहुँचे तो वहाँ की यह दृश्य देख दंग रह गए। इसके बाद पड़ोसियों ने घटना की सुचना पुलिस को दिया। वही सूचना पाकर मौके पर पहुंची पालीगंज पुलिस शव को कब्जे में ले लिया व कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए पालीगंज अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

इस सम्बंध में पालीगंज पुलिस ने बताया कि अनिल यादव के ससुरालवालों ने अनिल यादव के खिलाफ बच्ची की हत्या करने की प्राथमिकी दर्ज कराया है। वही अनिल यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में पीरो के अंगद को मिला सिल्वर

**दैनिक समाज जागरण सतीश कुमार पीरो भोजपुर**

भोजपुर जिले के पीरो के किशोर ने कला संस्कृति व युवा विकास विभाग बिहार सरकार द्वारा छपरा में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 17 बालक वर्ग कुश्ती प्रतियोगिता में पीरो प्रखंड के प्लस टू विद्यालय जमुआंव के छात्र अंगद कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंगद की इस सफलता पर विद्यालय परिवार के साथ साथ पीरो अनुमंडल के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अंगद पीरो प्रखंड के हंकार टोला निवासी सामाजिक कार्यकर्ता हरिमोहन सिंह का पुत्र है। अंगद इसके पूर्व राज्य स्तर के कई अन्य कुश्ती प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं। अंगद की इस सफलता पर प्लस टू स्कूल जमुआंव के प्रभारी प्रधानाध्यापक रूपेश कुमार व शिक्षकों ने उसे सम्मानित



किया। अंगद के कुश्ती कोच हरि मोहन सिंह ने कहा कि अंगद पीरो का गौरव है । उन्होंने अंगद द्वारा जीते गए सिल्वर मेडल को दीपावली गिफ्ट बताते हुए खुशी का इजहार किया।

# सहार के गुलजारपुर मे जन संवाद आयोजित

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार प्रखंड के गुलजारपुर पंचायत के इनुरुखी गोवर्धन पहाड़ के परिसर में प्रखंड स्तरीय जनप्रतिनिधि तथा पदाधिकारियों के द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अर्चना कुमारी एवं संचालन जदयू नेता सह गुलजारपुर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू प्रसाद ने किया। कार्यक्रम मे स्थानीय मुखिया श्रीमती अनिता देवी तथा जदयू नेता सह गुलजारपुर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू प्रसाद के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारी को अंग वस्त्र तथा फूलमाला के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ अर्चना कुमारी, सीओ दयाशंकर झा, प्रभारी बीडीओ प्रशांत कुमार, बीपीआरओ सुमन कुमार, , प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड



परियोजना पधाधिकारी अमरेंद्र कुमार सहार थाना दरोगा अनिल कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने आम लोगों के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को बताया और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ले समस्याओं का निदान का आश्वासन दिया। इस दौरान ,आवास योजना, राशन कार्ड बिजली बिल तथा तार लगाने राशन कार्ड पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में लिखित आवेदन ग्रामीणों के द्वारा दिया गया तथा स्वक्षता कार्य को ग्रामीणों ने स-राहनीय बताया। जन संवाद कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मौके पर मुखिया अनिता देवी जदयू नेता सह गुलजारपुर मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू प्रसाद पंचायत सचिव आदित्य कुमार पेरहाप मुखिया महेंद्र प्रसाद युवा नेता उज्जवल राय सहित पंचायत के सभी वार्ड सदस्य तथा पांच सदस्य के साथ सैकड़ो ग्रामीण जनता कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# विवादित बयान पर भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत चरपोखरी प्रखंड के भाजपा नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विधानसभा में बीते दिनों दिए विवादित बयान को ले आक्रोश जताते हुए इस्तीफे की मांग की है।भाजपा नेताओं ने प्रखंड मुख्यालय के चरपोखरी



बाजार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुतले के साथ आक्रोश मार्च निकाला वही प्रखंड कार्यालय के समक्ष मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर जमकर नारेबाजी की।पुतला दहन में बीजेपी के चरपोखरी मंडल अध्यक्ष विकास कुमार उर्फ विक्की सिंह,विनय सिंह,ध्रुव ठाकुर,अशोक सिंह,श्रीभगवान पांडे,राधेश्याम पांडे,अजय ठाकुर,राजकपूर सिंह,रामसुंदर सिंह,राधेश्याम साह,रविकांत गुप्ता सहित अन्य बीजेपी नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# भद्दी जुबान के खिलाफ सीएम का पुतला फूंका

**दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड स्थित तरारी बाजार चौक पर भाजपा कार्यकर्त्ता द्वारा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भद्दी ब्यान के विरोध मे उनका पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम का नेतृत्व कर है भाजपा तरारी मंडल अध्यक्ष बृज बिहारी पांडे के कहां की बिहार के मुख्यमंत्री मानसिक रूप से बीमार हो चुके हैं। बिहार के मुख्यमंत्री अपनी बीमारी के कारण हीं साल दो साल से बिहार अभद्र व्यवहार और भतीजे जुबान चलाने को ऊतारू हो चुके है। हाल हीं में बिहार विधानसभा के अंदर महिला विधायकों के उपस्थिति में सीएम ने गंदी जुबान चला कर देश को शर्मसार बना दिया है। इस निंदनीय अपराध के लिए नीतीश कुमार को मांफ नहीं किया जा सकता है। उनके सहयोगी इनडिया एलायंस के नेता भी चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में मनवता के नाते मुख्यमंत्री को गद्दी छोड देना चाहिए। पुतला दहन के दौरान भाजपाइयों ने बिहार के मुख्यमंत्री के विरोध में



जमकर नारेबाजी भी की गई। ब्लॉक ऑफिस के समक्ष से विरोध मार्च निकाल कर तरारी बाजार चौक पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका गया। पुतला दहन करने वालों में मुख्य रूप से किसान मोर्चा भोजपुर जिला अध्यक्ष विद्यासागर पांडे, आदित्य मुनी सिंह, दिलीप कुमार, अखिलेश सिंह ,नीरज तिवारी, विनोद पांडे, सत्येंद्र सिंह ,अरविंद सिंह, रविंद्र सिंह ,विकास सिंह और अनिल साह सहित कई लोग शामिल थे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत 78 गर्भवती महिलाओं का हुआ जांच

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रधानमंत्री सु-रक्षित मातृत्व योजना के तहत शिविर आयोजित की गई।शिविर की अध्यक्षता चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने की इस दौरान प्रखंड के



विभिन्न गांव से आई 78 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरपोखरी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना के तहत गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन, एचआईवी,वीडीआरएल,ब्लड ग्रुप,यूरिन सहित अन्य जांच की गई। सभी गर्भवती महिलाओं को जांच कर निःशुल्क दवा व सलाह दी गई।शिविर में डॉ मनीषा कुमारी,प्लानिंग वर्कर अंशु कुमारी,लैब टेक्नीशियन मनोज कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# डॉक्टर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पनवारी में स्वास्थ शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड के पनवारी में डाक्टर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर के लिए मोबाइल टीम के डॉक्टर , डॉ चंदन कुमार, नर्सीग ऑफिसर युगेश सिंह ,सहायक पिंकी कुमारी, आशा कुमारी के साथ फार्मासिस्ट विनय पटेल और निर्भय तिवारी गांव पहुंचे। सिकरहटा मंडल अध्यक्ष रामानुज सिंह सामाजिक कार्यकर्ता विनय सिंह पैक्स अध्यक्ष हरेन्द्र सिंह सहित अन्य स्थानीय लोगों के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का आना शुरू हुआ और कुल 80 ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य



की जांच कराई। स्वास्थ्य कर्मियों ने उन्हें मुफ्त में दवाएं भी उपलब्ध कराई। सरकार द्वारा चलाए जा रहे डॉ आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अपने गांव में ही अच्छे चिकित्सकों द्वारा इलाज किए जाने से ग्रामीणों में खुशी देखी गई। डॉक्टर आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के गांव में भी शिविर का आयोजन किया जाना है। जिला स्वास्थ समिति के द्वारा इसके लिए विस्तृत कार्यक्रम बनाया गया है। पूर्व में भी इस कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन होता रहा है।

# मोटरसाइकिल लूट कांड में संलिप्त युवक गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण रामशरण शर्मा अगियाँव भोजपुर

भोजपुर जिले के पवना थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मोटरसाइकिल लूट कांड में संलिप्त एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार अपराधी की पहचान पवना थाना क्षेत्र के भगवानपुर गांव निवासी शिवजी चौधरी के पुत्र सुदेश्वर चौधरी के रूप में हुई गिरफ्तार जानकारी के अनुसार 30 अक्टूबर को थाना क्षेत्र के खोपीरा गांव के समीप अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हथियार के बल पर नगद और मोटरसाइकिल तथा मोबाइल को लूट लिया गया था वादी द्वारा स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देकर प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी उक्त कांड में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं लूटी गई मोटरसाइकिल और मोबाइल की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर आरा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया गठित टीम के द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर कांड में सम्मिलित एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया

# राजद कार्यकताओं द्वारा केक काटकर मनाया गया उपमुख्यमंत्री तेजस्वी का जन्मदिन

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड के राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण यादव की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का 34 वां जन्मदिन केक काटकर समा-रोह पूर्वक मानाया गया. कार्यकताओं ने उनकी लंबी उम्र,



स्वास्थ सफल जीवन की मंगलकामना की.जन्मदिन समारोह में प्रधान महासचिव हरिचरण यादव,लालबाबू सिंह, जगनारायण सिंह,तपन प्रसाद चंद्रवंशी,राम जीवन सिंह, पशुराम सिंह,अल्पु मियां,कुदुष मांशुरी, डॉ. राजकुमार सहित सैकड़ों राजद कार्यकर्ता शामिल हुए।

# शराब के नशा में तीन युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड के सिकरहटा थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान के दौरान शराब के नशा में हंगामा करते पनवारी महादलित टोला से तीन युवक को गिरफ्तार किया गया। सिकरहटा थाना अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि शराब के नशा में हंगामा करते पनवारी गांव निवासी वसंत चंद्र-वंशी के पुत्र कृष्णा चंद्रवंशी, रामेश्वर सिंह के पुत्र योगेंद्र सिंह और पनवारी मठिया गांव निवासी कामेश्वर के पुत्र निरंजन गिरी को गिरफ्तार किया गया। सिकरहटा थाना पुलिस ने बताया की गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# शराब के साथ बाइक सवार युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण नीरज त्रिपाठी तरारी भोजपुर**

भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी प्रखंड अंतर्गत इमादपुर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 20 लीटर महुआ शराब के साथ बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया। इमादपुर थानाध्यक्ष ओमप्रकाश ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के दौरान धर्मपुरा गांव के समीप से बिहटा गांव निवासी लवकेश कुमार को 20 लीटर महुआ शराब के साथ बाइक जब्त किया गया। इमादपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया।

# विधान सभा मे अमर्यादित टिप्पणी को लेकर भाजपा ने मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 नवंबर 2023 आज नबीनगर के भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। नवीनगर के दुर्गा चौक शनिचर बाजार में भाजपा के कार्यकताओं द्वारा इकट्ठा होकर वहां से मंगल बाजार न्यू एरिया मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड के पास जमा होकर तानाशाही एवं नारी शक्ति को अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन के दौरान भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा बिहार के नीतीश कुमार इस्तीफा दो मुख्यमंत्री शर्म करो के नारा के साथ-साथ अपनी आवाज को बुलंद किया उपस्थित नेताओं ने कहा कि जिस तरह से नीतीश कुमार बिहार विधानसभा के अंदर



महिलाओं के खिलाफ अश्लील और अभद्र टिप्पणी की है निश्चित रूप में बिहार के साथ-साथ पूरे देश के महिला अपमानित महसूस कर रहे हैं जब तक भारतीय जनता पार्टी के संगत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रहे तब तक सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते थे लेकिन जैसे ही गलत संगत में गए तब से जंगल राज पुनः जंगल राज और कुश-ासन कायम हो गया। आज बिहार की जनता एवं नारी शक्ति धागा महसूस कर रहा है ।

पुतला दहन के दौरान नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश साहू ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह उदय प्रताप सिंह तीर्थ नारायण वैशय लल्लू सिंह जितेंद्र सिंह विवेक सिंह विजय सिंह लल्लू सिंह मुन्ना सिंह अजीत जी गौतम यादव रणजीत सिंह सुनील प्रसाद पंकज तिवारी प्रकाश सिंह सुदेश्वर राम राजेंद्र राम सिंटू कुमार ददन तिवारी बबन तिवारी आलोक मिश्रा उपेंद्र सिंह अनिल सिंह जीतेन्द्र सिंह अनुरोध सिंह विजय सिंह एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित

# दीपावली एवं धनतेरस पर्व को लेकर बाजारें में सजी दुकानें

**दैनिक समाज जागरण:विकास कुमार चरपोखरी भोजपुर**

भोजपुर जिले में लक्ष्मी पूजा के लिए प्रसिद्ध माने जाने वाला दीपावली एवं धनतेरस के पर्व को लेकर बाजार सज चुकी है।शुक्रवार को क्षेत्र में धनतेरस मनाया जाएगा।इसको लेकर प्रखंड के आरा, उदवंतनगर चरपोखरी , पीरो,



गड़हनी, तरारी एवं ग्रामीण क्षेत्र के बजार पर लक्ष्मी गणेश की मूर्ति,खिलौने,हाथी घोड़ा मिठाई,लकठो,एवं चूड़ा,मुड़ी की दुकान सज चुकी है। वहीं दूसरी तरफ धनतेरस को लेकर ज्वेलरी दुकानों पर भी अच्छी खासी भीड़ देखी गई । चांदी के सिक्के एवं आभूषणों की खरीदारी के लिए लोग अग्रिम बुकिंग करते नजर आए। मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन बर्तन,आभूषण एवं चांदी एवं सोने के गहने खरीदे जाने की शुभ मुहूर्त माना जाता है। जिसको लेकर अभी से ही तैयारी शुरू हो गई है।शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में धनतेरस का त्यौहार मनाया जाएगा। जिसको लेकर सभी दुकानों पर चहल-पहल देखी गई।

# वार्ड सदस्या कान्ति देवी का हुवा निधन

**दैनिक समाज जागरण रामशरण शर्मा अगियाँव भोजपुर**

भोजपुर जिले के अगिआव प्रखंड क्षेत्र के रतनाढ़ पंचायत के वार्ड संख्या



एक के वार्ड सदस्या श्रीमती कांति देवी (55वर्ष) का निधन हो गया। इनके निधन होने से पंचायत की राजनीति में अपूर्णीय क्षति हुई है ।पैक्स अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह सोकाकुल परिवार से मिलकर दुःख व्यक्त किया है। इस सम्बंध में दूरभाष पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अगिआव को सूचना दे दी गई है।वही रतनाढ़ पंचायत के रतनाढ़ ग्राम निवासी भारतीय जनता पार्टी के पंचायत अध्यक्ष श्री सोनू कुशवाहा के माता जी वार्ड सदस्या श्रीमती कांति देवी का कल ह्रदय गति रुक जाने से विगत मंगलवार के साम के समय करीब चार बजे अकाश्मिक निधन हो गया। इनके निधन से पूरे पंचायत में शोक का लहर फैल गया है।शोक व्यक्त करने वालो में पंचायत के मुखिया श्री बिनोद चौधरी , उप मुखिया संजय सिंह ,सरपंच ज्ञानती देवी एवम पंचायत के समस्त वार्ड सदस्य व पंच सदस्य ,सभी जन प्रतिनिधियों, पंचायत क्षेत्र के सभी नागरिकों ने गहरा दुख प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# आरक्षण का दायरा बढ़ाना सरकार का स्वागत योग्य पहल : उपेन्द्र कुशवाहा

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 नवंबर 2023 आज राष्ट्रीय लोक जनता दल द्वारा नबीनगर उच्च विद्यालय के मैदान मे पिछड़ा वर्ग स्वाभिमान सम्मेलन का आयोजन किया गया सम्मेलन का उद्घाटन दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा,जिलाध्यक्ष अशोक मेहता,प्रखण्ड अध्यक्ष पप्पू पांडे एवम अन्य ने दीप प्रज्वलित कर किया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि सरकार ने आरक्षण 75 प्रतिशत किया है पार्टी इस कदम का समर्थन करती है।कुशवाहा ने कहा कि इसका लाभ तभी मिलेगा जब दलित, महादलित, एवम पिछड़े वर्ग के लोग सजग और सतर्क



रहेंगे।उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि जाति गणना और आर्थिक सर्वे मे कई विसंगतियां है।उपेन्द्र कुशवाहा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बिहार को पुनः जंगल राज मे ढकेल दिया है उपेन्द्र कुश-ावाहा ने कहा कि 2014 मे पिछड़ा वर्ग के नरेंद्र मोदी प्रधान मंत्री बने पुनः 2024 मे पिछड़ा वर्ग के नरेंद्र मोदी ही प्रधान मंत्री बनेंगे। उन्होंने दलित ,महादलित, अति पिछड़ा और पिछड़ा वर्ग को एकजुट रहने का आह्वान किया।

मौके पर अतिपिछड़ा प्रखंड अध्यक्ष राजेश कुमार चंद्रवंशी,नीतीश मेहता,सुजीत कुमार, बब्लू कुमार सिंह,दुघनाथ सिंह ,लव कुमार सिंह एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ए एन एस कालेज नबीनगर मे मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 नवंबर 2023 आज अनुग्रह नारायण स्मारक महाविद्यालय नबीनगर में एन सी सी कैडेट्स के लिए मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में परामर्शदाता की भूमिका का निर्वहन करते हुए मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो कुमार ऋत्विक ने कहा कि विद्यार्थियों को कई तरीके के मानसिक तनाव होते रहते हैं। कॅरियर और परीक्षाओं का तनाव इनमें प्रमुख होता है। अतः समय समय पर विशेषज्ञ द्वारा उनकी कॉउंसलिंग की जानी लाभदायक होती है। प्रो ऋत्विक ने विभिन्न मानसिक स्वास्थ्य के



विभिन्न आयामों पर चर्चा करते हुए कैडेट्स की समस्याओं के यथायोग्य समाधान प्रस्तुत किये। मौके पर एन सी सी अधिकारी प्रो अक्षय जैन ने बताया कि कैडेट्स में शौर्य, अनुशासन और एकता की भावना बनाए रखने में मनो-विज्ञान का विशेष महत्व है। एन सी सी के कैडेट्स के बीच इस तरह के शिविर न केवल कैडेट्स की निजी समस्याओं के निराकरण में भी लाभदायक होते हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व के विकास में बहुत मदद करते हैं।

शिविर के आयोजन में सीनियर अंडर ऑफिसर अमरेंद्र कुमार, अंडर ऑफिसर मणिकांत, सारजेंट सचिन, कॉर्पोरल जावेद, सा-रजेंट नंदनी, कैडेट प्रीति, संजीव, प्रियांशु, सुजीत, रवि प्रफुल्ल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया

**दैनिक समाज जागरण ओमजी तिवारी सहार भोजपुर।**

भोजपुर जिला अंतर्गत सहार मंडल भाजपा के द्वारा सहार बस स्टैंड में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा बिहार विधानसभा में जनसंख्या नियंत्रण पर महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक



शब्द का प्रयोग करने के विरोध में पुतला दहन किया गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि रंजन सिंह के नेतृत्व में सहार बस स्टैंड पर सभा का आयोजन किया गया सभा का अध्यक्षता एवं संचालन सहार मंडल अध्यक्ष रवि रंजन कुमार सिंह ने किया। सभा के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कही गई नारियों के ऊपर आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग करने पर खेद जताया गया और सहार बस स्टैंड पर पुतला दहन किया गया। मौके पे पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष केशव प्रसाद सिंह, यूवा मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश कुमार रणबीर,सोनु सिंह, मुकेश राय, मधुकर प्रसाद, पंचायत अध्यक्ष शशीकांत गुप्ता,अकिंत कुमार,धीरज कुमार सहित अन्य लोगों ने भाग लिया।

# बाघा डाबर से एक शराबी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 नवंबर 2023 थाना क्षेत्र के बाघा डाबर के समीप से



नशे की हालत मे पीएसआई राजीव कुमार एवम पुलिस टीम द्वारा राकेश पासवान पिता दिनेश्वर पासवान ग्राम रपुरा थाना मुफस्सिल जिला औरंगाबाद को नशे की हालत मे गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति को नबीनगर रेफरल अस्पताल मे चिकित्सको द्वारा शराब पीने की पुष्टि के बाद मद्यनिषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# लोजपा कार्यकताओं ने मुंडन कराकर मुख्यमंत्री का किया पुतला दहन

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) आज नबीनगर मे लोक जन शक्ति पार्टी के कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया।कार्यकताओं ने सिर मुंडन कराकर शनिचर बाजार दुर्गा चौक से प्रदर्शन करते हुए मंगल बाजार, न्यू एरिया बस स्टैंड होते हुए बस स्टैंड के समीप नीतीश कुमार का पुतला दहन किया। कार्यकताओं द्वारा नीतीश कुमार मुदार्बाद,नीतीश कुमार हाय हाय के नारे लगाए जा रहे थे।कार्यकताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विधान सभा में महिलाओं पर अभद्र रूप से टिप्पणी किया है जो शर्मनाक है।कार्यकताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है।उन्हें अपने पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नही है उन्हें तुरंत अपने पद से स्तीफा दे देना चाहिए।

मौके पर ,जिला युवा उपाध्यक्ष यशवंत कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष निखिल कुमार सिंह ,प्रखंड अध्यक्ष अरविंद सिंह नगर अध्यक्ष विमल सिंह, युवा प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष चंदन सिंह, महिला अध्यक्ष मनीता देवी, जिला सचिव बिट्टू सिंह, इंद्रजीत पासवान नूतन पासवान दीपक कुमार धर्मेंद्र सिंह प्रमिला देवी सुनीता देवी धानमतिया देवी प्रेम अन्य उपस्थी थे

# राजद नेताओं ने केक काटकर मनाया तेजस्वी का जन्म दिवस

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 9 नवंबर 2023 आज नबीनगर मे राजद के कार्यकताओं ने राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष जगन यादव के आवास पर बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकताओं ने कहा कि उप मुख्यमंत्री के नेतृत्व मे पार्टी के युवा कार्यकताओं का मनोबल काफी बढ़ा है।नेताओं ने कहा कि तेजस्वी यादव ने शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया है। उनके कुशल नेतृत्व मे पार्टी मे यूवा वर्ग निरंतर आगे बढ़ रहे है ।उपस्थित सभी कार्यकताओं ने तेजस्वी यादव की लंबी उम्र की कामना किया ।

मौके पर राजद के नगर अध्यक्ष संतोष सिंह, बीस सूत्री समिति के सदस्य राम विलास यादव,रमजान अली,पूनम यादव,राहुल कुमार ,गौतम यादव,चांदनी कुमारी,कलावती देवी, नीरू देवी एवम राजद के अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# आगामी 10 नवंबर2023 को स्वालंबी भारत अभियान गया के तत्वाधान में मनाया जाएगा राष्ट्र ऋषि दतोपंत ठेगड़ी जी का जन्म दिवस- जितेंद्र कुमार मिश्रा .

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**




गया (बिहार )- स्वावलंबी भारत अभियान गया के तत्वाधान में 10 नवंबर 2023 को राष्ट्र ऋषि दत्तोपन्त ठेगड़ी जी का जन्म दिवस मनाया जाएगा . उक्त जानकारी संस्था के जितेंद्र कुमार मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कही. उन्होंने आगे कहा कि इस जन्मोत्सव के उपलक्ष में गुरुवार को स्वदेशी जागरण जागरण मंच दक्षिण बिहार का गया नगर में आजाद पार्क गया से एक स्वदेशी संदेश यात्रा निकाली गई ,जो कोतवाली रोड,लहरिया टोला,जीबी रोड,होते के0पी0 रोड दवा मंडी टेकारी रोड होते हुए आजाद पार्क में समापन किया गया .इस स्वदेशी संदेश यात्रा से लोगों कोअपने देश में उत्पादित सामग्री का उपयोग करने हेतु संदेश दिया गया साथ ही चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करने का संदेश दिया गया ,कला कौशल सीख कर कभी ना बेरोजगार होने का संदेश दिया गया .दूध दही के देश मेंपेप्सी कोला नहीं चलेगा .देसी गैया घर में लाओ ,बीपी शुगर दूर भगाओ का संदेश समाज में दिया गया .एफ पी ओ स्टाटप अपनाओ देश समृद्ध बनाओ का संदेश दिया गया .इस संदेश यात्रा मेंनवादा जिला के ग्राहक पंचायत के अध्यक्ष ललित किशोर शर्मा, टेकारी के जितेंद्र कुमार मिश्रा, स्वाबलंबी भारत अभियान के जिला संयोजक यदुनंदन प्रसाद, प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच दक्षिण बिहार निरंजन कुमार, जिला कुटुंब प्रबोधन जिला संयोजक सत्येंद्र जी, महाविद्यालय प्रमुख राम प्रसाद शाह , अभिषेक गुरुदत्त जी, हरि ओमपांडे जी, तथा ओम जी शिवम जी आयुष जी, प्रीतम वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता संदेश यात्रा में भाग लिए.स्वदेशी संदेश यात्रा का नेतृत्व यदुनंदन प्रसाद प्रान्त संयोजक स्वदेशी जागरण मंच दक्षिण बिहार ने किया. इस दौरान काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

# बडाबांबो में रन फॉर पर्यावरण क्रॉस कंट्री का ट्रायल संपन्न, विजेता हुए पुरस्कृत

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

खरसावां प्रखण्ड के अंतर्गत गुरूवार को रन फोर पर्यावरण क्रॉस कंट्री ट्रायल संपन्न हुआ,आयोजक शुभ मिलन एकेडमी कृष्णापुर के द्वारा किया गया,बडाबांबो से कृष्णपुर सात किलोमीटर तक रोड शो प्रतियोगिता किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह सांसद प्रतिनिधि प्रेमेन्द्र कुमार मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि कृष्णापुर पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ सोय के द्वारा खिलाड़ियों को झंडा दिखाकर एवं सिटी बजाकर बड़ाबाम्बो से कृष्णापुर के लिए रवाना किया गया इस ट्रायल कार्यक्रम में लगभग 120 प्रतिभागी शामिल हुए जिसमें अंडर 17 + के 6 प्रतिभागी को चयनित किया गया प्रथम आए बिमा चंदन, दूसरा कुसुम जारिका,तीसरा अरविंद महतो,चोथा पुरुषोत्तम अंगरिया, पंचवा मांगु ईचागुटु,छठा सिदिम हाईबुरू को चयनित किया गया,वहीं बालिका वर्ग में प्रथम सनम बारला,दूसरा सीमा हेमब्रम,तीसरा चांदमनी हेमब्रम,चौथा संतोषी नायक,पंचवा लक्ष्मी सामड, छठा सिवानी सामड को चयनित किया गया,चयनित किए गए प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के हाथों से पुरस्कार वितरण किया गया साथ ही



सभी प्रतिभागी को आगामी 26 नवंबर को टाटा स्टील के ततवाधान में जोड़ा ओडिशा में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के वारे में जानकारी दी गयी।जिसका पंजीकरण शुभ मिलन एथलेटिक्स एकेडमी कृष्णपुर के सदस्य सुदर्शन महतो के पास ऑफ लाइन के लिए कर सकते हैं। अथवा टाटा स्टील जोड़ा -2023 पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं इस मौके पर आयोजक कमेटी के मिलन महतो,मनबोध महतो,सुदर्शन महतो,राजाराम महतो, दशरथ सोय,बनबिहारी महतो,संजीव महतो,दशरथ महतो राजाराम नायक आदि उपस्थित थे।

# जर्जर सड़क को निर्माण कराने को लेकर ग्रामीणों लगा रहे दफ्तरों का चक्कर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता(चांडिल)**

चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू प्रखंड के जानूम निवासी छात्र युवा मंगल चन्द्र महतो के नेतृत्व में खुदिलोंग गाँव में सड़क निर्माण कराने को लेकर उपायुक्त सराइकेला को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन उपयुक्त कार्यालय अधीक्षक श्री विश्वनाथ मुर्मू को सौंपा गया,सड़क निर्माण को लेकर इससे पूर्व 04/10/2023 को कुकडु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं 18/10/2023 को अनुमंण्डल पदाधिकारी चाण्डिल को ज्ञापन सोपा गया था ।जानकारी देते हुए मंगल चन्द्र महतो ने कहा कि हमारे देश भर में आजादी के अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। लेकिन सुदूरवर्ती कस्बे एवं गाँव में आज तक सड़क,बिजली,पानी सहित कई मूलभूत सुविधाओं से वांछित हे,गाँव में जन वितरण प्रणाली दुकान है वहां से लोगों को राशन सामग्री लाने में एवं बच्चों को विद्यालय



आने-जाने में न जाने कितनों कठिनाई का सामना करना पड़ता है। प्रखण्ड कुकड़ु आकांक्षी प्रखण्ड घोषित हुआ फिर भी हमारा गाँव के जनमानस,किसान,विद्यार्थी आज भी पिछड़ों की तरह से जीवन यापन कर रहे हे।मौके पर सपन कुमार महतो , मंगल चंन्द्र महतो, राहुल महतो मालखान महतो आदि उपस्थित थे ।

# आयोजित सद्भावना मैच में पहुंची बाघमारा डीएसपी।



**दैनिक समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ ,उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल ,झारखंड प्रदेश।**

धनबाद झारखंड 9 नवंबर 2023:-धनबाद जिले के बाघमारा में माथाबाँध ग्राउंड में लायंस क्लब बाघमारा तथा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से आयोजित सद्भावना टूनामेंट का उद्घाटन गीता देवी, प्रमुख ने किया, मैच में बाघमारा डीएसपी पहूंची।
उक्त टूनामेंट में जाबांज पुलिस एकादश,पत्रकार वारियर्स, एनजीओ सुपरजाइंट्स तथा आजाद प्रतिनिधि नामक चार टीमों ने हिस्सा लिया। सभी टीमों के खिलाड़ियों ने एक से बढ़कर एक प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीतने का काम किया। अंत में जाबांज पुलिस एकादश ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

# रेलवे संपति की खरीद बिक्री करने वाले दो लोगों को आरपीएफ ने दबोचा

**रमण किशोर चौबे, दैनिक समाज जागरण, जिला संवादाता**



रोहतास जिला अंतर्गत बिक्रमगंज नोखा रेलवे सेक्शन में गुरुवार को गश्त कर रहे आरपीएफ जवानों ने गेट संख्या 48/इ के समीप रेलवे संपत्ति की चोरी करने वाले एक व्यक्ति एवं उसके खरीददार कबाड़ी व्यवसाई को गिरफ्तार किया है।
बताया जाता है कि उप निरीक्षक नीतीश कुमार, आरक्षी सोनू कुमार गुप्ता एवं आरक्षी जयवीर सिंह विक्रमगंज नोखा सेक्शन में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गेट संख्या 48/ए के पास एक व्यक्ति को सफेद बोरी में कुछ वजनी सामान ले जाते हुए देखा। उक्त व्यक्ति को पकड़कर जब बोरी की तलाशी ली गई तो उसमें से रेलवे लाइन में प्रयुक्त होने वाले सामान पाए गए।
गिरफ्तार 20 वर्षीय समीर वारसी बिक्रमगंज के गुलजारबाग मोहल्ले का निवासी है। जिसने पूछताछ के क्रम में बताया कि रेलवे संपत्ति को चुरा कर वह कबाड़ दुकान में बेचने जा रहा था तथा एक दिन पूर्व भी उसने रेलवे संपत्ति को कबाड़ी दुकान में बेचा है। वहीं गिरफ्तार समीर वारसी के निशानदेही पर आरपीएफ की गठित एक विशेष टीम ने स्थानीय थाने के सहयोग से बिलाल कुरेशी की कबाड़ी दुकान पर जब छापेमारी की तो वहां से जुगल प्लेट व 02 सेट जुगल प्लेट में लगने वाले क्लैंप नट बोल्ट बरामद किए गए। जिसके बाद आरपीएफ ने कबाडी व्यवसाई मोहम्मद बिलाल कुरैशी को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों को बरामद रेलवे संपत्ति के साथ आरपीएफ के सासाराम पोस्ट लाया गया है। जहां कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में उप निरीक्षक डीएस राणावत,एएसआई जितेन्द्र कुमार चौधरी सहित बिक्रमगंज थाने की पुलिस शामिल रही।

# विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है।

## अधिकारों से अवगत कराने तथा न्याय दिलाने का तड़प प्रत्येक व्यक्ति में होना चाहिए – जिला जज।

**दैनिक समाज जागरण**

सत्य प्रकाश नारायण, सहायक विधि संवाददाता / धनंजय कुमार विधि संवाददाता बिहार झारखंड प्रदेश



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय, परिसर औरंगाबाद से जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी, प्रधान न्यायाधीश श्री पुनीत कुमार गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय श्री प्रणव शंकर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्री सुकुल राम तथा अन्य कई न्यायिक पदाधिकारियों द्वारा आज विधिक सेवा सदन से हरि झण्डी दिखाकर भव्य रैली को रवाना किया गया।
जागरूकता रैली में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अर्द्धविधिक स्वयं सेवकों एन0सी0सी0 के छात्र छात्राऐं तथा स्काउट एण्ड गाईड के छात्रों की उपस्थिति काफी संख्या में रही। यह भव्य रैली व्यवहार न्यायालय परिसर से निकलकर नगर परिषद द्वारा स्थापित पार्क तक न्याय सबके लिए संदेश देते हुए गयी और पुनः वापस व्यवहार न्यायालय आकर समाप्त हुई।
रैली के रवानगी के पूर्व जिला जज ने उपस्थिति मीडिया समूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोग अपने अधिकारो को जाने इस कारण शहर के प्रमुख स्थलों से विधिक सेवा दिवस पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस रैली का मुख्य उद्देष्य लोगो को विधिक सेवा से जोड़ने, उनको विधिक अधिकारो के प्रति सजगता लाने तथा उन्हें विधिक अधिकारो से अवगत कराते हुए सशक्त करना है।
विधिक सेवा दिवस पर भव्य रैली के रवानगी के बाद विधिक सेवा सदन में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्घाटन समारोह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के सभागार में जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी प्रधान न्यायाधीश , परिवार न्यायालय श्री पुनीत कुमार गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , प्रथम श्री पंकज मिश्रा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , तृतीय श्री प्रणव शंकर जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया।
कार्यक्रम का संचालन श्री अभिनन्दन कुमार उप मुख्य विधिक सहायता बचाव अधिवक्ता द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन श्री सुकुल राम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा करते हुए इस कार्यक्रम में सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।

**यह दिवस आम जन तक न्याय पहॅुचाने का दिन है -संजय,**

अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री संजय कुमार सिंह ने विधिक सेवा दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह दिवस आम जन तक न्याय पहॅुचाने का दिन है। इस अवसर पर जिला विधि संघ के अध्यक्ष श्री रसिक बिहारी सिंह ने पौराणिक उदाहरणों के जरिये लोगो को न्याय देने एवं लोगो के साथ कुशल व्यवहार. एवं न्यायपालिका एवं अधिवक्ताओं के सम्बन्ध पर विस्तार से प्रेरक संदेश दिया।
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम श्री पंकज मिश्रा ने विधिक सेवा दिवस के उद्देष्यों पर प्रकाश डाला एवं बताया कि जबतक आम जन मानस छोटी-छोटी बातों को लेकर जागरूक नहीं होगा तबतक एक श्रेष्ठ समाज की स्थापना नहीं की जा सकती है। हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में लोगो को मदद के बजाए लोगो को विडियो बनाने की होड़ होती है जो बेहद ही गलत होता है और यह अच्छे समाज का द्योतक नहीं होता है ऐसे कई छोटी-छोटी चीजों के प्रति लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है, तभी हम विधिक सेवा दिवस को सारगर्भित बना सकते है।

**विधिक सेवा दिवस का थीम भी न्याय सबके लिए है- प्रणव शंकर,**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय श्री प्रणव शंकर जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पूर्व सचिव रहे हे और प्राधिकार के उद्देष्यों को जन-जन तक पहॅुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वह्न करने का कार्य कियें हैं इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम 1987 बनाने के उपरान्त इसका क्रियान्वयन आज के दिन 1995 हुआ था इस कारण हमलोग यहां विधिक सेवा दिवस मना रहे हैं तथा इसका थीम भी न्याय सबके लिए है।
उन्होंने कहा कि न्याय पाने का सभी को हक है। भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी में सभी तक पहॅुचना संभव तो नहीं है परन्तु जितने लोग तक हम पहॅुच सकते हैं उतने लोगो तक न्याय अवश्य पहॅुचा सकते हैं। इसके लिए व्यवहार न्यायालय परिसर में आने वाले लोगो को पूछताछ करते हुए उन्हें उचित सलाह देकर न्याय का कार्य कर सकते हैं एवं अपने स्तर से जितना हो सके लोगो को विधिक रूप से सशक्त करने के लिए हर संभव प्रयास हमें करते रहना है।
अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी ने कहा कि संविधान और न्याय से सम्बन्धित संहिता को प्रारम्भ के पाठ्यक्रमों में ही शामिल कर लेना चाहिए जिससे कि उन्हें प्रारम्भ से ही कानून की जानकारी हो अगर ऐसा नहीं हुआ है तो हम सभी का दायित्व है कि हम जिले के प्रत्येक नागरिक को बताये कि उन्हें कानूनी अधिकार क्या हैं, उनके साथ कोई अन्याय न हो उनके आंसु को पोछा जाय और प्रत्येक नागरिक को यह लगना चाहिए कि उन्हें न्याय मिला है। हर परिस्थिति में न्याय दिलाने की तड़प होनी चाहिए कि उन्हें पैसे के अभाव अथवा अधिवक्ता के अभाव में किसी कानूनी सहायता के अभाव में उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है तो यह तड़प हर दिल में हर दिन होना चाहिए। इस कार्य में लगे लोगो को उनके द्वारा बधाई भी दिया गया। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत शुरू किये गये नये विधिक सहायता प्रतिरक्षा प्रणाली के जरिये लोगो को मुफ्त सहायता उपलब्ध कराने हेतु लोगो को जागरूक एवं तत्पर रहने का अपील किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिया गया ताकि लोगो को उनके मुकदमें मुफ्त और सशक्त न्याय मिल सके।

**विधिक सेवा दिवस पर मोमेन्टो देकर किया गया सम्मानित।**

विधिक सेवा दिवस के अवसर पर विधिक सेवा सदन में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सभी पैनल अधिवक्ताओं के कार्यो को सराहा गया तथा विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने प्रयास से उल्लेखनीय वादों के निष्तारण में सहयोग के लिए श्री राणा सरोज कुमार सिंह एवं श्री सुजीत कुमार सिंह पैनल अधिवक्ता तथा श्री मुकेश कुमार सिंह पारा विधिक स्वयं सेवक को जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह प्राधिकार के अध्यक्ष श्री सम्पूर्णानन्द तिवारी ने मोमेन्टों देकर सम्मानित किया तथा आने वाले दिनों में और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगो के द्वारा तालियों से अभिबादन किया गया ।

# स्वास्थ्य विभाग का एक व्यक्ति तीन जिलों में है कार्यरत,सरकार के खजाने से 5 जगह से लाखो रुपये का पेमेंट ले रहा है

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 09 नवंबर 2023ःझ फर्जी स्वास्थ्यकर्मी रवींद्र कुमार घोषाल जिले के चांडिल का निवासी है, जो सरायकेला-खरसावां स्वास्थ्य विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत है। वह सरायकेला के अलावा चाईबासा समेत अन्य तीन जिलों के साथ पिरामल फाउंडेशन में भी कार्यरत है। पाकुड़ स्वास्थ्य विभाग में फर्जी स्थानांतरण पत्र व धोखाधड़ी कर अमड़ापाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योगदान करने के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। ऐसे में यह जांच का विषय है कि आखिर एक आदमी एक साथ 5 जिलों में कैसे कार्य कर रहा है।

**क्या है पाकुड़ का मामला**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड की रुचाप पंचायत का रवींद्र कुमार घोषाल कुछ माह पूर्व डायरेक्टर इन चीफ के हस्ताक्षर युक्त फर्जी स्थानांतरण पत्र दिखा पाकुड़ में योगदान के लिए पहुंचा। स्थानांतरण पत्र में रवींद्र को लातेहार अस्पताल से स्थानांतरित बताया गया था। डीआईसी का पत्र देख पाकुड़ स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने पत्र के आधार पर उसका योगदान अमड़ापाड़ा प्रखंड के फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कल्याण पदाधिकारी के पद पर करा दिया गया। इसके बाद रवींद्र लगातार ड्यूटी भी कर रहा था। मामले का खुलासा तब हुआ जब संपुष्टि के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से विभाग व लातेहार को पत्र भेजा गया। हर जगह से एक ही बात निकल कर सामने आयी कि रवींद्र नाम के किसी भी कर्मी का स्थानांतरण नहीं किया गया है और न ही इस नाम का कोई कर्मी यहां कार्यरत था। इसके बाद सिविल सर्जन डॉ. मंद टेकरीवाल के निर्देश पर गठित तीन सदस्यीय जांच में भी उक्त मामले को पूरी तरह से फर्जी पाया गया। जिसके बाद सीएस के निर्देश पर अमड़ापाड़ा एमओआईसी के आवेदन पर रवींद्र घोषाल के विरुद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

सरायकेला में सितंबर तक का मानदेय भुगतान अब बात यह है जब रवींद्र कुमार घोषाल फर्जी रूप से अमड़ापाड़ा प्रखंड के फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परिवार नियोजन कल्याण पदाधिकारी के पद पर कार्य करते हुए सरायकेला में भी कैसे कार्य किया। जिले में रवींद्र को सिंतबर तक का मानदेय मिला है। हर साल सरकार के खजाने से 5 जगह से लाखो रुपये का पेमेंट ले रहा है

**भुगतान हुआ है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले की जांच करने की बात कह रहा है।**

**खुलासा**

रवींद्र कुमार घोषाल लेप्रोसी विभाग में आउटसोर्सिंग में कंप्यूटर ऑपरेटर पद पर कार्यरत है। उसके द्वारा कई जगहों पर काम करने की सूचना पर अक्तूबर माह के वेतन भुगतान पर रोक लगा दी गयी है। फिलहाल, मामले की जांच की जा रही है।

# जदयू के मुख्य प्रवक्ता रिंकू सिंह ने मुख्यमंत्री के पुतला दहन का किया विरोध

**रमण किशोर चौबे, दैनिक समाज जागरण, जिला संवादाता**



जनता दल (यूनाइटेड)रोहतास के निवर्तमान मुख्य प्रवक्ता रिंकू सिंह ने भाजपा कार्यकताओं के द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के पुतला दहन का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेहद सरल भाषा में बढ़ती जनसंख्या की समस्या के प्रति लोगों को जागरुक करते समय अगर किसी गलत भाषा का चयन हुआ है तो इसके लिए उन्होंने बिहार विधानसभा में क्षमा मांगी और अपनी बात को वापस ले ली। भाजपा के लोग यह बताएं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कब माफी मांगेंगे वर्ष 2012 की चुनावी रैली में उन्होंने कहा था वाह क्या गर्लफ्रेंड है क्या आपने देखी है 50 करोड़ गर्लफ्रेंड क्या यह महिला का अपमान नहीं है। काश भाजपा के लोगों का विवेक उस समय जागृत हो जाता जब देश को सम्मान दिलाने वाली पदक वीर बेटियां जंतर मंतर पर अपने सम्मान के लिए धरना दे रही थी तो आज बृजभूषण शरण सिंह जैसा यौन शोषण का आरोपी सीना तान कर भाजपा का सांसद बनकर बैठा न होता। माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने महिला सशक्तिकरण पर जो काम किया है वह आज तक देश के किसी मुख्यमंत्री के द्वारा नहीं किया गया है।

# "जल के लिए महिलाएं, महिलाओं के लिए जल"- जल दिवाली अभियान शानदार सफलता के साथ संपन्न

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) और ओडिशा शहरी अकादमी के साथ साझेदारी में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) ने एक अग्रणी पहल "जल के लिए महिलाएं, महिलाओं के लिए जल" शीर्षक के तीन दिवसीय अभियान का आयोजन किया। तीसरे दिन, 9 नवंबर, 2023 को यह कार्यकाम शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ। कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन के तहत इस परिवर्तनकारी अभियान का उद्देश्य जल प्रशासन में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना था।
इस तीन दिवसीय अभियान में देश के विभिन्न हिस्सों (चुनावी राज्यों को छोड़कर) से 14,000 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया, जो "जल दिवाली" में सक्रिय रूप से शामिल थीं। अभियान के दौरान, इन सशक्त महिलाओं ने देश भर में 530 से अधिक जल उपचार संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) का दौरा किया और घरों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाने में शामिल जटिल प्रक्रियाओं को देखा। राज्य के अधिकारियों ने अभियान की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए एसएचजी महिलाओं का स्वागत किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण मैनुअल, पानी की बोतलें, सिपर्स, पर्यावरण अनुकूल बैग और बैज जैसी आवश्यक वस्तुओं सहित फील्ड विजिट किट दिए गए।अभियान के दौरान, महिलाओं ने पानी के बुनियादी ढांचे को देखा और पानी की गुणवत्ता परीक्षण प्रोटोकॉल पर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया और इन परीक्षणों में शामिल हुईं। इससे उन्हें अपने समुदायों के लिए पानी की शुद्धता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित कर सकेंगी, यह जल के बुनियादी ढांचे के प्रति जिम्मेदारी की गहरी भावना को दशार्ता है। "जल दिवाली" के फोकस क्षेत्रों में अमृत योजना और इसके व्यापक प्रभाव के बारे में महिलाओं को जानकारी मुहैया कराना, महिला स्वयं सहायता समूहों

# नीमडीह के समानपुर के सबर बस्ती में लगा विशेष आधार पंजीकरण शिविर

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता(चांडिल)**



चांडिल : सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड अंतर्गत समानपुर पंचायत के सबर बस्ती में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीमडीह के निर्देश पर आधार कार्ड पंजीकरण का लगा विशेष शिविर।सबर बस्ती में रहने वाले निवासियों के पहचान पत्र नहीं होने के कारण केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जाने वाली जन कल्याणकारी योजनाएं एवं मूल भूत सुविधाओ से वंचित रहा हे। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी के. एस. अविनव ने बताया पिछले दिनों समानपुर पंचायत के सबर बस्ती के ग्रामीणों से कई तरह के समस्यायों से जिसमे से आधार कार्ड,राशन कार्ड नही होने सहित कई मामले देखने को मिला हे।समस्या को निदान करने के लिए सर्व प्रथम आधार कार्ड का पंजीकरण होना महत्पूर्ण था,जिससे लेकर आज सबर बस्ती में आधार पंजीकरण एवं सुधार के लिए विशेष शिविर लगाया गया। शिविर में 30 लोगो का आधार पंजीकरण आधार कार्ड में सुधार किया गया।

# आदित्यपुर संघर्ष समिति का मेहनत रंग लाया

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**



सरायकेला खरसावां (झारखंड) 09 नवंबर 2023ःझ सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर संघर्ष समिति वार्ड नंबर 30 के अंतर्गत अमृत पार्क के अंदर डीप बोरिंग 3 महीना से खराब पड़ा हुआ था। जिसे आदित्यपुर 2 संघर्ष समिति के समाजसेवी बृजमोहन सिंह,विष्णु कुमार बाऊरी द्वारा नगर आयुक्त को पत्र लिखकर सौंपा गया ,जिसके फलस्वरुप डीप बोरिंग को बनाया दिया गया।बस्ती के लोगो ने संघर्ष समिति और नगर आयुक्त को धन्यवाद दिया गया।

# सीआईएसएफ ने कांटा पहाड़ी में 45 टन अवैध कोयला को किया जप्त।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र,ब्यूरोचीफ, बिहार -झारखंड प्रदेश।
धनबाद (झारखंड ) 9 नवंबर 2023:- प्राप्त खबरों के अनुससार बाघमारा अनुमंडल के कई थानों में कोयले की चोरी थम सी गई है, बीसीसीएल



क्षेत्र 4 के अंतर्गत सीआईएसएफ लगातर छापेमारी कर रही है , बुधवार को गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ ने कांटा पहाड़ी मे 45 टन अवैध कोयले को जप्त किया । जिसे अवैध कोयले कारोबारी में हड़कम सी मचा हुआ है । अवैध कोयले चोरी को लेकर पूर्व में रेलवे साइडिंग का निशाना बनाया जाता था, जहां पर सीआइएसएफ के 4 सुरक्षा जवान कर्मी को तैनात किए जाने से कोयला चोरी पर विराम लग गया । लेकिन आउटसोर्सिंग कंपनीयो से कोयला चोरी करने के लिए अवैध कोयले कारोबारी नजर बनाए हुए हैं।

# आईटीफए के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए गए विक्रम मेहरोत्रा व कोषाध्यक्ष अंकित सिंह मौर्य

## मौके पर उपस्थित रहे कई आईआईटीएफ लाइसेंस होल्डर व ट्रैवल एजेंट

समाज जागरण वाराणसी



वाराणसीः भारत सरकार के द्वारा चलाए गए विशेष प्रोग्राम इंक्रेडिबल इंडिया टूरिस्ट फैसिलेटर पास आउट कर चुके लाइसेंस होल्डरों ने ली इंक्रेडिबल टूरिस्ट फैसिलेटर एशोसिएशन ( रजिस्टर्ड ) की सदस्यता, राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश हांडू के निर्देशन में इंक्रेडिबल टूरिस्ट फैसिलेटर वाराणसी चैप्टर का हुआ गठन। मनोनीत किए गए विक्रम मेहरोत्रा जिला अध्यक्ष वाराणसी चैप्टर व अंकित सिंह मौर्य बनाए गए कोषाध्यक्ष मौके पर उपस्थित रहे कई आईआईटीएफ लाइसेंस होल्डर व ट्रैवल ट्रेड से जुड़े व्यवसाई यह कार्यक्रम महमूरगंज स्थित होटल हैप्पी होम में संपन्न हुआ होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित कुमार यादव ने नए पदाधिकारी को माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दी। जिला अध्यक्ष विक्रम मेहरोत्रा ने वर्तमान समय मे आईआईटीएफ पास आउट लाइसेंस फोल्डरों को बधाई दी वर्तमान समय में उन्हें कार्य करने में आरही समस्याओं को विस्तार पूर्वक जाना और जल्द से जल्द सभी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों से बात करने की बात कही, उन्हें एशोसिएशन से जुड़कर कार्य करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया धन्यवाद ज्ञापन अंकित सिंह मौर्य ने दिया।। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुजीत कुमार पटेल, करण सिंह, मुन्ना राय, मनीष कुमार पटेल, जैन प्रसाद, राजू कुमार भारद्वाज, विनय कुमार भारद्वाज, अनीश कुमार मौर्य, मैनेजिंग डायरेक्टर रोहित कुमार यादव अंकित सिंह, शिवम मिश्रा उपस्थित रहे

# बी एन एम यू के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में शोक सभा अयोजित

मधेपुरा। स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी जनेश्री यादव जो संप्रति विश्वविद्यालय के कुलानुशासक कार्यालय में प्रतिनियोजित थे के



आकस्मिक निधन पर विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि उनका निधन ह्रदय गति के रुकने के कारण हुई। उनके दाह संस्कार के उपरांत स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में दिन के ढाई बजे शोक सभा का आयोजन किया गाया जिसमें विभाग के सभी शिक्षक,छात्रों और शोधार्थियों ने भाग लिया। अपने शोक संदेश में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम आई रहमान ने संक्षिप्त रुप से उनके जीवन पर प्रकाश डाला। उनके कार्यों की सराहना करते हुऐ उन्होंने बताया कि वह एक कर्मठ, ईमानदार और निष्ठावान व्यक्ति थे। वह अपने कार्य के प्रति पूर्ण रुप से समर्पित थे। उन्होंने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। शोक सभा में डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह, श्री अंकेश कुमार उपस्थित थे। शोध छात्रों में पायल रानी, मौसम कुमारी, सोनल कुमारी, नितिज्ञा भुषण, श्रुति सुमन, वंदना कुमारी, पप्पू कुमार और सुप्रभा भारती उपस्थित थे।

### बिहार में छाई रहेगी धुंध, जानें दिवाली-धनतेरस कैसा रहेगा मौसम

पटना. आज धनतेरस है और दिन में मौसम भी साफ रहेगा, लेकिन शाम होते हीं ठंड का एहसास होगा. सुबह के समय धुंध की संभावना है. साथ ही कई इलाकों में कोहरा भी देखने को मिलेगा. फिलहाल तापमान का उतार चढ़ाव जारी है. राज्य का अधिकतम तापमान 28 से 30त्ऊ और न्यूनतम तापमान कुछ इलाकों में 16 से 18त्ऊ तो वहीं कहीं कहीं 18त्ऊ से 20त्ऊ रहने की संभावना है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के पूवार्नुमान के अनुसार आने वाले 48 घंटों में बिहार के तापमान में एक से दो डिग्री की क्रमिक गिरावट दर्ज होने वाली है. रात में ठंड और दिन में हल्की सिहरन का एहसास होगा और धुंध का साया जारी रहेगा.

**कैसा रहेगा आज का मौसम**

मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक आशीष कुमार के अनुसार राज्य मे पछुआ और उत्तर पछुआ हवा का प्रवाह सतह से 5.8 किमी ऊपर तक बना है और तापमान में उतार चढ़ाव दर्ज की जा रही है. आज राज्य का मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहेगा. सुबह के समय राज्य में हिमालय की तलहटी के क्षेत्रों, गंगा के मैदानी भागों में

# संगीत के अभ्यर्थियों और बिहार के शिक्षकों के अन्याय के खिलाफ अनवरत आवाज उठाने को कृत संकल्प : नवल किशोर यादव

## संगीत के सच्चे साधकों के साथ घोर अन्याय बर्दाश्त नहीं ,सरकार संगीत अभ्यर्थियों के इन सभी मांगों पर ध्यान दें : जीवन कुमार

**संगीत के अभ्यर्थियों की सभी मांग बिलकुल जायज है, सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता : मुकेश मिलन**



पटना। संगीत शिक्षक बहाली के लिए आयोजित एसटीईटी और बी पी एस सी परीक्षा में आई अनेक परेशानियों के कारण बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार द्वारा सात सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश स्तरीय एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना का आयोजन किया गया ।

बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिलन ने कहा कि संपूर्ण बिहार के विभिन्न जिला से आए एसटीईटी उत्तीर्ण और अनुतीर्ण सैंकड़ों अभ्यर्थियों के साथ इस धरना कार्यक्रम का समर्थन देने पहुंचे संघ के संरक्षक सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा,संघ के सम्मानित संरक्षक सह बिहार विधान परिषद के सदस्य वरिष्ट भाजपा नेता नवल किशोर यादव और बिहार विधान परिषद के सदस्य जीवन कुमार ने सात सूत्री मांग पर सरकार को अविलंब ध्यान देने की आवश्यकता बताई और विधान परिषद में संगीत विषय के इन सात समस्याओं को उठाने की बात कही ।

प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मिलन कहा कि संघ द्वारा बिहार के तमाम अभ्यर्थियों का एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना और माननीय शिक्षा मंत्री को अपर मुख्य सचिव शिक्षा विभाग बिहार के माध्यम से ज्ञापन देते हुए सात सूत्री मांग पर ध्यान दिलाते हुए कहना है कि एसटीईटी परीक्षा 2023 में संगीत विषय पेपर 1 में 17 पेपर 2 में 8 एवं दोनो पेपर के अनिवार्य विषय के गलत प्रश्नोत्तर में सुधार हो,एसटीईटी में संगीत प्रशिक्षित को उम्र में दस वर्ष की छूट देने के बाद उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को बीपीएससी परीक्षा में भी दस वर्ष की छूट हो,एसटीईटी रिजल्ट कार्ड पर सर्टिफिकेट नंबर नही होने से हो रही परेशानी दूर हो,सर्वर खराबी के कारण सभी परीक्षाओं में ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन भी आवेदन लें,संगीत के सभी सृजित पदों पर एक साथ सभी संगीत के पदों पर बहाली हो, ईडब्ल्यूएस का लाभ मिले,अपियारिंग कंडीडेट को भी बहाली संबंधित परीक्षाओं में मौका मिले ।

बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के संरक्षक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा ने कहा कि हमलोग संगीत के मां सरस्वती के संतान शांतिपूर्ण शोर नही बल्कि शांतिपूर्ण और संवैधानिक ढंग से सरकार के नियम के तहत जायज मांग कर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं ।

धरना में समर्थन दे रहे बिहार संगीत योग्यताधारी प्रशिक्षित संघ बिहार के संरक्षक सह बिहार विधान परिषद के सदस्य द्वय नवल किशोर यादव और जीवन कुमार ने कहा कि जब जब संगीत शिक्षकों के साथ कोई अन्याय होगा हम इनके साथ हमेशा खड़े मिलेंगे और सरकार से इन सभी सातों समस्याओं पर विस्तार से मांग कर इसे सुधार करने हेतु पूर्ण प्रयास करूंगा ।

चूंकि संगीत प्रशिक्षित उचित मांग करने वाले उत्तीर्ण एवं अनुतीर्ण अभ्यर्थियों को भाषण देना तो था नही इसलिए इस शांतिपूर्ण धरना कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष जयकृष्ण कुमार के मंच संचालन में सभी संगीत के अभ्यर्थियों ने कुछ अभ्यर्थियों के उद्बोधन के बाद साज बाज के साथ मांगों पर आधारित एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कार्यक्रम को अद्भुत और भव्य बना दिया ।

# बौंसी पुलिस ने कच्चे शराब बनाने के पदार्थ एवम शराब बनाने की भट्ठियों को किया गया विनष्ट

**घूरना ओ० पी० पुलिस ने 103 बोतल नेपाली शराब एवम एक मोटर साइकिल को किया जप्त**

अररिया। ए० एल० टी०एफ० टीम द्वारा मद्य निषेध अभियान के तहत अररिया एवम बौसी थाना क्षेत्र अंतर्गत सघन तलाशी अभियान चलाकर बड़ी मात्रा में कच्चे शराब बनाने के पदार्थ एवम शराब बनाने की भट्ठियों को विनिष्ट किया गया वहीं घूरना ओ० पी० पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर 103 बोतल ( 30.9ली० ) नेपाली उमंगा देशी शराब के साथ तस्करी में प्रयुक्त 1 मोटर साइकिल को जप्त किया



# परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पंडित अजय झा के पितृ शोक पर उनके जन्म डीह जाकर परिषद से जुड़े दिग्गजों ने किया जिज्ञासा

भरगामा । परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक पण्डित अजय झा के पिता वरीय अधिवक्ता विष्णु देव झा के निधनोपरांत पर सीमांचल व मिथिलांचल के लोगों के बीच जहां शोक की लहर है। वहीं उनके जिज्ञासा हेतु उनके अवतरण डीह पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ी है। अररिया विधान सभा सीट से एन डी ए के प्रत्याशी रहे राष्ट्रीय परशुराम परिषद के राष्ट्रीय संयोजक सह चर्चित समाजसेवी पण्डित अजय झा से मिल जिज्ञासा में के एन डिग्री कॉलेज बखरी कुसार्कांटा के प्रिंसिपल प्रो. त्रिलोक नाथ झा, एसडीएम ग्रुप के संस्थापक संजय मिश्रा,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष सुराणा,पूर्व प्राचार्य श्री जटाधार झा सहित कई ब्राह्मण दिग्गज सिरसिया पहुंचकर जिज्ञासा में शामिल हुआ।

बताते चले कि दिवंगत विष्णु बाबू का दाह संस्कार उनके निज ग्राम सिरसिया में ही हुआ। जहा परिवार जनों सहित



हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। वहीं जिज्ञासा में ललन झा, डॉ शिवशंकर झा, बबलू झा,अर्जुन झा,शंकर झा, अनिल झा , ज्ञान मिश्रा, अखिलेश झा सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# पर्व त्योहार के होडिंग से पटा अररिया लोकसभा क्षेत्र, होडिंग लगाने में राजद के कद्दावर नेता जनाब मंजर खान सबसे

अररिया ।लोकसभा चुनाव में अभी देर है लेकिन टिकट पाने की दौर में चर्चा में रहे विभिन्न राजनीतिक दल से जुड़े नेताओं द्वारा अररिया लोकसभा के विभिन्न प्रखंडों हाट बाजारों, गांव, चौक चौराहों पर पर्व त्योहार से जुड़े होडिंग के माध्यम से जनता जनार्दन को बधाई शुभकामनाएं देने की होड़ सी लग गई है। इस सिलसिले में जहां होडिंग की संख्या में राजद के कद्दावर युवा नेता जनाब मंजर खान टॉप पर है वहीं बैनर लगाने में स्थानीय सासंद, वंचित मुक्ति मोर्चा सह राजद नेता




डा. शत्रुध्न मंडल, अनुसूचित जाति राजद के जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण राज चौधरी भी इस होड़ में शामिल हैं।

बता दें कि जाति जनगणना में अल्पसंख्यक बिरादरी का पलड़ा भारी है। ऐसे में राजद को लाचारी है कि सीट शेयरिंग में अररिया सीट राजद को मिलेगा हीं और टिकट भी अल्पसंख्यक को हीं मिलेगा नहीं तो वोट बैंक ओवैसी की पार्टी में खिसक जाएगा। बहरहाल जो हो। मंजर खान भी राजद के प्रति जहां समर्पित हैं वहीं वे सारे मामले में परिपूर्ण हैं। होडिंग बयां कर रहा हैं कि वे चुनाव हाईटेक लड़ेंगे।

# पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन 6 का द्वितीय सेमीफाइनल सुबह में एवं फाइनल मुकाबला दोपहर में आज

## पूर्णियां ने बांका को 34 रनों से हराकर अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबला में बनाई जगह

**राज सिंह नवीन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बल्लेबाजी में 30 गेंदों 45 रन एवं गेंदबाजी करते हुए लिए 4 विकेट**




पूर्णियां। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर" ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गान गाकर विधिवत प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आपको धनतेरस एवं दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं। अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीम बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं और कुछ खिलाड़ियों ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से अपनी अलग ही पहचान बनाई । पूणिया क्रिकेट के लिए शुभ संकेत है।

विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों से उन्होंने पुछा कि आवास एवं भोजन कैसी है। खिलाड़ियों ने बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए शुक्रिया अदा किया।

ग्लोबल स्पोर्ट्स के चेयरमैन श्री पंकज ठाकुर ने कहा कि पनोरमा ग्रुप युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन अवसर दे रहे हैं। इसके लिए जितनी प्रशंसा पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा जी की किया जाए। वह बहुत कम होगी। मै अखबार एवं सोशल मीडिया पर देख रहे थे । लेकिन आज मैदान में आकर काफी अच्छा लगा रहा है।

ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि धनतेरस एवं दीपावली को देखते हुए फाइनल मुकाबला में पहुंचे जिलों अनुरोध किया कि दिनांक 10/11/2023 को ही सुबह में द्वितीय सेमीफाइनल एवं दोपहर में फाइनल मुकाबला कर दी जाए।

**मैच परिणामः-**

============

प्रथम सेमीफाइनल मुकाबलाः- पूणिया बनाम बांका के बीच मुकाबला खेला गया।

पूणिया ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 144 रन बनाए। जिसमें राज सिंह नवीन ने 30 गेंदों में 45 रन, सुशांत शेखर ने 23 गेंदों में 28 रन बनाए।

बांका की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवम पाण्डेय ने 4 विकेट, सचिन कुमार ने 3 विकेट प्राप्त किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांका ने आल आउट होकर 110 रन ही बना पाई। पूणिया ने प्रथम सेमीफाइनल मुकाबला 34 रनों से जीत कर फाइनल मुकाबला में जगह बनाई। जिसमें बल्लेबाजी करते हुए बांका तनवीर सुल्तान ने 11 गेंदों में 28 रन एवं अभिनव कुमार ने 41 गेंदों में 28 रन का योगदान दिया।

पूणिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए राज सिंह नवीन ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट एवं रुपेश ने 3 विकेट प्राप्त किया।

क्वार्टर फाइनल मुकाबलाः-

=================

ओपन टू ऑल चैंपियन पूणिया कॉलेज बनाम लखीसराय के बीच मुकाबला खेला गया। लखीसराय के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ओपन टू ऑल चैंपियन पूणिया कॉलेज ने निर्धारित 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 123 रन बनाए। जिसमें विकास सिंह ने 25 गेंदों में नाबाद 46 रन एवं नील शेखर ने 13 गेंदों में 27 रन और अंकुर प्रतीक ने 25 गेंदों में 22 रन का योगदान दिया।

लखीसराय की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुमित पंत ने 2 विकेट एवं प्रेम और रमणीत 1-1 विकेट प्राप्त किया।

लखीसराय लक्ष्य का पीछा करते हुए 15 ओवर में 8 विकेट खोकर मात्र 95 रन ही बना पाई। ओपन टू ऑल चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज ने यह मुकाबला 28 रनों से जीत कर सेमीफाइनल मुकाबला में प्रवेश किया। लखीसराय की ओर से बल्लेबाजी करते हुए कुणाल कुमार 9 गेंदों में 23 रन, नितेश 17 गेंदों में 23 रन का योगदान दिया।

ओपन टू ऑल चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज की ओर से गेंदबाजी करते हुए आनंद ने 3 विकेट एवं मुदस्सर ने 2 विकेट प्राप्त किया।

मैच के अंपायरः- मो नैयर अली, एस एस प्रसाद पिंटू, बिमल मुकेश, आदित्य कुमार सिंह। स्कोरर प्रिंस पटेल एवं उद्घोषक की भूमिका मो जाहीद आलम निभा रहे हैं।

दिनांक 10/11/2023 को सुबह 9:00 बजे से द्वितीय सेमीफाइनल मुकाबला सहरसा बनाम ओपन टू ऑल चैंपियन टीम पूणिया कॉलेज क्रिकेट क्लब के साथ खेला जाएगा

=================

अपराह्न 12: 00 बजे से फाइनल मुकाबलाः- पूणिया बनाम द्वितीय सेमीफाइनल विजेता टीम के साथ खेला जाएगा।

इस अवसर पर उपस्थित पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर", ग्लोबल स्पोर्ट्स के चैयरमेन श्री पंकज ठाकुर, हरिओम झा, मिथिलेश राय, मो नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, सैयद जब्बार हुसैन,जितेन्द्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, विजय कुमार श्रीवास्तव, रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार, वेदांत झा, शिवम कुमार राज, हर्ष कुमार झा एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमी गण उपस्थित थे।

# पलासी प्रखंड के सोहन्दर पूर्णानन्द झा कॉलेज, सोहन्दर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित




पलासी। जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान, उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार सहित सभी जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में पलासी प्रखंड के सोहन्दर पूर्णानन्द झा कॉलेज, सोहन्दर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में आम जनों ने भाग लिया। जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रशासन अररिया की ओर से उपस्थित आम जनों का आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य योजनाओं की जानकारी, उसके क्रियान्वयन और आम आदमी तक इसका लाभ पहुंचाना है। कई योजनाओं की जानकारी बेहद जरूरी है, जो आज इस जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी द्वारा दी गई है, इसका आप लाभ उठावे। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में विभिन्न विभागों की योजनाओं की चर्चा करते हुए ग्रामीण विकास विभाग की मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं मनरेगा की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आवास सूची में जिन योग्य लाभुकों का नाम नहीं जुड़ा है, उसे आवास प्लस में जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि जिनका आवास 2010 के पूर्व बना है और अभी मरम्मती कराने की आवश्यकता है, तो वह मुख्यमंत्री आवास सहायता योजना का लाभ ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि हर घर शौचालय का निर्माण करा कर व्यवहार परिवर्तन पर जोर दिया गया है तथा खुले में शौच मुक्त गांव की संकल्पना को साकार किया गया है। मनरेगा के तहत अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है इच्छुक ग्रामवासी रोजगार पाने के लिए जॉब कार्ड बनाकर कार्य कर सकते हैं। निजी जमीन में एक यूनिट वृक्षारोपण कर सकते हैं। इसमें फलदार वृक्ष/साल वृक्ष लगा सकते हैं। इसके साथ-साथ वृक्ष सिंचाई हेतु चापाकल देने का भी प्रावधान है। इच्छुक लाभुक इसका लाभ ले सकते हैं। मनरेगा से पशु शेड का भी निर्माण कराया जाता है। आप पशुपालन कर अपने आप को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकते हैं। उन्होंने जीविका की चर्चा करते हुए कहा कि यह एक बिहार सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना है, जो महिलाओं के लिए सामाजिक, आर्थिक, सशक्तिकरण में महत्ती भूमिका निभाती है। इसलिए जो महिलाएं जीविका दीदी समूह से जुड़ना चाहती है वे अवश्य जुड़े। कार्यक्रम का संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा कि प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर संचालित अस्पतालों में सभी प्रकार की आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हैं। सदर अस्पताल में सिटी स्कैन की सुविधा उपलब्ध है। सभी प्रकार के आवश्यक जीवन रक्षक दवा भी उपलब्ध हैं। डीआरसीसी प्रबंधक द्वारा बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी एवं उपस्थित सभी वरीय पदाधिकारियों के द्वारा जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, जिला परिवहन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी जन संवाद, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया, जिला मत्स्य पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पलासी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# तेजस्वी यादव के जन्मदिन पर जिला राजद कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, बडी.संख्या में राजद कार्यकताओं ने किया ब्लड डोनेट

अररिया। बिहार के यशस्वी उपमुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री आदरणीय श्री तेजस्वी यादव जी के 34 वें जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय जनता दल जिला कार्यालय अररिया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का उद्घाटन पूर्व सांसद सरफराज आलम, राजद जिला अध्यक्ष मनीष यादव, जिला प्रधान महासचिव मनोज विश्वास, अररिया सदर अस्पताल से प्रतिनियुक्ति प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर राजेंद्र कुमार ,डा. अखिलेश जी , राजद के वरिष्ठ नेता प्रो.क्रांति कुंवर जिला उपाध्यक्ष हाजी सरवर आलम चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर शंभू कुमार महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती लवली नवाब ने संयुक्त रुप से किया।



रक्तदान में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष श्री मनीष यादव , प्रधान महासचिव श्री मनोज विश्वास जिला प्रवक्ता जगदीश झा गुड्डू महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लवली नवाब चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉक्टर शंभू कुमार महासचिव कमाले हक,जिला सचिव अमर मेहता ,सुनील यादव , अररिया प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद नसीम , खाब्दह पंचायत अध्यक्ष विवेक यादव सहित भारी संख्या में राजद नेताओं एवं कार्यकताओं ने अपनी भागीदारी दी।

इस अवसर पर राजद जिला कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार यादव प्रवक्ता रामनारायण विश्वास नगर अध्यक्ष सुशील कुमार विश्वास प्रखंड अध्यक्ष मो. नसीम , राजद अनुसूचित जाति दलित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सह वरीय अधिवक्ता बालकृष्णराज चौधरी ,मजदूर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष मोहम्मद ताजुद्दीन , जिला सचिव राहुल यादव, जिला सचिव प्रभाष कुमार, युवा राजद सोशल मीडिया प्रभारी मोहतसिम अख्तर सहित बड़ी संख्या में राजद के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दिल्ली-NCR में अचानक बदला मौसम, रात से ही हो रही बारिश, दिवाली से पहले प्रदूषण से राहत की उम्मीद

नई दिल्लीः दिवाली से ठीक पहले दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने अचानक करवट ली है. दिल्ली, नोएडा से लेकर गाजियाबाद और फरीदाबाद तक मौसम में अचानक बदलाव हुआ है और कई इलाकों में हल्की बारिश दर्ज की गई है. दिल्ली-एनसीआर के कई हिस्सों में गुरुवार और शुक्रवार की दरमियानी रात को हल्की बारिश हुई, जिससे राष्ट्रीय राजधानी में बढ़े वायु प्रदूषण से राहत मिलने की उम्मीद है. कर्तव्य पथ और दिल्ली-नोएडा सीमा के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश दिखाई दे रही है. पूरे एनसीआर में अब भी बूंदाबांदी हो रही है, जिससे मौसम साफ नजर आ रहा है. दिल्ली-एनसीआर में ऐसे वक्त में बारिश हुई है, जब बीते कुछ दिनों से प्रदूषण से राजधानी समेत पूरे एनसीआर का बुरा हाल है. वायु प्रदूषण का आलम तो यह है कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए आर्टिफिशियल बारिश यानी ह्यकृत्रिम बारिशह्न पर विचार किया जा रहा था. अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को दिल्ली सरकार ने शहर में वायु प्रदूषण से निपटने के

## पेड़ों की कटाई नगर निगम कर्मचारियों ने रूकवाई

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी दुगाकुंड भेलूपुर मार्ग पर स्थित धर्म संघ के सामने स्थित नीम और पीपल के पेड़ों की कटाई बिना नगर निगम के परमिशन के एक कोचिंग संस्था के द्वारा करवाया गया।स्थानीय लोगों के द्वारा पेड़ों की कटाई करने की सूचना नगर निगम को दी गईमौके पर पहुंचे नगर निगम के कर्मचारियों ने बिना परमिशन लिए पेड़ों के काटने के काम को रुकवा दिया।साथ ही उसकी शिकायत भी दर्ज करने के लिए कहा।

## घूम रहे आधा दर्जन छुट्टा पशु भेजे गये गोवंश आश्रय स्थल

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

काशी विद्यापीठ/बीते एक नवंबर से 31 दिसम्बर तक चल रहे विशेष गौ संरक्षण अभियान के तहत गुरूवार को कैटल कैचर वाहन द्वारा काशी विद्यापीठ विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर घूम रहे आधा दर्जन छुट्टा पशुओं को नजदीकी गोवंश आश्रय स्थल पर भेजकर संरक्षित किया गया।

क्षेत्रीय पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 लवलेश सिंह ने बताया कि स्थानीय विकास खंड के अखरी बाईपास पर घूम रहे दो छुट्टा पशुओं को पकड़ कर कैटल कैचर वाहन द्वारा कादीपुर गांव के गोवंश आश्रय स्थल में भेजकर संरक्षित कर दिया गया। तो वहीं खनांव चौराहे से पकड़े गये चार छुट्टा पशुओं को देल्हना गोवंश आश्रय स्थल पर भेजा गया है।

बीते दो दिन पहले अभियान के दौरान लठिया चौराहे पर घूम रहे चार छुट्टा पशुओं को मिसिरपुर गोशाला में संरक्षित कर दिया गया है। रोहनियां चौराहे पर घूम रहे तीन गोवंश को ऊंचगांव गोवंश आश्रय स्थल पर भेजा है।

क्षेत्र पशु चिकित्सा अधिकारी डा0 लवलेश सिंह ने बताया कि छुट्टा पशुओं की सूचना ग्राम प्रधान या ग्रामीणों द्वारा ब्लाक मुख्यालय पर स्थित राजकीय पशु अस्पताल पर मोबाइल नंबर 9792072072 पर देकर छुट्टा पशुओं को पकडवाने के लिए सूचित किया जा सकता है।

## ट्रेन के पटरी पर महिला ने दी जान

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

वाराणसी फूलपुर थाना क्षेत्र के कहरका रेलवे फाटक के समीप बीती रात अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से 50 वर्षीय अज्ञात महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरे रंग की साड़ी पहने व जैकेट पहनी महिला बीती रात किसी ट्रेन के आगे पटरी पर लेट गई। जिसकी उसका सिर धड़ से अलग हो गया।घटना के कारण का पता नही चल पाया। पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर पीएम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया। एसओ दीपक कुमार रणावत ने बताया कि शव के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## अधिक किराया वसूल करने वाले बसों पर परिवहन विभाग ने किया कार्यवाही

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 10 नवम्बर )लंबी दुरी की बसों में अधिक किराया वसूलने की शिकायत परिवहन विभाग को मिल रही थी जिस पर कार्यवाही करते हुए विभाग ने पवन बस पर कार्यवाही किया हैं, वहीं विभाग ने एक मोबाइल नंबर जारी करते हुए यात्रियों से अपील किया हैं कि अगर किसी यात्री से बस वाले अधिक किराया वसूलते हैं तो उक्त नंबर पर शिकायत कर सकते हैं जिस पर विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाएगी।



### बसों में नहीं मिला किराया सूची

परिवहन विभाग के अधिकारी अनिमेष गड़पाले ने बताया कि जाँच के दौरान किसी भी बस में किराया सूची चस्पा किया हुआ नहीं मिला जो सभी बसों में चस्पा करना अनिवार्य होता हैं लेकिन बस के संचालकों ने मनमानी करते हुए नियम विरुद्ध जाकर बस का संचालन करते हैं जो गलत हैं जिस पर विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही हैं। बस में किराया सूची चस्पा नहीं होने पर यात्रियों कों पता ही नहीं चलता कि अमुक स्थान का कितना किराया हैं जिसका फायदा बस संचालक और बस कंडक्टर उठाते हैं। परिवहन विभाग ने सभी बसों में शीघ्र ही किराया सूची चस्पा करने का आदेश दिया हैं।

## कटंगी और वारासिवनी में आयोजित प्रशिक्षण में डीईओ ने दलकर्मी की किया अवलोकन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 10 नवम्बर )जिला निर्वाचन अधिकारी ड़ॉ. गिरीश कुमार मिश्रा गुरुवार को विधान सभा कटंगी और वारासिवनी में आयोजित हो रहे मतदान दल कर्मियों के प्रशिक्षण में शामिल हुए। वारासिवनी के महाविद्यालय में डीईओ ड़ॉ. मिश्रा मतदान दल कर्मियों के साथ जाकर बैठे और मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इसके बाद स्वयं सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां लिया जा रहा प्रशिक्षण मतदान केंद्र के भीतर बड़ा



उपयोगी होगा। इसलिये इस प्रशिक्षक को 17 तारीख को होने वाले मतदान की सफलता के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण माने। यही प्रशिक्षण मतदान के दिन होने वाली समस्याओं को दूर करने में मदद करेगा। साथ ही उन्होंने इस बात से भी आश्वस्त किया है कि मतदान सामग्री छूट भी जाये तो चिंता न करें। सेक्टर अधिकारियों के माध्यम से पहुँचाई जा सकती है। मतदान दिवस के दिन बिल्कुल कूल रहकर मतदान कराएं। समस्या होने पर सम्बंधित सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी सहित उन्हें भी कॉल कर सकते है। साथ ही मतदान दल कर्मियों की सुविधा के लिए दलों को प्रदान किये जाने वाले आइडेंटिटी कार्ड, बस, रूट आदि को एक जैसा रंग दिया गया है। जिससे अपने दल के सदस्यों और रूट की बस में बैठने में कोई समस्या नही होगी। इस दौरान सम्बन्धित विधानसभा रिटर्निंग अधिकारी कामिनी ठाकुर, श्री मधुवंत राव व प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री अवनीश कुमार उपाध्याय उपस्थित रहे।

### 7372 दल कर्मियों को प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी श्री उपाध्याय ने बताया कि पहले दिन 6 विधानसभाओ में 2628 और दूसरे दिन गुरुवार को 2624 को प्रशिक्षण दिया गया। वारासिवनी में 364 और कटंगी विधानसभा में 392 दल कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण केंद्रों पर ही सुविधा केंद्र स्थापित किया गया। जहां डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान भी किया।डीईओ डॉ. मिश्रा ने प्रशिक्षण के दौरान दल कर्मियों से मतदान सें संबंधित आवश्यक प्रश्न भी किये।

## डीएम ने जय।पुर में चौपाल लगाकर विकास कार्यों की ली जानकारी

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

जक्खिनी।

सांसद आदर्श ग्राम जयापुर में शाम को डीएम एस राजलिंगम,,सीडीओ हिमांशु नागपाल और अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हो कर लोगों की समस्याओं को सुना।

यहां पर कई वृद्धाओं ने कई माह से पेंशन न आने की शिकायत की। जिसका मौके पर निस्तारण समाज कल्याण विभाग ने कराया।

जयापुर में आदर्श काऊ शाला के नाम पर गांव के अमरनाथ सिंह अपनी जमीन लीज पर दी थी जिसका पिछले पांच साल से न तो कोई किराया मिला न ही कब्जा हटा। इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी से अमरनाथ सिंह के पुत्र विजय शंकर सिंह ने की। डीएम ने निस्तारण का आस्वासन दिया।

गांव में सुरेंद्र सिंह के मकान से काऊ शाला होते हुए जक्खिनी लिंक मार्ग के जर्जर होने की समस्या आरएसएस के प्रांतीय गौसेवा प्रमुख अरविंद जी ने उठाई जिस पर डीएम ने बीडीओ आराजी लाईन को मार्ग मरम्मत के लिए निर्देशित किया।

जयापुर में मानिकपुर बस्ती में राजभर बस्ती में जाने के लिए कोई सड़क न होने का मामला उठा जिसको डीएम ने राजस्व विभाग और ब्लाक को मामले के निस्तारण का निर्देश दिया।

इस मौके डीएम ने आदर्श तालाब,सोलर प्लांट,अटल नगर(मुसहर बस्ती), जया सीड के बीज विधायन केंद्र का निरीक्षण किया।

पंचायत भवन पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर डीडी कृषि एके सिंह,जिला उद्यान अधिकारी सुबाष कुमार,बीडीओ आराजी लाईन विजय जायसवाल,एडीओ कृषि विजय शंकर तिवारी,ग्राम प्रधान राज कुमार यादव,अनिल सिंह,शिव शंकर सिंह खिलाड़ी, नरेंद्र मिश्रा,संतोष पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## कपसेठी पुलिस ने 5 के खिलाफ की जिला बदर की कार्रवाई बजवाई डुग्गी

### कार्रवाई में भद्रकाली देवी मंदिर के महंत के दो पुत्र भी शामिल ।।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी कपसेठी पुलिस ने थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से पांच लोगों के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की है यह कार्रवाई अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी यशचनाप्पा से सस्तूती मिलने के बाद की गई है इस दरमियान पुलिस आरोपियों के घर गुरुवार की दोपहर डुग्गी बजवाकर उन्हें निर्देशित किया कि वे निर्धारित समय तक जिले की सीमा में ना दिखाई पड़े तथा निर्धारित तिथि पर थाने में आकर अपनी उपस्थिति दर्ज करावे इस दरमियान पुलिस ने निर्देश दिया कि आरोपी निर्धारित समय तक वाराणसी जनपद की सीमा में नजर न आवे अगर वे इस दौरान जिले की सीमा में दिखाई पड़ेंगे तो उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी जिला बदर की इस कार्रवाई में मां भद्रकाली मंदिर के तथाकथित महंत सरावां गांव निवासी गोली सिंह के दो पुत्र भी शामिल है।।

थाना अध्यक्ष कपसेठी जगदीश कुशवाहा ने बताया कि अपराधिक गतिविधि के चलते सरावा गांव निवासी अभिषेक सिंह व मुकुंद सिंह पुत्रगण दिनेश उर्फ गोली सिंह के अलावा अजय मौर्या पुत्र जग नारायण मौर्य निवासी अर्जुनपुर को 6 महीने के लिए तथा सिंटू उर्फ संजीव सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी भरहरिया को 2 माह के लिए तथा नाहर यादव उर्फ सुनील पुत्र दयाशंकर यादव निवासी बरसता को तीन माह के लिए निष्कासित किया गया इस दरमियान 9 नवंबर के दिन से हर 30 दिन पर आरोपियों को कपसेठी थाने में पहुंच कर हाजिरी लगानी पड़ेगी पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों में खलबली मची हुई है ।।

## स्वर्णमयी माता की एक झलक पाने को दूर दराज से भक्त पहुचे काशी

**समाज जागरण वाराणसी**

लाखो भक्त पहुंचे काशी माता दरबार में भक्तो का उमड़ा जन सैलाब 24 घंटे पहले भक्त लगे कतार में भारत वर्ष से लोग पहुंचे काशी बीते गुरुवार से स्वर्णमयी अन्नपूर्णा दर्शन हेतु भक्तो की लगी कतार

- दो दिन से बैठे कतार में भक्तों को मंदिर प्रबंधन ने किया चाय,पानी और नाश्ते का प्रबंध अपराह्न एक बजे से आम भक्तो के लिए कपाट खोला जाएगा भक्त एक दिन पूर्व ही हुये कतारबद्ध माता के जय कारे से गुजमान रही सड़के मेरी पहली प्राथमिकता भक्तो को मिले सुगम दर्शन महंत शंकर पूरी

वाराणसीःस्वर्णमयी अन्नपूर्णा पाच दिवसिय दर्शन को लेकर मन्दरी प्रबन्धन ने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है।

भारत का एक मात्र मन्दिर जहां भक्तो को प्रसाद रूप में खजाना व लावा मिलता है।

पांच दिवसीय दर्शन को लेकर मन्दिर प्रबन्धन सेवा को तैयार है आने वाले भक्तो को परिषर में बनी अस्थायी सीढ़ी से होते प्रथम तल पर विराजमान माता का दर्शन कर राम मंदिर से बाहर होंगे।

दर्शन से पहले भक्तो को मिलेगा लावा व खजाना।

आने वाले भक्त के भीड़ को देखते हुये मंदिर प्रांगण चिकित्सक तैनात किया गया

मन्दिर के सेवादार रहेंगे जो दिव्यांग व बुजुर्गो को सीधे माता दरबार को ले जायेगे। मन्दिर प्रबन्धक सुरक्षा बाबत कंट्रोल रूम के माध्यम से आने जाने वाले पर नजर बनी रहेगी। तत्कालीन महंत मन्दिर के आठवें महंत के रूप में इस परम्परा का निर्वाह करेंगे।इस वर्ष भक्तों को खजाना प्रसाद रूप में मिलेगा ।यहां देश विदेश से भारी भक्त काशी के इस मंदिर में पहुचते है। जहां की स्वयम बाबा भोलेनाथ माता के से संसार के लिए अन्न के लिये अपनी झोली फैलाये थे।

## एसबीआई की लापरवाही पर जिला उपभोक्ता फोरम ने 56 हजार ग्राहक को देने के दिए निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 10 नवम्बर )जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय एवं सदस्य डॉ. महेश कुमार चांडक एवं श्रीमती हर्षा बिजेवार डोहरे की बेंच ने आवेदक प्रवीण कुमार दीक्षित के पक्ष में फैसला सुनाते हुए भारतीय स्टेट बैंक को 56400 रुपए वापस करने के निर्देश दिए हैं। एक जुलाई 2022 को खाता धारक प्रवीण कुमार दीक्षित के खाते से किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा पांच बार ऑनलाइन ट्रांसजेक्शन कर राशि का आहरण किया गया था जिसकी शिकायत खाता धारक प्रवीण कुमार ने बैंक से किया था लेकिन बैंक द्वारा ग्राहक की कोई मदद नहीं की गयी जिसकी शिकायत ग्राहक प्रवीण कुमार ने जिला उपभोक्ता फोरम में किया जहाँ आयोग ने बैंक की लापरवाही मानते हुए ग्राहक प्रवीण कुमार दीक्षित को ब्याज सहित 56400 रुपए वापस करने के निर्देश दिए।

इस मामले को उपभोक्ता फोरम ने गंभीरता से लेकर सुनवाई करते हुए दोनों पक्षो को सुना जिसमे बैंक की लापरवाही सामने आयी।बता दें प्रवीण कुमार दीक्षित एक शासकीय कर्मचारी हैं और उनका वेतन एक जुलाई 22 को ट्रेजरी से जमा किया गया था जिसे किसी अंजान व्यक्ति के द्वारा आहरण कर लिया गया जो बैंक की लापरवाही को दशार्ता हैं जिसका फैसला ग्राहक के पक्ष में देकर फोरम ने 56 हजार रुपए मय ब्याज के देने का निर्देश बैंक को दिया हैं जिससे प्रवीण कुमार दीक्षित बहुत खुश हैं।

## जेवरात के लिए नानी मौसी की हत्या करने वाले हत्यारे की निशानदेही पर दस लाख का गहना बरामद

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 10 नवम्बर )एक नवम्बर को हुए दोहरे हत्याकांड से समुचा शहर कांप गया था, जिसकी जाँच कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,लेकिन परिजनों के अनुसार हत्यारे ने जेवरात एवं रूपयों के लिए यह हत्या किया था जिसे लेकर भाग गया था जो अभी तक नहीं मिला हैं जिससे पुलिस ने न्यायालय से पुनः आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ किया तो आरोपी ने सारी सच्चाई बयां कर दिया जिसकी निशान देही पर दस लाख कीमत के सोने एवं चांदी के आभूषण बरामद किया गया।



### एक नवम्बर को बुजुर्ग मां बेटी की हुई थी हत्या

जिला मुख्यालय स्थित एक सुनसान कोठी की रखवाली करने वाली बुजुर्ग माँ- बेटी की हत्या से सनसनी फैल गयी थी।कोतवाली पुलिस ने 48 घंटे के अंदर हत्यारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।हत्यारा संतोष पिता रामशरण लिल्हारे निवासी नैतरा पुलिस थाना ग्रामीण को तीन नवम्बर को पुलिस ने गिरफ्तार किया था, हत्यारा संतोष मृतिका का रिस्तेदार हैं।

पुलिस जाँच के दौरान मृतका के परिजनों ने बताया कि हत्यारा संतोष लिल्हारे ने हत्या करने के बाद सोने चांदी के जेवरात लेकर भागा था जो बरामद नहीं हुआ हैं। परिजनों के आधार पर पुलिस ने आरोपी संतोष लिल्हारे को न्यायालय से रिमांड पर लेकर पूछ ताछ किया तो उसने जेवरात चुराना स्वीकार कर लिया जिसके निशानदेही पर पुलिस ने 15 तोला सोने के जेवरात और 250 ग्राम चांदी के जेवरात कीमत लगभग 10 लाख बरामद कर लिया।

## कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य सहित यूनियन के पदाधिकारी ने किया खदानों का निरीक्षण

**समाज जागरण**

अमलाई। अख्तर जावेद उस्मानी (कोल इंडिया सेफ्टी बोर्ड सदस्य ) केन्द्रीय उप महामंत्री एच.एम.एम. यूनियन का सोहागपुर क्षेत्र को दो दिन 07/1/1 23 एवं 08/1123 को दौरा था। जिसमे शारदा खुली खदान ,रामपुर बहुरा, सब स्टेशन एवं केन्द्रीय चिकित्सालय का दौरा किया एवं यूनियन के सभी पदाधिकारी मजदूरों की सुरक्षा एवं समस्याओं के बारे में सभी से चर्चा की। एवं महाप्रबंधक से चर्चा की ।चर्चा के दौरान हिंद मजदूर सभा के अध्यक्ष शशि भूषण शुक्ला, महामंत्री शिव नारायण मिश्रा, क्षेत्रीय सदस्य नीरज चतुर्वेदी, विनोद शर्मा एवं विनीत द्विवेदी बाबूलाल चिपाठी, अनिल सिंह उपध्यक्ष लालमणि शुक्ला अन्य सभी यूनियन एवं एरिया पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूल जा रहे शिक्षक पर हमला। हमलावर ने कार का शीशा तोड़ा,शिक्षको में आक्रोश

**बड़ागांव/वाराणसी**

वाराणसी बड़ागांव थाना क्षेत्र के चक्का गांव के पास स्कूल जा रहे शिक्षक को मारने पीटने व कार का शीशा तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार बरईपुर सारनाथ निवासी शिक्षक सिद्धार्थ पांडेय बड़ागांव थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चिलबिला पर कार्यरत हैं। गुरुवार को सुबह हरहुआ रामेश्वर मार्ग पर स्कूल जाते समय सिद्धार्थ पांडेय स्वयं अपनी कार ड्राइव कर रहे थे। हरहुआ तिराहे पर पास लेने के विषय पर बाइक सवार दबंग से कहासुनी हो गई। वहां तो लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। लेकिन चक्का गांव के पास पहुंच कर उक्त दबंग ने कार सवार शिक्षक पर हमला बोल दिया। जिससे कार का पिछला शीशा टूट गया । आसपास के लोगों ने किसी तरह शिक्षको की जान बचाई। भुक्तभोगी शिक्षक ने 112 नम्बर पर घटना की सूचना देते हुए बड़ागांव थाने पर तहरीर दी।इधर इस घटना की सूचना मिलने पर शिक्षको में आक्रोश व्याप्त हो गया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह के नेतृत्व में शिक्षको का प्रतिनिधिमंडल थाना प्रभारी बड़ागांव से मिलकर इस मामले में हमलावर के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी राजकुमार पाण्डेय ने शिक्षको के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की जांच कर हमलावर के विरुद्ध प्रभावी एक्शन लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में संतोष सिंह, मनोज कुमार सिंह, लोकनाथ राम,उदय प्रताप, राजेश कुमार, अशोक कुमार सहित दर्जनों शिक्षक शामिल थे।

खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने भी इस घटना का संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी से बातचीत कर शिक्षक के उपर हमला करने वाले के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का आग्रह किया।

## शादी समारोह में गए मासूम के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म, हालत गम्भीरआरोपी हिरासत में।

**समाज जागरण वाराणसी ब्यूरो**

सेवापुरी/ वाराणसी क्षजंसा थाना क्षेत्र के हरसोस ।। बड़का पूरा ।। गांव में बीती रात एक युवक द्वारा मासूम बच्चे के साथ बहला फुसलाकर सिवान में ले जाकर अप्राकृतिक दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है ।। उधर मासूम की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज चल रहा है।।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है।

बताया जाता है की बुधवार की रात मासूम पड़ोस में चल रहे शादी समारोह में गया था जहा गांव के ही सुजीत कुमार उर्फ पौवा नमक युवक उसे बहला फुसलाकर घर से थोड़ी दूर सिवान में ले जाकर घटना को अंजाम दिया और उसे वहीं तड़पता छोड़कर फरार हो गया किसी तरह से मासूम रोते बिलखते घर पहुंचा और परिजनों कोआप बीती सुनाई इस पर परिजनों ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और मासूम का मेडिकल मुआयना करवाया तथा वही मासूम की हालत गंभीर बताई जा रही है इस मामले थाना अध्यक्ष जंसा राकेश पाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि परिजनों के तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपी युवक को हिरासत में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान फल फूल रहा अवैध सट्टेबाजी का काला कारोबार

### वाराणसी कमिश्नरेट में कई जगहों पर चल रहा है सट्टेबाजी का बड़ा खेल

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी। क्रिकेट वर्ल्ड कप के दौरान इन दिनों शहर में बड़े पैमाने पर अवैध सट्टे का खेल चल रहा है। शहर के लंका, चेतगंज, सिगरा, लोहटिया और हरतीरथ पोखरा क्षेत्र से इस खेल को संचालित किया जा रहा है। यहां बैठे बुक्कियों का नेटवर्क केवल पूर्वांचल तक ही नहीं बल्कि मुंबई, दिल्ली, सूरत और हैदराबाद तक फैला हुआ है। सूत्रों पर विश्वास करें तो क्रिकेट मैच पर लगने वाले सट्टे का हेड क्वार्टर मुंबई से बदलकर अब हैदराबाद बन चुका है। यहां से इस सट्टे के हेड डिब्बा (बुक्की) को मैच खेलने-खेलाने वाले लाइन देते हैं।

गौरतलब है कि इन दिनों कोतवाली थाना क्षेत्र के हरतीरथ पोखरा के पास रहने वाले हेमंत यादव उर्फ बाबू (काल्पनिक नाम) ने सट्टेबाजी के खेल में जिले भर में अपना पैर पसार रखा है। सट्टे के पैसे से हेमंत उर्फ बाबू ने कुछ सरकारी जमीनों पर भी अपना कब्जा जमा लिया है। जहां से अब वह अपने इस कालेकारोबार को संचालित कर रहा है। सूत्रों पर विश्वास करें तो वर्ल्ड कप के दौरान रोजाना हेमंत के द्वारा करोड़ों रुपये का सट्टा का व्यापार किया जा रहा है। हेमंत ने हैदराबाद से मिली लाइन को छोटे छोटे बुक्कियों में बांट रखा है। जोकि मैच पर हार, जीत, सेशन टॉस समेत कौन प्लेयर कितना रन बनायेगा इसपर सट्टा लगवाते हैं।

**इनसेट- एप्लीकेशन पर देखते हैं सेशन और भाव**

सट्टोरी अब मैच पर चल रहे भाव (हार, जीत पर बढ़ कर मिलने वाला पैसा), ओवर, रन रेट, शेसन और टॉस देखने के लिए कई एप्लीकेशन का उपयोग करते हैं। जिससे मैच के दोनों इनिंग का स्कोर और जानकारी मिलती है।

**इनसेट- पुलिस की पकड़ से दूर सट्टेबाज**

कमिश्नरेट पुलिस का दावा है कि शहर में क्राइम कंट्रोल करने के साथी अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है लेकिन सूत्रों पर विश्वास करें तो वाराणसी में लंबे समय से क्रिकेट सट्टेबाजी का खेल चल रहा है। बात बीते दिनों की करें तो तत्कालीन एसएसपी अजय मिश्रा के कार्यकाल में चौबेपुर से एक सट्टेबाजो के गैंग को पकड़ा गया था। सूत्रों के मुताबिक पकड़े गए इस गैंग का नेटवर्क कराची तक था।

## आदर्श सांसद गाँव नागेपुर में जैव उर्वरक प्रोत्साहन हेतु कृषक संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण वाराणसी**

वाराणसी/मिजार्मुराद।संभागीय कृषि परीक्षण एवं प्रदर्शन केन्द्र वाराणसी उप कृषि निदेशक शोध द्वारा राज्य योजनांतर्गत संचालित जैव उर्वरक प्रोत्साहन अभियान के अंतर्गत सांसद आदर्श गांव नागेपुर स्थित पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केन्द्र में गुरुवार को एक दिवसीय कृषक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता सेवानिवृत्त सहायक विकास अधिकारी श्रीराम ने की व संचालन सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता ने किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि आराजीलाईन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डा. महेंद्र सिंह पटेल तथा विशिष्ट अतिथि आराजी लाईन ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष मुकेश पटेल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलंकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संगोष्ठी में कृषि विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर के वैज्ञानिक अमितेश सिंह ने कहा कि भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने तथा रासायनिक उर्वरकों की उपयोग क्षमता बढ़ाने के लिए कार्बनिक खादों तथा जीवाणु टीकों का किसानों को अवश्य प्रयोग करना चाहिए। इससे नाइट्रोजन उर्वरकों की आंशिक तथा फास्फोरस पोटाश व अन्य पोषक तत्वों की शत-प्रतिशत बचत की जा सकती हैं। इससे कृषि लागत घटेगी, भूमि में जैविक कार्बन बढ़ेगा, लाभकारी जीवाणु बढ़ेंगे व पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा।कृषि विशेषज्ञ श्रीराम ने कहा कि जैव उर्वरकों को ही जीवाणु टीका के नाम से जाना जाता है। दलहनी फसलों में राइजोबियम तथा अनाज वाली फसलों को रायजोटीका लगाने से 15 से 20 फीसद पैदावार बढ़ जाती है। कृषि विशेषज्ञ भागवत प्रसाद ने किसानों को जैव उर्वरकों का प्रयोग करने की विधि विस्तार से बताई। उन्होंने कहा कि ऐजेटो वैक्टर तथा फास्फोटीका व पोटाश जैव उर्वरक से बीज उपचार करने के लिए दो कप पानी में 50 ग्राम गुड़ खोलकर उसमें जीवाणु टीका मिलाकर बीज बोने से पहले मिलाएं। थोड़ी देर छाया में सुखाकर बिजाई कर दें। पशु चिकित्सा अधिकारी ललिता शर्मा द्वारा स्टाल लगाकर पशुपालकों को पशुओं की दवा निःशुल्क वितरित किया। अतिथियों का स्वागत उप कृषि निदेशक शोध अशोक उपाध्याय वरिष्ठ व प्राविधिक सहायक ओम प्रकाश सिंह ने किया।

इस दौरान अशोक उपाध्याय, पीएनबी कृषक प्रशिक्षण केंद्र निदेशक आशुतोष सिंह, ललिता शर्मा, डा. अमितेश सिंह, डा. श्री प्रकाश सिंह, डा. विनोद कुमार, महेश सिंह, चन्द्र प्रकाश उपाध्याय, सुनिल कुमार, किसान माता प्रसाद, चुन्नीलाल, भागवत प्रसाद, विवेक पांडेय, राजकुमार गुप्ता, विवेक पटेल सहित सैकड़ों किसान गोष्ठी में मौजूद रहे।

## विशाखापटनम ने स्वच्छ दिवाली के लिए कमर कसी

कचरा मुक्त शहर के लक्ष्य को प्राप्त करने और दिवाली उत्सव को स्वच्छ और पर्यावरण-अनुकूल मानने की दिशा में, यह जरूरी है कि न केवल नागरिक, बल्कि शहर के व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी अपनी भूमिका निभाने के लिए आगे आएं। होटल, रेस्तरां, छोटे भोजनालयों और अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों जैसे थोक अपशिष्ट प्रदाता, जो बड़े पैमाने पर स्वच्छता सुनिश्चित करने में सक्रिय और दिशा को बदल देने वाले प्रयास कर सकते हैं, की बड़ी भूमिका है। ये वे संस्थाएं हैं जो प्रतिदिन 100 किलोग्राम से अधिक ठोस कचरा उत्पन्न करती हैं। इसे अपना मुद्दा बनाते हुए, आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम ने इको-वाईजैग नामक एक पहल शुरू की है, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता और स्थिर विकास के मामले में विशाखापत्तनम शहर को एक प्रतिष्ठित शहर के रूप में आगे बढ़ाना है, जिसमें पांच प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है, जैसे कि इको-स्वच्छः प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के साथ स्वच्छ परिवेश, इको-ग्रीनः शहरी हरियाली, सामुदायिक बागवानी, घरेलू खाद, इको-ब्लूः वर्षा जल संचयन, स्वच्छ समुद्र तट, जल संरक्षण, इको-जीरो प्लास्टिकः पर्यावरण अनुकूल विकल्प, प्लास्टिक का पुनर्चक्रण, इको- शून्य प्रदूषणः प्रदूषण नियंत्रण।

अभियान के तहत, प्रवर्तन टीमों का गठन किया गया है, जिनका काम होटल और रेस्तरां सहित व्यवसायों पर निगरानी रखना है, साथ ही वैकल्पिक पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों (कागज, स्टील, कांच, आदि) को बढ़ावा देना और एकल-उपयोग प्लास्टिक के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाना है। इन प्रतिष्ठानों का मूल्यांकन विभिन्न मापदंडों पर किया जाएगा जैसे एकल-उपयोग प्लास्टिक और पीईटी बोतलों का उपयोग न करना, दो कूड़ेदान का होना, ठोस अपशिष्ट का स्त्रोत पृथक्करण, भोजन परोसने/पैकिंग के लिए एल्यूमीनियम फॉइल का उपयोग नहीं करना, इको-वाईजैग अभियान से संबंधित जागरूकता का प्रदर्शन लकड़ी, स्टील या कांच आदि से बनी कटलरी का उपयोग। मानदंडों को पूरा करने वाले होटल और रेस्तरां को स्वच्छ और हरित वाईजैग में योगदान के लिए ग्रेटर विशाखापत्तनम नगर निगम द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। नोवोटेल वरुण बीच, रेडिसन ब्लू रिजॉर्ट, वेलकम होटल डेवी ग्रांड बे, द गेटवे होटल, डॉल्फिन होटल्स प्राइवेट लिमिटेड, शेरेटन द्वारा फोर पॉइंट्स, मैरियट द्वारा फेयरफील्ड और द पार्केयर, उन संस्थानों में से हैं जिन्हें पर्यावरणीय उपायों को बढ़ाने में उनके प्रयासों के आधार पर, उनके पर्यावरण-अनुकूल तरीकों और इको- वाईजैग कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए प्रमाणित किया गया है।

# धनबाद में आयुष फाउंडेशन और रोटी बैंक यूथ क्लब के द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

धनबादः- आयुष फाउंडेशन धनबाद और रोटी बैंक यूथ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आज बेकारबांध स्थित एप्पल रेस्टुरेंट में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में प्रिंट मीडिया और ऑनलाइन पोर्टल के करीब 50 पत्रकारों को मोमेंटो और आर्टिस्ट गणेश शर्मा द्वारा बनाया गया गणेश जी की सेंड पेंटिंग तोहफे के तौर पर दी गई। सभी के लिए दोपहर के भोजन का भी प्रबंध था । सभी पत्रकार बंधुओं के साथ आयुष फाउंडेशन धनबाद की सचिव अर्पिता अग्रवाल,संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा ,श्यामली पांडे,गीता दास, उमा,तनीषा कुमारी रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, ऋषभ ,अमन,मंटू सिंह.... आदि मौजूद थे।



## भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जप्त किया गया

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने 1536 बोतल अंग्रेजी शराब जप्त कर मामला दर्ज किया है।इस बाबत बताया गया कि मिली गुप्त सूचना पर बिष्णुगढ़ पुलिस ने छापेमारी की गई। जिसमें मडमो डुमरियाटांड़ से सफेद रंग की बोलेरो पिकअप वाहन में बैगन एवं बन्धागोभी की आड़ में शराब तस्कर छुपा कर 28 कार्टून रॉयल चैलेंज एवं 36 कार्टून रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब बिहार कि ओर खपाने कर रहे थे , जिसको पुलिस के द्वारा जप्त किया गया है।इस संबंध में विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 268/2023 धारा 414,272, 273,290,420,467,468,भादवी एव 47 (a)उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया।छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, सहित अन्य पुलिस कर्मि शामिल थे।



## पुत्र की मौत के सदमें से पिता ने भी तोड़ा दम एक साथ उठी पिता और पुत्र की अर्थी

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)9 नवंबर 2023 :- गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र में हृदय विदारक घटना हुई है एक साथ दो लोगों की मौत होने से पूरा क्षेत्र सदमे में है । बताया जाता है कि लापता पुत्र की मौत होने की जानकारी मिलते ही पिता को सदमा लगा और उसकी जान भी चली गई , मिली जानकारी के मुताबिक बिरनी थाना क्षेत्र के चीता खारो में यह हृदय विदारक घटना हुई है , घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है बताया जाता है कि चीता खारो का युवक संजय सिंह मंगलवार से लापता था परिजनों के द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही थी दूसरे दिन बुधवार को भी परिजन संजय की खोजबीन के लिए निकले थे लापता युवक के पिता वासुदेव सिंह 70 वर्ष भी बेटे को ढूंढने के लिए निकले हुए थे इसी बीच बेटे की मौत की सूचना उन्हें मिली बेटे के मौत का सदमा पिता बर्दाश्त नहीं कर पाए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई संजय सिंह का शव जंगल में एक पेड़ पर लटका मिला था वहीं घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही है कोई इसे आत्महत्या बता रहा है तो कोई हत्या की बात कर रहा है एक साथ निकली पिता और पुत्र की अर्थी पिता और पुत्र की मौत के बाद परिवार के साथ पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है । घटना के विषय में जिसने सुना सभी ने अफसोस जताया और आंखों के आंसू छलक गए।



## ग्राम विकास में वार्ड सदस्यों का यहम योगदान - वीडियो

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 9 नवंबर 2023 :- बिष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में 24 पंचायतों के मुखिया एवं वार्ड सदस्य सम्बंधित पंचायतों के सचिव की बैठक कि गई । बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अविनाश कुमार ने जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी पंचायत या ग्राम में विकास को गति देने के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का यहम योगदान होता है , गांव में जिस भी तरह के योजनाएं ली जाती है वह ग्राम सभा से पारित होकर ही लिए जाने का विधान है अगर जनप्रतिनिधि उचित प्रस्ताव लें तो सरकार के पैसे को सही जगह लगाकर अपने गांव में चहूमुखी विकास कर सकते हैं , तथा जो उचित लाभुक हैं उन तक योजनाओं का लाभ पहुंच सकता है वह चाहे मनरेगा योजना हो अथवा अबुआ आवास या सरकार से दिए गए प्रदत राशियों के बंटवारे का लाभ हो बिष्णुगढ़ वीडियो ने स्पष्ट शब्दों में लोगों से कहा कि कोई अंतिम व्यक्ति नहीं छूटे जिससे समाज एवं जनप्रतिनिधि और सरकार की बदनामी हो आपके उचित फैसला के साथ मैं हर संभव रहूंगा । बैठक में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं पंचायती राज पदाधिकारी और सभी पंचायत से मुखिया वार्ड सदस्य पंचायत सचिव शामिल थे।

## बेटी के जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंद के बीच कंबल का वितरण

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

तिसरा। बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के नेता सुरेंद्र पासवान की बेटी अनुप्रिया के जन्मदिन के अवसर पर संगठन की ओर से प्रबंधन के साथ मिलकर जरूरतमंद 50 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मुख्य रूप से प्रबंधन की ओर से के एन जयसवाल और बी सी के यू के केंद्रीय नेता सुरेश प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे उन्होंने कहा कि ठंड शुरू हो रहा है और शुरूआत की ठंड लगने की संभावना रहती है इसलिए जिन लोगों के पास कंबल नहीं है उनको कंबल दिया जा रहा है ठंड के कारण किसी की जान न चली जाए। मजदूर के साथ-साथ संगठन सामाजिक कार्य में भी बाढ़ चढ कर हिस्सा लेती है मौके पर कुंदन पासवान प्रजा पासवान दिनेश कुमार प्रदीप पासवान विक्की पासवान नौशाद अंसारी गीता देवी शुरेस भुइयां, नरेश राजकुमार रूबी देवी बसंती देवी गुड्डू रवानी आदि लोग थे।

# मेहनतकशों की दावेदारी से ही अधिकार मिलना सम्भव - माले

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 9 नवम्बर 2023 :- सदर प्रखंड के खावा पंचायत से आम जनता के साथ एक जन संवाद कार्यक्रम की शुरूआत भाकपा माले ने की। इसकी अगुवाई करते हुए मनोज यादव, कुलदेव मंडल, सिकंदर दास, बालेश्वर यादव, कैलाश मंडल आदि ने स्थानीय सवालों पर पार्टी की अगुवाई में संघर्ष तेज करने की जरूरत बताते हुए लोगों से पंचायत के सभी गांवों में माले को मजबूत करने का आह्वान किया। कहा कि, भाकपा माले ही एकमात्र जनता का हितैषी संगठन है, इसे पंचायत के सभी गांवों में मजबूत करना है।
वहीं, कार्यक्रम में मौजूद पार्टी नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, राजनीति में मेहनतकशों की दावेदारी के बिना उन्हें उनका हक कभी नहीं मिल सकता। मोदी सरकार ने देश की जनता को बेहाल कर दिया है।
देश के गरीब आज भी रोटी, कपड़ा और मकान की बुनियादी जरूरत पूरी नहीं कर पा रहे, जबकि सरकार आम जनता के पैसे से पूंजीपतियों की सेवादारी में लगी हुई है। 2022 तक सबों को पक्का मकान देने सहित लोगों के लिए 'अच्छे दिन' लाने की मोदी सरकार की बात अब हवा हो चुकी है।
उन्होंने जन संवाद में जनता द्वारा उठाए गए सभी सवालों पर संघर्ष तेज करने की बात कही। साथ ही, लोगों से पंचायत के सभी गांव-टोलों में संगठन मजबूती के लिए पार्टी का सदस्य बनने की अपील की। श्री यादव की अपील पर कई लोगों ने भाकपा माले में शामिल होने के लिए सदस्यता की शपथ ली।
पार्टी के नए एवं पुराने सदस्यों को लेकर पंचायत स्तरीय तैयारी समिति का गठन कर बालेश्वर यादव को पंचायत कमिटी का प्रभारी चुना गया। नई कमिटी ने पंचायत के सभी गांव/टोलों में पार्टी तथा जन संगठन का सदस्यता अभियान चलाने का ऐलान किया।
'जन संवाद कार्यक्रम' के जरिए पार्टी की गठित पंचायत कमिटी में बालेश्वर यादव, कैलाश मंडल, लालजीत दास, भोला दास, सिकंदर दास, दीपक दास, दिनेश यादव, कुलदेव मंडल, मनोज यादव, शफीक अंसारी, नारायण कोल, सुनील यादव, रामजी मंडल, सुरेश राय, बिरजू यादव, महावीर दास आदि शामिल किए गए जबकि मौके पर मुख्य रूप से रियाज अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, सोबराती अंसारी, पंकज वर्मा, दीपक वर्मा, सूरज यादव, सुरेंद्र यादव, अजय यादव एवं अन्य थे।




## संत मैथ्यूज हाई स्कूल राजगंज में दीपोत्सव कला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ सम्पन - 300 छात्र छात्राओं ने लिया भाग।

**दैनिक समाज जागरण रामलाल मुर्मू संवाददाता बाघमारा**

राजगंजः राजगंज थाना क्षेत्र संत मैथ्यूज हाई स्कूल में गुरुवार को दीपोत्सव कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यालय के तीन सो छात्र छात्राओं ने भाग लिया, इस प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं को चार भागों मे बांटा गया ग्रुप अ - कक्षा नर्सरी से कक्षा के. जी - '' तक का विषय है कागज में दीपो के चित्रों में रंग भरे, ग्रुप बी-कक्षा एक से कक्षा तीन तक का विषय है दिपावली के शुभ अवसर ग्रिंटिंग कार्ड बनाए। ग्रुप सी कक्षा चार से कक्षा छः तक का विषय है दिया डिकॉर्टींग प्रतियोगिता,ग्रुप डी -कक्षा सात से कक्षा दस के विद्यार्थी है, छात्र का विषय पोस्टर बनाए सामाजिक जागरूकता के ऊपर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , जल ही जीवन है नारी शक्ति, पर्यावरण बचाएं आदि। जिसमे बच्चो ने अपने भावनाओं को कला के माध्यम से प्रकट किया है, जिसमे दूसरे चरण में चारो ग्रुप के सफल छात्र छात्राओं को आने वाले शनिवार को स्कूल परिसर में प्रमाण पत्र से समन्नित किया जाएगा।



## रेल एसपी धनबाद ने कतरास जीआरपी थाना का किया निरीक्षण।

**दैनिक समाज जागरण, राजेंद्र मिश्र , ब्यूरोचीफ , उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, झारखंड।**

धनबाद (झारखंड) 9 नवंबर 2023:- धनबाद रेल एसपी मनोज स्वर्गियारी ने कतरास जीआरपी थाना का निरीक्षण किया. कतरास रेल थाना प्रभारी नवीन कुमार रजक ने रेल एसपी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया.रेल एसपी ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक निर्देश देते हुए रेल यात्रियों की विशेष सुविधा पर ध्यान रखना का निर्देश दिया. रेल डीएसपी संजीव कुमार बेसरा भी उपस्थित थे.



## पटमदा मे आदिवासी भूमिज-मुंडा समाज ने निकाली विशाल रैली, हजारों लोगों ने प्रखंड मुख्यालय में किया प्रदर्शन

**नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा**

पटमदा : आदिम भूमिज मुंडा श्मशान रक्षा समिति व आदिवासी भूमिज मुंडा युवा एकता मंच के बैनर तले गुरुवार को पटमदा के लावा निताई सिंह मैदान में एक जनसभा का आयोजन किया गया। सभा में छोटी-बड़ी वाहनों में सवार होकर पटमदा, बोड़ाम, चांडिल, नीमडीह, रांची, चाईबासा, जमशेदपुर, घाटशिला व गालूडीह क्षेत्र से आए हजारों की संख्या में पुरुष व महिलाएं साथ शामिल हुए। सभा का शुभारंभ बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। समाज की सांस्कृतिक पहचान एवं धरोहर को बचाने के लिए समाज के लोगों द्वारा प्रदर्शन किया गया। साथ ही समाज हित में कई मुद्दों पर चर्चा भी की गई। सभा के पश्चात हजारों लोग पारंपरिक हथियारों के साथ जुलूस की शक्ल में पटमदा प्रखंड कार्यालय परिसर पहुंचे। इसके बाद शरत सिंह सरदार, अमर सिंह सरदार व भक्तरंजन भूमिज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज को केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नाम बीडीओ को अलग-अलग पांच सूत्री मांगपत्र सौंपा।
कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। रैली में काफी भीड़ होने की वजह से टाटा-पटमदा मुख्य सड़क में कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बनी रही। रैली का संयुक्त नेतृत्व राम दुर्लभ सिंह मुंडा, जितेंद्र मुंडा, रामलाल मुंडा, असित सिंह सरदार, गिरीजा प्रसाद सिंह सरदार, रविन्द्र सिंह सरदार, दिनकर कच्छप, महिन सरदार, नंदलाल भूमिज व श्रवण सिंह आदि ने किया।
भूमिज मुंडा समाज की मांगें :
1. पटमदा प्रखंड के मौजा लावा, खाता नंबर 308, प्लॉट नंबर 1939, 1940 रकवा 11.39 एकड़ जो समाज की श्मशान भूमि एवं सांस्कृतिक पहचान है। 1964 के रिविजनल सर्वे सेटलमेंट में अनाबाद बिहार/झारखंड सरकार खतियान में दशार्या गया है। जिसे खारिज कर 1908 के सर्वे सेटलमेंट पुराना खाता नंबर 04, प्लॉट नंबर 855, किस्म जमीन श्मशान, रकवा 11.40 अनुरूप यथावत रहने दिया जाय।
2. श्मशान भूमि पर अंचलाधिकारी पटमदा द्वारा सरकारी योजनाएं जैसे स्टेडियम निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है, जिसे बदलकर अन्यत्र बनाया जाय, ताकि श्मशान भूमि को अतिक्रमण से बचाया जा सके।
3. सांस्कृतिक पहचान श्मशान, जाहेरथान देवस्थल को सुरक्षित एवं मयार्दा को बचाएं रखने के लिए चहारदीवारी का निर्माण कराया जाय।
4. लावा का ग्राम प्रधान बृंदावन दास जो गैर आदिवासी है जिसे आदिवासी समाज की परंपरा, रीति रिवाज, सांस्कृतिक पहचान के बारे में कोई जानकारी नहीं है, उन्हें पदमुक्त कराया जाय एवं ग्रामसभा का आयोजन कर पारंपरिक ग्राम प्रधान बहाल किया जाय।
5. आदिवासी भूमिज मुंडा समाज के रैयत जमीन गैरकानूनी ढंग से हस्तांतरित जमीन को सीएनटी एक्ट 1908 के तहत वापस किया जाय।
पटमदा अंचल के मौजा नेंगजुड़ी में आदिवासी सत्य सिंह एवं शिवनाथ सिंह का जमीन कानून का उल्लंघन कर हड़पने का प्रयास किया गया जबकि यह जमीन उनके दखल में है।



# टुण्डी के नया प्राथमिक विद्यालय सोहनाद के पारा शिक्षक दीलराम पाण्डेय की विदाई सह सम्मान समारोह।

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड) :- जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत कोलहर पंचायत के बोर्ड मिडिल स्कूल मंझीलाडीह संकुल के अधीनस्थ प्राथमिक विद्यालय सोहनाद के सहायक अध्यापक दिलराम पांडे को संकुल के शिक्षकों ने सेवा निवृत्ति के पश्चात गत बुधवार को भावपूर्ण विदाई दी । उक्त अवसर पर बोर्ड मध्य विद्यालय झिलाडीह के सेवानिवृत प्रधानाध्यापक श्रीमान बासुकी नाथ पाण्डेय बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक कभी सेवा मुक्त नहीं होते , वे जीवनपर्यंत समाज को शिक्षा रूपी दीप से प्रकाशित करते रहते हैं । ये प्रसन्न चित्त, सरल, सहज, मृदुभाषी, सौम्य स्वभाव छात्र /छात्राओं समेत सभी के प्रति स्नेहशील व्यवहार हमसभी को आकर्षित करती है । आज के विदाई समारोह में सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया एवम् विद्यालय परिवार की ओर से एक मान पत्र संथालडीह के प्रधान शिक्षक मथुरा मंडल के द्वारा पढ़कर समर्पित किया गया। विदाई बेला में विभिन्न वक्ताओं ने इनके कार्यकाल की मुक्त कंठ से सराहना की। सेवा निवृत्ति के बाद भी विद्यालय को उनके अनुभवों का लाभ मिलता रहेगा । ग्रामीणों को इनसे काफी अपेक्षाएं है । इस विदाई समारोह में श्री पाण्डेय को शिक्षकों की ओर से माल्यार्पण एवम् शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया । इसके अलावा कई शिक्षको ने भिन्न-भिन्न प्रकार के उपहार देकर सम्मानित किया । इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सेवानिवृत प्रधानाध्यापक श्री वासुकी नाथ पाण्डेय, वरिष्ठ बीआरपी मनोज कुम्भकार, सेवानिवृत सीआरपी नयन रंजन सिन्हा, हरिमोहन मुखर्जी, सेवानिवृत शिक्षक लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, किशोरी पाण्डेय, कामाख्या नारायण मिश्र, नवीन चंद्र सिंह , दीपक कुमार पाण्डेय, अरमान पाण्डेय, नप्रावि के प्रधान शिक्षक रामेश्वर मंडल, संचालन रंजीत कुमार सिंह , पंकज कुमार , गिरीश चन्द्र साव, जयप्रकाश सिंह , आजसू कार्यकारी अध्यक्ष सोनू मंडल , रामविलास तिवारी एवं महेन्द्र मंडल, टेकलाल मंडल जयप्रकाश सिंह, वार्ड सदस्य गौतम पाण्डेय कुलदीप पांडे ,लक्ष्मण प्रसाद राय एवम विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यगण उपस्थित थे ।



## हाथियों के उतपात से कई किसानों का फसल बर्बाद

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 9 नवम्बर 2023:- बगोदर प्रखंड अंतर्गत दोनदलो पंचायत में दिखा हाथियों का आतंक जिसमें किसानों के फसल आलू , धान , नारियल का पेड़ , ईख की खेती बर्बाद कर दिया, तथा सूर्य मंदिर अखरा का चारदीवारी को तोड़कर बर्बाद कर दिया गया । साथ ही साथ खलियान में रखे ड्राम को भी कुचलकर नष्ट कर दिया,
सूचना पाकर निरीक्षण करने पहुंचे मुखिया तुलसी महतो वन विभाग से मुआवजा की मांग किए । मौके पर उपस्थित सुनील कुमार संजय कुमार छोटेलाल महतो अनिल कुमार और अन्य ग्रामीण साथ थे।

## धनबाद में पत्रकार सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**दैनिक समाज जागरण राजेंद्र मिश्र, ब्यूरोचीफ प्रमंडल**

धनबाद (झारखंड) 9 नवंबर 2023:- आयुष फाउंडेशन धनबाद और रोटी बैंक यूथ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में आज धनबाद जिले के बेकारबांध स्थित एप्पल रेस्टुरेंट में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में प्रिंट मीडिया और ऑनलाइन पोर्टल के करीब 50 पत्रकारों को मोमेंटो और आर्टिस्ट गणेश शर्मा द्वारा बनाया गया गणेश जी की सेंड पेंटिंग तोहफे के तौर पर दी गई। सभी के लिए दोपहर के भोजन का भी प्रबंध था । सभी पत्रकार बंधुओं के साथ आयुष फाउंडेशन धनबाद की सचिव अर्पिता अग्रवाल,संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा ,श्यामली पांडे,गीता दास, उमा,तनीषा कुमारी रोटी बैंक यूथ क्लब के अध्यक्ष रवि शेखर, ऋषभ ,अमन,मंटू सिंह.... आदि मौजूद थे।

## पहाड़पुर पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया, शाखा- बोड़ाम की ओर से कैंप आयोजित

**नंदा रजक दैनिक समाज जागरण प्रखण्ड संवाददाता पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत पहाड़पुर पंचायत भवन में बैंक आफ इंडिया शाखा बोड़ाम की ओर से मुखिया अजब सिंह के पहल पर पहाड़पुर पंचायत के सभी ग्राम वासियों सभी किसान बन्धुओं के लिए एक कृषि ऋण संबंधित कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सभी किसान को लोन प्रशिक्षण जैसे सुकन्या समृद्धि योजना , किशन लोन, मुद्रा लोन, शिशु लोन, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, जीवन ज्योति योजना, केसीसी लोन एवं इडक स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा भी प्रशिक्षण दिया गया। मुखिया ने कहा पहाड़पुर पंचायत में हरियाली लाऐंगे ।हर घर केसीसी लोन पहुंचाने का काम करेगें

# शहीद मणींद्र नाथ मंडल चौक धनबाद को 2,100 सौ दिया से शहीद के नाम किया

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

भारतीय प्रजापति हीरोज अगेनाईजेशन, झारखण्ड प्रदेश के तहत समाज के लुप्त हो रही संस्कृति को बढ़ावा देने के तहत झारखण्ड सुंडी समाज, झारखण्ड के समर्थन से स्वदेशी अपनायें- विदेशी हटाओ के तहत कुम्हार का बना हुआ दिया शहीद के नाम कर लोगो को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम किया गया।
जहां मोके भारतीय प्रजापति हीरोज अगेनाईजेशन कुंभकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश कुमार, पूर्व मुखिया राम पद कुंभकार, दुर्गा चरण पंडित, अरुण कुंभकार, महादेव कुंभकार, कैलाश पंडित, जितेंद्र कुंभकार, डॉ हरदेव प्रसाद, यू पी कुंभकार, सुंडी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल, केंद्रीय संगरक्षिका रेखा मंडल, डोरा मंडल ज़िला अध्यक्ष प्रफुल मंडल, ह्यूमैनिटी हेल्पिंग हैंड्स के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल, आकाश मंडल ,राजेश मंडल एवं अन्य मोजूद थे।

## समाजसेवी स्वर्गीय महेश पॉल की पुण्यतिथि पर "समर्पण एक नेक पहल" संस्था ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

निरसा -- निरसा स्वास्थ्य केंद्र में समर्पण एक नेक पहल के बैनर तले समाजसेवी महेश पाल की पहली पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उदघाटन पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने फीता काटकर किया, शिविर में समाजसेवी महेश पाल की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया, रक्तदान शिविर में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया मौके पर संस्था के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान, निरसा इकाई अध्यक्ष श्रवण कुमार दास, उपाध्यक्ष अरूप मुखर्जी, प्रवक्ता अरीजीत भट्टाचार्य, संरक्षक मनोज मंडल, एम.पी.एल ओपी प्रभारी सुभाष चंद्र शर्मा, निरसा सब इंस्पेक्टर मानस कुमार साधु, सक्रिय सदस्य ममता बरनवाल, सुजीत मोदी,राजेश गुप्ता,उज्जवल गोस्वामी, मीडिया प्रभारी राजू सिंह, पप्पू केवट, विद्या सागर मोदी, नटवरलाल शर्मा, पप्पू मंडल धर्मेन्द्र चौहान, दीपक मिश्रा, मनजीत तीवारी, सुमिता मोदी पी.एम.सी.एच ब्लड बैंक से गुणाधर पंडित, संजीव तुरी, शंभू साहनी, बबलू तथा अन्य साथियों ने आयोजन में अपनी भागीदारी दिए ।

## झामुमो कि सदस्यता विस्तार के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 9 नवम्बर 2023 :- झामुमो केंद्रीय कमिटी एवं जिला कमिटी के निदेर्शानुसार सदस्यता बनाने पंचायत कमिटी का गठन करने व वर्ग संगठन का गठन/विस्तार करने को लेकर बिरनी प्रखंड अंतर्गत तेतरिया सलैयडीह पंचायत के फतेहपुर गांव में प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी व संचालन राजू अंसारी ने किया।इस बैठक में जिला से पर्यवेक्षक के बतौर सुमन सिंह व अतिथि के रूप में झारखंड अनु०जाति मोर्चा के जिला सचिव संतोष कुमार एवं अल्पसंख्यक मोर्चा जिला उपाध्यक्ष असगर अंसारी,मुमताज अंसारी,झामुमो के वरिष्ट नेता जितेंद्र पासवान,मंजूर अंसारी,अमित सिन्हा,डॉक्टर असगर अंसारी,मुखिया प्रतिनिधि सह झारखंड युवा मोर्चा प्रखंड सचिव दीपक दास,झामुमो प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी सिन्हा,कोषाध्यक्ष रिजवी अंसारी,मुखिया इस्लाम अंसारी,सुरेश रविदास,सुमित कुमार,राजेश अजंता,राजेंद्र राम,संजय कुमार गुप्ता,सुनील यादव,बिरजू रविदास,फागू मांझी,मुबारक अंसारी,मुस्लिम अंसारी,अमित वर्मा,नूर मोहमद,कैलाश पांडेय, हनीफ सांय,तफजुल अंसारी समेत सैकड़ों लोगों उपस्थित थे।

## टुंडी बरवा अड्डा मार्ग में कटनिया तालाब के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति हुआ घायल

**दैनिक समाज जागरण कामाख्या नारायण मिश्र वरीय संवाददाता**

धनबाद (झारखंड)09नवंबर2023:- जिले के टुंडी प्रखंड अंतर्गत टुंडी बरवा अड्डा मार्ग पर आज प्रातः 8 बजे किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया ।मौका पाकर वाहन चालक भागने में सफल रहा ।बताया जाता है की घायल व्यक्ति मुनीडीह धनबाद का निवासी है ।वहां उपस्थित कुछ युवकों ने झारखंड ग्रामीण युवा संघ के अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर को सूचना दी ।सूचना पाकर विक्रम सिंह वीर ने घटना स्थल पर आकर टुंडी पुलिस को सूचना दी ।टुंडी पुलिस की सहायता से घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज हेतु एंबुलेंस बुलाकर पीएमसीएच धनबाद ले जाया गया । मौके पर विनीत सिंह, अजय रजवार, मंगरु रजक, बद्री रजवार, राहुल रजक के अलावे भारी संख्या में ग्रामीण युवा संघ के युवा साथी गण मौजूद थे ।

# एसटीएफ इंस्पेक्टर जयप्रकाश और टीम अमित की सक्रियता ने कानपुर में पकड़ा इनामी हिस्ट्रीशीटर

*– मामा की हत्या में आजीवन कारावास की सजा के बाद सालों पहले से फरार चल रहा था 50 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर राहुल सोनकर*

**सुनील बाजपेई**

कानपुर। अपराधियों के खिलाफ जारी प्रभावी कार्रवाई के क्रम में यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के एक और इनामी शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। इस्‍के लिए एसटीएफ के इंस्पेक्टर जयप्रकाश राय की अगुवाई में इसके पहले भी दर्जनों शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल की हवा खिला चुके सब इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी की एसटीएफ टीम ने सीसामऊ की थानाध्यक्ष हिमांशु चौधरी के साथ मिलकर जेके जूट मिल के पास छापा मार कर हत्या के मामले में सीसामऊ से फरार चल रहे और इसी मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए हिस्ट्रीशीटर अपराधी अभियुक्त राहुल उर्फ शेखर सोनकर पुत्र स्व. विशम्भर नाथ सोनकर निवासी द्वारिकापुरी थाना सीसामऊ, हाल पता प्रीतीनगर प्रभातपुरम डुडौली रोड थाना मडियाव लखनऊ को तमंचा और कारतूसों समेत मुखबिर की सटीक सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

50 हजार के इस इनामी हिस्ट्रीशीटर शातिर अपराधी राहुल सोनकर को एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ के जिन इंस्पेक्टर जय प्रकाश राय ,सब इंस्पेक्टर अमित कुमार तिवारी ,कानपुर में सीसामऊ के थानाध्यक्ष हिमांशु चौधरी, सफीगंज सीसामऊ के चौकी प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह, एसटीएम राम किशुन यादव विद्यासागर ,हेड कांस्टेबल गुलजार सिंह घनश्याम राय, दुर्गेश मणि त्रिपाठी, विमलेश यादव कांस्टेबल अवनीश कुमार मय,कानपुर में सीसामऊ के ही कांस्टेबल प्रिन्श कुमार, अनिल कुमार की टीम ने तमंचे और कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया । वह अपने मामा की हत्या में आजीवन कारावास की सजा पाने के बाद सालों से फरार चल रहा था।

# नगर के वार्ड 18 में भाजपा कार्यकताओं ने डॉक्टर चौधरी के पक्ष में किया घर घर जनसंपर्क



रायसेन। सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के पक्ष में नगर के सभी वार्डों में अलग-अलग टोलिया बनाकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों के घर-घर पहुंचकर आगामी 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील कर रहे हैं। गुरुवार को नगर के वार्ड क्रमांक 18 चोपड़ा मोहल्ला क्षेत्र में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की घर-घर अभियान के तहत भाजपा नेता धीरेंद्र सिंह कुशवाह, शैतान सिंह पवार, बृज बिहारी मिश्रा, गुलाबचंद, भुवनेश्वर कुशवाह, सहित भाजपा के अनेक कार्यकताओं ने वार्ड 18 में लोगों के घर-घर जाकर भाजपा का प्रचार करते हुए लोगों से वोट देने की अपील की वहीं दूसरी ओर भाजपा महिला कार्यकताओं ने भी नगर में कई वार्डों में पहुंचकर घर-घर जाकर लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की लोगों से अपील की इस समय भाजपा का नगर में तेज गति के साथ जनसंपर्क अभियान चल रहा है अभी तक नगर के सभी वार्डों में भाजपा के कार्यकर्ता लोगों के घर-घर पहुंच चुके हैं और भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर चौधरी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह लोगों से कर रहे हैं।

# सांची रोड पर ट्रक एवं ऑटो की जोरदार टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत, तीसरा व्यक्ति गंभीर घायल

*इस मार्ग पर सबसे ज्यादा घटित होती है सड़क दुर्घटनाएं, तेज गति से चलने वाले वाहनों पर हो कार्रवाई*

रायसेन। जिले के सांची थाना अंतर्गत गुरुवार की सुबह नौ बजे के लगभग सांची रोड स्थित काछी काना खेडा गांव के पास एक ट्रक एवं एक आटो की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई यह आमने-सामने की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटो में सवार तीन लोगों में से दो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया है जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है । जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक आरजे 46 जी ए 3773 भोपाल से विदिशा की ओर तेज रफ़्तार से जा रहा था सामने से आटो में तीन लोग किसी कंपनी के प्रचार का सामान लेकर जा रहे थे कि तेज रफ्तार ट्रक ने आटो में टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आटो सवार दो लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि एक को गंभीर अवस्था में विदिशा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां वह वेंटिलेटर पर रखा गया है जो जिंदगी और मौत की जुझ रहा है । आटो सवार तीन लोगों में चुन्नी लाल मालवीय निवासी विदिशा नावेद निवासी अलीगढ़ की मौत होना बताया गया है जबकि आलम निवासी अलीगढ़ उप्र गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिंदगी और मौत की लड़ाई लड रहा है । जानकारी मिलते ही सांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंची एवं मृतकों के शवों को सांची अस्पताल पहुंचाया गया तथा तीसरे को गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया जहां उपचार चल रहा है । सांची पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना शुरू कर दी है तथा ट्रक को जब्त कर लिया है । ज्ञात होगी ज्ञात होगी विदिशा से लेकर भोपाल तक ऐश सांची रोड पर हर कभी सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है इसका कारण इस मार्ग पर तेज गति के साथ वहां चल रहे हैं ईश्वर ना तो





क्षेत्र की पुलिस ध्यान दे पाती और ना ही जिला एवं पुलिस प्रशासन के बड़े अधिकारी और ना ही परिवहन अधिकारी इसी के चलते इस रूट पर ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं घटित होती हैं जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। देखना अब है कि जिला एवं पुलिस प्रशासन इस दिशा में तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले चालकों पर क्या कार्रवाई कर पता है या फिर इसी तरह से तेज गति के साथ इस रूट पर आवा गमन के साधन चलते रहेंगे आम जनता के अनुसार इस मार्ग पर तेज गति के साथ चलने वाले वाहनों पर प्रशासन को टॉयलेट करवाई करना चाहिए।

# कांग्रेस को आश ,इस बार समाप्त होगा बांधवगढ़ का बनवास

उमरिया। उमरिया जिले का बांधवगढ़ विधानसभा सीट जोकि कोयलांचल क्षेत्र से लगा हुआ है और इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका उमरिया, नगर परिषद चंदिया, नगर परिषद नौरोजाबाद सहित सैकड़ो गांव आते हैं और करकेली ब्लॉक के कई गांव इस विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हैं यह क्षेत्र कोयलांचल क्षेत्र से लगा हुआ है। परिसीमन के बाद 2008 में बांधवगढ़ विधानसभा का गठन हुआ और अनुसूचित जनजाति के लिए यह सीट आरक्षित हुआ 2008 से लेकर अभी तक इस विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी को ही विजय मिली है 2008 में भाजपा प्रत्याशी ज्ञान सिंह निर्वाचित हुए और 2009 के उपचुनाव में उनके पुत्र शिवनारायण सिंह निर्वाचित हुए, 2013 में भाजपा प्रत्याशी शिवनारायण सिंह एवं 2018 में भाजपा प्रत्याशी शिवनारायण सिंह ने जीत दर्ज की। भाजपा का घर रही इस सीट से पार्टी ने क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह को लगातार चौथी बार इस विधानसभा क्षेत्र पर भरोसा जताया है वहीं तमाम विरोधों के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने जिला पंचायत सदस्य सावित्री सिंह को मैदान में भेजा है , सावित्री सिंह पूर्व में उपचुनाव एवं 2013 में भी कांग्रेस की प्रत्याशी रही है । इस बार के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता



पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी में जमकर टक्कर दिखाई दे रहा है। जहां भारतीय जनता पार्टी इस बार भी विधानसभा क्षेत्र में कब्जा करने के लिए प्रयासरत है वहीं कांग्रेस पार्टी को आस है कि इस बार बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वनवास समाप्त हो जाएगा।विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिका उमरिया क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह, त्रिभुवन सिंह, राजेश शर्मा प्रचार प्रसार का प्रमुख जिम्मा उठाने हुए हैं तो वहीं भारतीय जनता पार्टी से संगठन के नेता मिथिलेश प्यासी, राकेश शर्मा ,शंभू लाल खट्टर दीपक छतवानी प्रयासरत हैं। सूत्रों की माने तो में सेक्टर प्रभारियों की घोषणा के बाद असंतोष की लहर भी देखने को मिली थी लेकिन बाद में यह असंतोष थम सा गया। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के नेता शतिलाल बैग को भाजपा में शामिल कराकर कांग्रेस पार्टी की नींद उड़ा दी है। वे नगर परिषद नवरोजाबाद में कांग्रेस के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी रहे और इस विधानसभा सीट से टिकट के प्रबल दावेदार भी रहे। वहीं कांग्रेस पार्टी से टिकट के प्रबल दावेदार और लंबे अरसे से चुनाव की तैयारी कर रहे बाल सिंह टेकाम भी गोंडवाना पार्टी से चुनाव लड़कर कांग्रेस पार्टी का समीकरण बिगाड़ रहे हैं ।हालांकि दोनों पार्टी के वरिष्ठ एकजुटता का राग अलाप रहे हैं। मतदान के बाद चुनाव परिणाम में जीत किसकी होगी और हार किसकी होगी यह तो परिणाम के बाद ही पता चलेगा लेकिन बांधवगढ़ विधानसभा सीट में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस की टक्कर देखने को मिल रही है और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी भी मुकाबला को त्रिकोणीय बनाने के लिए संघर्ष में जुटी हुई है।

# विधानसभा चुनाव के चलते जिले भर में चुनावी गतिविधियों ने पकड़ा जोर, भाजपा के आगे कांग्रेस पड़ रही कमजोर

**सीएल गौर, रायसेन**



रायसेन। आगामी 17 नवंबर को होने वाले मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते इस समय रायसेन जिले की चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा एवं कांग्रेस की ओर से चुनावी गतिविधियां जोर पकड़ती जा रही हैं, वर्तमान में स्थिति पर नजर डाली जाए तो जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का प्रचार प्रसार काफी जोर के साथ चल रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी प्रचार के मामले में कमजोर नजर आ रही है, सबसे ज्यादा कमजोर स्थिति सांची विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी गौतम की देखने में आ रही है, तथा भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के सामने कमजोर पड़ रहे हैं। अभी तक वह पूरे विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव नहीं पहुंच सके हैं कई गांव में उन्हें मतदाता पहचानने से इनकार कर रहे हैं, उन्हें मतदाताओं के सामने अपना परिचय बार बार देना पड़ रहा है। इसके अलावा कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता भी पूरी तरह से उनके साथ नहीं है बहुत ही कम कार्यकताओं के साथ कांग्रेस प्रत्याशी गौतम गांव में प्रचार करने जा पा रहे हैं। इधर सांची विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी प्रभु राम चौधरी के पास बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उनके साथ हैं और प्रचार प्रसार में भाजपा आगे चल रही है, प्रचार के मामले में कांग्रेस काफी बिछड़ते हुए दिखाई दे रही है।

### भोजपुर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पटवा को करना पड़ रहा विरोध का सामना,,,,

जिले की भोजपुर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा की ओर से चुनावी प्रचार प्रसार तो शुरू कर दिया गया है परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में श्री पटवा का विरोध हो रहा है, कई गांव में ग्रामीणों ने पटवा के खिलाफ नारेबाजी भी की है उनका कहना है कि क्षेत्र का विकास नहीं तो वोट नहीं, रोड नहीं तो वोट नहीं, इसके अलावा श्री पटवा के साथ बाहरी प्रत्याशी होने से ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता इस बार बदलाव चाह रहे हैं। भाई दूसरी तरफ देखा जाए तो कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल पूरी दमखम के साथ पार्टी का टिकट मिलते ही पूरे परिवार के साथ मैदान में डटे हुए हैं। इसके अलावा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भी उत्साहित होकर गांव-गांव मतदाताओं के घर वोट मांगने के लिए पहुंच रहे हैं, मृदु भाषी एवं मिलनसार छबि के धनी कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार पटेल को उसे क्षेत्र के मतदाताओं का भी समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण मतदाताओं की माने तो वह इस बार बदलाव के मूड में है इसी कारण कई गांव में भाजपा प्रत्याशी पटवा को मतदाताओं के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो कांग्रेस के प्रत्याशी राजकुमार पटेल क्षेत्र की सभी समाजों में एक अलग ही स्थान रखते हैं और सुख-दुख की घड़ी में भी वह सभी समाजों के कार्यक्रमों में पहुंचते हैं, यही कारण है कि उनकी लोकप्रियता इस समय पूरे भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में दिखाई दे रही है।

### उदयपुर सीट पर भाजपा के नरेंद्र और कांग्रेस के देवेंद्र के बीच कांटे की टक्कर,,,,

जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट की बात की जाए तो यहां भारतीय जनता पार्टी की ओर से नरेंद्र शिवाजी पटेल चुनावी मैदान में है वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी की ओर से वर्तमान विधायक देवेंद्र पटेल यहां से दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं। उदयपुर सीट पर फिलहाल की स्थिति में कांटे की टक्कर होना बताया जा रहा है हालांकि भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र शिवाजी पटेल के पक्ष में अभी तक के दिग्गज केंद्रीय नेताओं की सभाएं हो चुकी हैं जिससे भाजपा के पक्ष में माहौल दिखाई दे रहा है परंतु कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र पटेल भी इस क्षेत्र में लोकप्रिय विधायक के रूप में माने जाते हैं उन्हें भी ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा समर्थन मिल रहा है भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र शिवाजी पटेल के पक्ष में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा के बाद भाजपा की स्थिति बेहतर होते दिखाई दे रही है । इस क्षेत्र में नरेंद्र शिवाजी पटेल चुनाव प्रचार प्रसार की दृष्टि से कोई कमी नहीं रख रहे हैं पूरे विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव वह पहुंच रहे हैं।

### सिलवानी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस एवं भाजपा प्रत्याशी के बीच गजब का चुनावी घमासान,,,,

जिले की सिलवानी विधानसभा सीट की बात करें तो यहां से भारतीय जनता पार्टी की ओर से वर्तमान विधायक रामपाल सिंह पूरी दमखम के साथ चुनावी मैदान में डटे हैं, गांव गांव जाकर जनता के लोगों से अपने पक्ष में वोट देने का आग्रह कर रहे हैं । इसके अलावा उनकी टीम भी चुनाव प्रचार प्रसार में तेज गति के साथ लग गई है उनके पक्ष में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चुनावी सभा ले चुके हैं वहीं दूसरी तरफ देखा जाए तो इस क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल का चुनाव प्रचार प्रसार काफी लंबे समय से क्षेत्र में चल रहा है टिकट मिलने के पूर्व से ही उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संपर्क करना शुरू कर दिया था कांग्रेस के देवेंद्र पटेल का माहौल नामांकन रैली के बाद से इस क्षेत्र में ज्यादा दिखाई दे रहा है, वैसे भी यह विधानसभा सीट आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र माना जाता है, यहां 20 से 22 हजार के लगभग आदिवासी समाज के मतदाता हैं इसके अलावा लोधी समाज, रघुवंशी समाज, अल्पसंख्यक समाज, कुशवाहा समाज के मतदाता भी बड़ी संख्या में निवास करते हैं और इस समय इन समाजों में कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र पटेल की अच्छी छवि बताई जा रही है । सिलवानी विधानसभा क्षेत्र की आदिवासी समाज भी इस बार बदलाव के मूड में है आदिवासी वर्ग के बड़े-बड़े नेता भी कांग्रेस प्रत्याशी पटेल के साथ खुलकर हो गए हैं विधानसभा सीट पर कुल मिलाकर भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच चुनावी घमासान शुरू हो गया है, दोनों ही प्रत्याशी कोई किसी से कम नहीं आंक रहे हैं अब यह तो 17 नवंबर के मतदान होने के पश्चात रिजल्ट आने के बाद पता चलेगा कि सिलवानी सीट पर कौन की जीत होगी फिलहाल की दृष्टि में सिलवानी विधानसभा सीट जिले भर में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# भोजपुर क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पटवा के पक्ष में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने किया रोड शो, फिर किया जनसभा को संबोधित



रायसेन। जिले के भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा को जिताने के लिए अब केंद्र स्तर के बड़े नेताओं ने चुनावी सभाएं करना शुरू कर दिया है, इसी क्रम में गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप नगर में भाजपा प्रत्याशी पटवा के पक्ष में केंद्रीय और धन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रोड सोकर चुनावी माहौल बनाते हुए आम जनता के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया रोड शो के दौरान मंडीदीप नगर में केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया का औद्योगिक क्षेत्र की जनता ने पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया, जीप में सवार होकर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने नगर भ्रमण किया और मंडीदीप के लोगों का अभिवादन स्वीकार किया रोड शो के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता रोड शो के दौरान भाजपा और ज्योतिरादित्य सिंधिया के नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। रोड शो के पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया की चुनावी जनसभा आयोजित की गई जिसे संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भोजपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा जो की पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल जी पटवा के पुत्र है जय यह आम जनता के लिए सच्चे जन सेवक के रूप में कार्य करते आ रहे हैं आपने आशीर्वाद देकर फिर मध्य प्रदेश की विधानसभा में भेजें मैं विश्वास दिलाता हूं कि यह भोजपुर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखेंगे उन्होंने आम जनता के लोगों से श्री पटवा को भारी बहुमत के साथ जीतने की अपील की । इस अवसर पर जनसभा में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडीदीप नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल, रविंद्र विजय वर्गीय सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में जनता के लोग मौजूद रहे।

# बिना फौज की कैसी जंग, मानपुर का हाल

उमरिया। मानपुर विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस खेमे में अभी भी सस्पेंस बरकरार है प्रत्याशी क्षेत्र में सघन जनसंपर्क तो कर रहा है लेकिन पार्टी नेता कार्यकर्ता अभी भी नदारत हैं अगर यही हाल आगे भी बना रहा तो यह जंग कमजोर न पड़ जाए जबकि विपक्षी दल को मानपुर में अवसर अच्छा मिला है। लगातार दो दशक से हार का सामना करने के बाद भी एक साथ न होने से पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना भी पढ़ सकता है। किस विधानसभा क्षेत्र में टिकट वितरण के बाद कई खेमे अलग-अलग हो गए जिनके नेतृत्व में जिले का चुनाव लड़ा जाना है वह सब को एक मंच पर लाने का प्रयास तो कर रहे हैं लेकिन उनके समर्थक मानपुर से अधिक बांधवगढ़ विधानसभा में ध्यान दे रहे हैं। जबकि



अब विधानसभा चुनाव पूरे सभा पर है और ऐसे में कार्यकताओं में भारी उदासी वहीं इस बार के मानपुर विधानसभा चुनाव को लेकर सस्पेंस आम आदमी में भी बना हुआ है। हवा का रुख किस दिशा में है यह समझ से अभी भी परे है दोनों बड़े दलों में कमोबेश एक जैसी ही हालात बने हुए हैं कहीं फूल कमल को प्रभावित करने में लगा है तो कहीं पंजा का ताल में बन नहीं पा रहा दोनों दलों के अंदर खलबली मची हुई है। कार्यकर्ता कम मांग रहे हैं वह चाह रहे हैं कि समय से घर-घर दस्तक देने का है लेकिन उनकी कोई सुन नहीं रहा है। प्रत्याशी को सुबह से निकल जाते हैं और प्रचार के दौरान भी आधे से ज्यादा समय तक फोन में ही व्यस्त रहते हैं। बताया जाता है कि प्रत्याशी ही मैनेजमेंट का कार्य देख रहा है और वह किसी से मिल भी नहीं पा रहा जिससे कार्यकताओं में उत्साह की कमी आ रही है।

# विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए एडीजीपी शहडोल के नेतृत्व में किया गया फ्लैग मार्च

विधानसभा निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल शहडोल डी.सी. सागर, उप पुलिस महानिरीक्षक शहडोल सुश्री सविता सोहाने, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक एवं सशस्त्र सीमा बल (रस्इ) के असिस्टेंट कमांडेंट चेतराम नेगी के नेतृत्व में शहडोल जिले की जयसिंहनगर विधानसभा के संवेदनशील और वल्नरेबल मतदान केन्द्रों वाले गांवो में फ्लैग मार्च निकालते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया। थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कल्याणपुर, भुईबांध, पचगांव, मझगवां आदि स्थानों में फ्लैग मार्च किया गया। उक्त फ्लैग मार्च में सशस्त्र सीमा बल की कंपनियां एवं थाना का पुलिस बल शामिल रहा। शहडोल पुलिस एवं सशस्त्र सीमा बल (SSB) के द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपूर्ण मतदान का संदेश दिया गया। इसी प्रकार ब्यौहारी विधानसभा अंतर्गत थाना जयसिंहनगर के करकी, मसीरा, ठेंगरहा, कनाड़ीखुर्द, कुबरा आदि विधानसभा जैतपुर अंतर्गत थाना अमलाई के रामपुर, बटुरा, बिछिया , साबो, बकहो, झगरहा आदि स्थानों पर एसडीओपी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च करते हुए एरिया डोमीनेशन किया गया।

इस दौरान उपस्थित लोगों को अतिरिक्त पुलिस महानिदेषक शहडोल जोन एवं पुलिस अधीक्षक शहडोल द्वारा उश्क्क्क्छ एप के संबंध में जानकारी दी गई। एप को मोबाइल पर इंस्टाल कर एप में रजिस्ट्रेशन करने हेतु जानकारी दी गई। यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया में बाधा डालता है, तो उसकी फोटो, वीडियो और ऑडियो रिकार्ड कर इस एप पर पोस्ट कर सकते हैं। जिससे उश्क्क्क्छ के कंट्रोल रूम से फ्लाइंग स्कॉट आपके चुनाव संबंधी शिकायत की जांच के लिए रवाना होकर शिकायत पर समुचित वैधानिक कार्यवाही के लिए आपकी सेवा में हाजिर हो जायेगी। पुलिस प्रशासन और केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (CAPF) आपकी सुरक्षा में तैनात व मुस्तैद है। साथ ही अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने स्लोगनः ह्यह्यसंविधान का मैं हूँ नायक, मेरा वोट बने निर्णायक। से लोगों को वोट निर्भीकता से देने हेतु प्रेरित किया। शहडोल पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि दिनांक 17.11.2023 को निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

# केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की चुनावी जनसभा शुक्रवार को रायसेन में

रायसेन। सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के समर्थन में भारत सरकार के केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराज सिंधिया शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे रायसेन आ रहे हैं, वे यहां महामाया चौक पर विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंधिया की चुनावी सभा लेकर भाजपा नेता एवं कार्यकताओं ने व्यापक तैयारी की है। सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, नरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, सांची मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, भूपेंद्र सिंह वर्मा, जमना सेन, बृजेश चतुर्वेदी, कन्हैया लाल सूरमा , बबलू ठाकुर, अमन सक्सैना, बंटी माहेश्वरी, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, भैया लाल कुशवाहा, अनिल चौरसिया, दीपक पंड्या , देवेंद्र यादव, बृज बिहारी मिश्रा, राजेश पंथी, भुवनेश्वर कुशवाहा, अशोक सोनी, मनोज कुशवाहा, अखिलेश सोनी, कैलाश ठाकुर, अमित कटियार, अंशुल शर्मा, नूतन कुशवाहा, ऋषि मालवीय, जगदीश अहिरवार, कुंजीलाल अहिरवार सहित भाजपा के अनेक कार्यकताओं ने क्षेत्र की आम जनता के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में महामाया चौक पहुंचकर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया की चुनावी जनसभा को सफल बनाने अपील की है।

# स्वीप प्लान के तहत मतदाताओं को बताया जा रहा है मतदान का महत्व

रायसेन, 09 नवम्बर 2023 जिले में विधानसभा निर्वाचन-2023 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री अरविंद




दुबे के निदेर्शानुसार स्वीप प्लान के अंतर्गत सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में रायसेन नगर के वार्ड क्रमांक-14 में नगर पालिका परिषद द्वारा महिलाओं के सहयोग से मतदाता जागरूकता रंगोलियां बनाकर मतदाताओं को विधानसभा निर्वाचन में मतदान हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार रायसेन नगर के शासकीय प्राथमिक शाला शिकारपुरा में स्कूली छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर विधानसभा निर्वाचन में मतदान का संदेश दिया। उदयपुरा क्षेत्र के ग्राम केतोघान और छातेर में भी स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को विधानसभा निर्वाचन में मतदान हेतु प्रेरित किया गया।

# केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की चुनावी जनसभा शुक्रवार को रायसेन में

रायसेन। सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी के समर्थन में भारत सरकार के केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिराज सिंधिया शुक्रवार को दोपहर 1:00 बजे रायसेन आ रहे हैं, वे यहां महामाया चौक पर विशाल चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री सिंधिया की चुनावी सभा लेकर भाजपा नेता एवं कार्यकताओं ने व्यापक तैयारी की है। सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी, नरेंद्र सिंह कुशवाह, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, सांची मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष जीतू आदित्य शर्मा, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, भूपेंद्र सिंह वर्मा, जमना सेन, बृजेश चतुर्वेदी, कन्हैया लाल सूरमा , बबलू ठाकुर, अमन सक्सैना, बंटी माहेश्वरी, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, भैया लाल कुशवाहा, अनिल चौरसिया, दीपक पंड्या , देवेंद्र यादव, बृज बिहारी मिश्रा, राजेश पंथी, भुवनेश्वर कुशवाहा, अशोक सोनी, मनोज कुशवाहा, अखिलेश सोनी, कैलाश ठाकुर, अमित कटियार, अंशुल शर्मा, नूतन कुशवाहा, ऋषि मालवीय, जगदीश अहिरवार, कुंजीलाल अहिरवार सहित भाजपा के अनेक कार्यकताओं ने क्षेत्र की आम जनता के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में महामाया चौक पहुंचकर केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया की चुनावी जनसभा को सफल बनाने अपील की है।

# मजबूत निर्दलीय के चुनाव मैदान में उपस्थिति से भाजपा और कांग्रेस के लिए मुश्किल की स्थिति

**समाज जागरण ब्यूरो विजय तिवारी**

शहडोल। भले ही निर्दलीय किसी भी दल का हिस्सा नहीं होते हैं और ऐसे निर्दलीय भी शहडोल संभाग की अनेक सीटों में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी जीतने के बाद जनता को भरोसा दिला रहे हैं कि बेहतर काम करेंगे। निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने से प्रमुख राजनीतिक दलों भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के लिए मुश्किल की स्थिति पैदा हो रही है। शहडोल संभाग में ऐसे निर्दलीय प्रत्याशी ताल ठोक रहे हैं जो अपने आप में डाल होने का दम भर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस का खेल बिगाड़ भी सकते हैं। जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी से टिकट मांगा और उन्हें टिकट नहीं मिला जिससे वह नाराज होकर पार्टी लाइन से हटकर निर्दलीय रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। इनको लेकर दोनों दल हालांकि सतर्क भी हैं। शहडोल संभाग के अंतर्गत बांधवगढ़ विधानसभा सीट से बाल सिंह टेकाम ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से चुनाव लड़कर कांग्रेस पार्टी का समीकरण बिगाड़ दिया है वहीं आम आदमी पार्टी से मानपुर विधानसभा सीट से उषा कोल मैदान में उतरकर भाजपा प्रत्याशी मीना सिंह के लिए मुश्किलें खड़ी कर रही हैं। बाल सिंह टेकाम ने कांग्रेस से टिकट मांगी थी तो वहीं उषा भारतीय जनता पार्टी समर्थित अध्यक्ष नगर परिषद पाली से अध्यक्ष रह चुकी हैं। इसी तरह पुष्पराजगढ़ विधानसभा सीट से नर्मदा सिंह, जयसिंहनगर विधानसभा सीट से श्रीमती फूलमती सिंह, रमेश कोल भी निर्दलीय ताल ठोक रहे हैं। फूलमती जिला पंचायत शहडोल की उपाध्यक्ष है तो रमेश जनपद पंचायत सोहागपुर के अध्यक्ष रह चुके हैं। नर्मदा वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं और पूर्व में नगर परिषद अमरकंटक के अध्यक्ष रह चुके हैं।